RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 50
फरीदाबाद, सोमवार, 27 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



पंत को ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए : गांगुली

पेज - 12

# एलवीएम-3 रॉकेट ने गगनयान मिशन के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया : इसरो प्रमुख

एजेंसी। चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने एलवीएम-3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन के सफल प्रक्षेपण के साथ एक और उपलब्धि प्राप्त की। इसी तरह के रॉकेट का इस्तेमाल इंसान को अंतरिक्ष में पहुंचाने के महत्वकांक्षी गगनयान मिशन के लिए किया जाएगा। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने रविवार को बताया कि संगठन के अब तक के सबसे भारी एलवीएम-3 राकेट ने वनवेब के 36 उपग्रहों को रविवार को एक साथ सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया और इसमें एस200 मोटर लगी हैं, जो गगनयान मिशन में इस्तेमाल होने वाले प्रक्षेपक में लगी होंगी।

मिशन नियंत्रण केंद्र में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए सोमनाथ ने कहा, इस रॉकेट (एलवीएम-3) में एस-200 मोटर लगी हैं और इन्हें इस तरह से डिजाइन किया गया है ताकि जरूरत पड़ने पर क्षमता बढ़ाई जा सके और यह विशेषता गगनयान के अनुकूल है। हम प्रसन्न हैं कि इस मिशन में इसने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, इस रॉकेट में और सुधार किए जाएंगे ताकि मानव मिशन के लिए इसे अति उपयुक्त बनाया जा सके और प्रणाली को बेहतर किया जा सके। सोमनाथ ने



कहा, मैं गगनयान मिशन में हो रही प्रगति को देखकर बहुत खुश हूं। गौरतलब है कि गगनयान मिशन की परिकल्पना भारत की मानव दल को अंतरिक्ष में भेजने की क्षमता प्रदर्शित करने के लिए की गई है। इसके

**इसी तरह के रॉकेट का इस्तेमाल इंसान को अंतरिक्ष में पहुंचाने के महत्वकांक्षी गगनयान मिशन के लिए किया जाएगा**


तहत तीन दिन के मिशन में तीन अंतरिक्ष यात्री 400 किलोमीटर ऊंची कक्षा में जाएंगे और सुरक्षित वापस भारतीय जल सीमा में उतरेंगे। मिशन को अगले वर्ष की तीसरी तिमाही में अंजाम देने का लक्ष्य है। अंतरिक्ष विभाग में सचिव का पद संभाल रहे सोमनाथ ने केंद्र सरकार को समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। वनवेब के 36 सेटेलाइट्स फ्लोरिडा से 16 फरवरी को ही भारत आ गए थे। यह लॉन्चिंग अगर कामयाब होती है, तो वनवेब इंडिया-2 स्पेस में 600 से ज्यादा लोअर अर्थ ऑर्बिट सेटेलाइट्स के कान्स्टलेशन को पूरा कर लेगी। इससे दुनिया के हर कोने में स्पेस आधारित ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस मुहैया कराने की योजना में मदद मिलेगी। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है। इसकी ऊंचाई पृथ्वी के चारों ओर 1600 किमी से 2000 किमी के बीच है। इस ऑर्बिट में किसी ऑब्जेक्ट की गति 27 हजार किलोमीटर प्रति घंटा होती है।



## कोच्चि में इंडियन कोस्ट गार्ड का हेलिकॉप्टर ध्रुव क्रैश

**कोच्चि।** कोच्चि में इंडियन कोस्ट गार्ड का एडवांस्ड लाइट मार्क तीन हेलीकॉप्टर ध्रुव क्रैश हो गया। यह घटना तब हुई, जब कोस्ट गार्ड के पायलट हेलिकॉप्टर की ट्रेनिंग की तैयारी रहे थे। चॉपर करीब 25 फीट की ऊंचाई पर था, तभी वह क्रैश हो गया। घटना में तीन में से एक ट्रेनी घायल हो गया। इसके बाद सीआइएएल एयरपोर्ट पर रनवे को बंद कर दिया गया था।

## षष्ठम माता कात्यायनी



आज्ञा चक्र में ध्यान कर इनकी आराधना की जाती है। भय, रोग, शोक-संतापों से मुक्ति तथा मोक्ष की दात्री हैं।

मंत्र- 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं कात्यायनायै नमः।'

● विस्तृत सामग्री पेज-11

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 29.00°C
न्यूनतम 17.00°C

## क्विक न्यूज

### परीक्षार्थियों की संख्या का आंकलन करे आयोग : समिति

**नई दिल्ली।** कार्मिक एवं प्रशिक्षण मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने जोर देकर कहा है कि सिविल सेवा भर्ती की 15 महीने लंबी प्रक्रिया से उम्मीदवारों के महत्वपूर्ण साल जाया हो जाते हैं और इसके साथ ही उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। समिति ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को सिविल सेवा भर्ती प्रक्रिया की अवधि को कम करने के लिए कहा है। समिति ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में यूपीएससी से यह भी कहा है कि वे उन कारणों का पता लगाए, जिनकी वजह से सिविल सेवा की परीक्षा देने वाले अभ्यार्थियों की संख्या कम हो रही है।

### 40 करोड़ की ड्रग्स के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्पेशल सेल ने रविवार को तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में हेरोइन और अफीम बरामद की गई है। इंटरनेशनल मार्केट में इसकी कीमत 40 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि ड्रग्स मणिपुर से दिल्ली-एनसीआर लाया जा रहा था। खेप की कुछ मात्रा पंजाब और राजस्थान भी भेजी जाने वाली थी।

### बस-ऑयल टैंकर की टक्कर में 27 लोग घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रविवार को बस और ऑयल टैंकर की टक्कर में 27 पैसेंजर घायल हो गए। यह हादसा पुरबा मेदिनीपुर के हल्दिया मेचेड़ा स्टेट हाइवे में हुआ है। बस दीघा से कोलकाता जा रही थी। घायलों को तुरंत पास के मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां 12 पैसेंजर को छुट्टी दे दी गई। 15 घायलों का अभी भी इलाज किया जा रहा है।

### जंगल में बिजली गिरने से 350 बकरियों की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में शनिवार रात को बिजली गिरने से खट्टू खाल जंगल में 350 से ज्यादा बकरियों की मौत हो गई। यह घटना डुंडा ब्लॉक के करीब हुई, जब भारी बारिश और आंधी-तूफान के बीच भटवारी ब्लॉक के बारसू गांव के संजीव रावत अपने दोस्तों के साथ भेड़-बकरियों को ऋषिकेश से उत्तरकाशी ले जा रहे थे। इसी दौरान देवदार के पेड़ पर बिजली गिरने से करीब 350 जानवरों की मौत हो गई।

### मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद राज्य गृहमंत्री ने लिया फैसला

# शनिवार को लगने वाला जनता दरबार अब नहीं लगेगा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**प्रदेश** के गृहमंत्री अनिल विज ने अपने जनता दरबार को लेकर बड़ा फैसला किया है। अब वे केवल अपने गृह जिले के लोगों की समस्याएं जनता दरबार लगाकर सुना करेंगे। गृहमंत्री ने कहा, जो काम वह जनता दरबार में कर रहे थे, वह काम अब अधिकारी अपने कार्यालयों में रोज दो घंटे करेंगे। बता दें, सीएम मनोहर लाल खट्टर ने हाल ही में अधिकारियों को रोज दो घंटे जनता से रूबरू होने के आदेश दिए थे।

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री



अनिल विज ने कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों को रोजाना लोगों की समस्याओं को सुनने के जो आदेश दिए हैं, उन आदेशों का वह स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा वह बहुत समय से चाहते थे और उनकी यह मांग पूरी हो जाने के बाद अब वे हर शनिवार को लगने वाला जनता दरबार नहीं लगाया करेंगे।

गृहमंत्री ने कहा कि उनकी पुरानी मांग को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री ने हरियाणा में सरकारी अधिकारियों को अब रोजाना दो घंटे अपने कार्यालय में जन समस्याओं को सुनने के आदेश दिए हैं, जिसके तहत अब शनिवार को उनके द्वारा अंबाला में लगाए जाने वाला जनता दरबार नहीं लगाया जाया करेगा, परंतु उनके हलके अंबाला के लोगों की समस्याओं का निदान किया जाएगा। दरअसल, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अब हर रोज दो घंटे (सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक) पब्लिक से रूबरू होने के आदेश दिए हैं।

इस दौरान सरकार की ओर से इन दो घंटों में कोई वीडियो कॉन्फ्रेंस या बैठक नहीं होगी।

### उद्योगों को मिलेंगे ट्रेंड युवा, निजी संस्थानों से रिकॉर्ड तलब



**हरियाणा** के उद्योगों को अब ट्रेंड युवा मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग की समीक्षा के दौरान स्कूलों के बाहर निजी संस्थानों में पढ़ रहे ट्रेंड युवाओं का रिकॉर्ड एकत्र करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर सृजित करने पर बल देते हुए अधिकारियों को उद्योगों में कौशल की डिमांड अनुसार और उनकी वांछित आवश्यकता को पूरा करने के लिए युवाओं को कौशल वृद्धि का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। सीएम ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को स्कूल से बाहर आंगनवाड़ी केंद्रों, मदरसों में जाने वाले बच्चों की पहचान करने के लिए प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से गुरुकुल और अन्य निजी संस्थान के बच्चों का भी नियमित रूप से डाटा अपडेट और अपलोड करने के निर्देश दिए।

### पंजाब-हरियाणा में कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

# राहुल को अयोग्य घोषित करने में लोस सचिवालय ने तेजी दिखाई : वडिंग

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्या से अयोग्य करार दिए जाने के विरोध में उनकी पार्टी की पंजाब एवं हरियाणा इकाइयों ने रविवार को यहां एक दिवसीय संकल्प सत्याग्रह किया। दोनों इकाइयों ने संबंधित प्रदेश मुख्यालयों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कई वरिष्ठ नेताओं ने हिस्सा लिया। पत्रकारों से बात करते हुए, पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अडाणी मुद्दे पर संसद में उनके अगले भाषण से डर गई थी। वडिंग ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के इशारे पर राहुल गांधी को अयोग्य घोषित करने में लोकसभा सचिवालय ने जल्दबाजी दिखाई है।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख उदय भान ने कहा कि राहुल गांधी विभिन्न मुद्दों पर भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा, वे उसकी आवाज को दबाना चाहते हैं, लेकिन वे भ्रम में हैं। पंजाब में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि यह समय है कि सभी लोकतांत्रिक ताकतें एक साथ आएं। बाजवा ने कहा कि देश में संस्थानों पर हमले हो रहे हैं और विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने भाजपा नीत केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, जनहित में जो भी सवाल उठाता है, या तो जवाब नहीं दिया जाता या उनकी आवाज दबा दी जाती है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार सोचती है कि वह कांग्रेस और अडाणी मुद्दा उठाने वाले राहुल की आवाज को चुप करा सकती है तो वह गलत है। बाजवा ने कहा कि विपक्ष के साथ आने का समय आ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि राहुल गांधी को अयोग्य घोषित किया है और मौजूदा संकेतों से लगता है कि कल अन्य विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं के साथ भी ऐसा हो सकता है।

### राहुल ने ट्विटर पर खुद को डिसक्वालिफाइड सांसद लिखा



**राहुल** गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के खिलाफ कांग्रेस रविवार को देशभर में संकल्प सत्याग्रह किया। प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन जैसे बड़े नेता सुबह-सुबह राजघाट पहुंचे। पुलिस ने यहां धारा 144 लगा दी, लेकिन नेता और कार्यकर्ता इसके बावजूद पहुंचे। उधर, राहुल गांधी ने रविवार को ट्विटर पर अपना बायो बदल दिया। उन्होंने अब खुद को डिसक्वालिफाइड सांसद लिखा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि आज तक हम चुप रहे हैं तो आप हमारे परिवार का अपमान करते गए। मैं पूछना चाहती हूं कि एक आदमी का कितना अपमान करोगे। मुझ पर केस लगा दो, लेकिन सच ये है कि मैं और मेरा भाई हर बार प्रधानमंत्री को आइना दिखाते रहेंगे। इस पूरे मामले में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि रस्सी जल गई है, लेकिन बल नहीं गया।

### युकां प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिराजा समेत 11 पर एफआइआर दर्ज

**चंडीगढ़।** राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने के समर्थन में युवा कांग्रेस के नेताओं को प्रदर्शन करना महंगा पड़ा। हरियाणा पुलिस ने जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर खेड़की-दौड़ा टोल पर टायर जलाकर जाम लगाने के विरोध में 11 युवा कांग्रेसी नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसमें युवा कांग्रेस के प्रदर्शन अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा का नाम भी शामिल है। प्रदर्शन के दौरान सड़क पर बैठने व टायर फूंकने से खेड़की-दौला टोल पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया था। इससे आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी है। इन नेताओं के खिलाफ आईपीएस की धारा 147, 283 और 341 के तहत केस दर्ज किया है। इसमें युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा सहित परमार उर्फ लाला, अरुण कुमार, अजय कुमार, विजय कुमार, अनिरुद्ध, मनोज कुमार, जय प्रकाश, अशोक कुमार, अज्जू के नाम शामिल हैं।

# अतीक अहमद को लेकर यूपी एसटीएफ के तीस जवान प्रयागराज को रवाना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उमेशपाल** मर्डर केस के आरोपी गैंगस्टर अतीक अहमद को यूपी पुलिस अहमदाबाद के साबरमती जेल से शाम 5.44 बजे पर बाहर लेकर आई। यूपी एसटीएफ ने उसे वैन में बैठाया और प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। जेल के बाहर अतीक ने मीडिया से कहा 'ये मेरी हत्या करना चाहते हैं।' अतीक को प्रयागराज के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में बुधवार को पेश करना है।

प्रयागराज लाने के दौरान अतीक यूपी एसटीएफ की वैन में करीब 1300 किलोमीटर का रास्ता तय करेगा। सफर 22 से 24 घंटे का हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने अभी रूट



सार्वजनिक नहीं किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अतीक ने 2006 में उमेश पाल को गन प्वाइंट पर अगवा कर लिया था।

उमेश ने 2007 में माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। इस केस में प्रयागराज की स्पेशल एमपी/एमएलए कोर्ट 28 मार्च को फैसला सुनाएगी। इसी केस में आरोपी अतीक को पेश करने के लिए यूपी एसटीएफ उसे लेने के लिए अहमदाबाद गई थी, जो अब उसे लेकर लौट रही है।

### अमित शाह ने मुस्लिम कोटा खत्म करने पर दी अपनी राय



**कर्नाटक।** केंद्रीय गृह मंत्री ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की 2बी श्रेणी के तहत मुस्लिम समुदाय को मिले चार प्रतिशत आरक्षण को कर्नाटक सरकार द्वारा खत्म किए जाने के फैसले का बचाव करते हुए रविवार को कहा कि धार्मिक आधार पर कोटा संवैधानिक रूप से वैध नहीं है।

बीदर के गोरता गांव और रायचूर के गब्बूर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए शाह ने कथित वोट बैंक की राजनीति के लिए मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया।

## अनुराग ने की धर्मशाला हवाई अड्डे के विस्तार की वकालत



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला हवाई अड्डे के विस्तार की पुरजोर वकालत की ताकि क्षेत्र को सीधा एवं निर्बाध संपर्क मुहैया कराया जा सके।

उन्होंने नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह के साथ इंडिगो की दिल्ली-धर्मशाला की पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाने के बाद यह मांग की।

धर्मशाला हवाई अड्डे के विस्तार पर जोर देते हुए ठाकुर ने कहा कि वर्तमान में हिमाचल जाने वाले यात्रियों को दिल्ली से संपर्क उड़ानों में सवार होना पड़ता है क्योंकि राज्य के छोटे हवाई अड्डे बड़े विमानों के संचालन में असमर्थ हैं।

# भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव फंदे पर लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भोजपुरी** अभिनेत्री आकांक्षा दुबे का शव रविवार को वाराणसी के सारनाथ के एक होटल में पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया है। बताया जा रहा है कि आकांक्षा ने आत्महत्या की है लेकिन पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। आकांक्षा भदोही जिले के चौरी थाना क्षेत्र के परसीपुर गांव की रहने वाली थीं। वह शुक्रवार रात शूटिंग के बाद होटल पहुंची थीं।

रविवार सुबह मेकअप मैन ने आकांक्षा को फोन किया। फोन न



उठाने पर मेकअप मैन होटल पहुंचा। वहां आकांक्षा के कमरे का दरवाजा बंद था। होटल के कर्मियों ने मेकअप मैन को बताया कि आकांक्षा ने सुबह से नाश्ते के लिए ऑर्डर नहीं दिया है। इसके बाद होटल के कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। जब अंदर से कोई रिस्पॉन्स नहीं आया, तो उन्होंने पुलिस को बुलाया।

मैनेजर ने पुलिस की मौजूदगी में मास्टर चाबी से दरवाजा खोला, तो आकांक्षा का शव पंखे से लटका था।

पुलिस ने उनके मोबाइल समेत अन्य सामान को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। उनके मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल भी निकाली जा रही है।

# संशोधित मनरेगा दरें अधिसूचित, हरियाणा में सबसे ज्यादा मजदूरी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**केंद्र** ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम के तहत मजदूरी दरों में वृद्धि को अधिसूचित किया है। इसके तहत हरियाणा में सबसे अधिक मजदूरी 357 रुपये प्रति दिन और मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे कम 221 रुपये है।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 24 मार्च को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 की धारा 6(1) के तहत जारी की गई, जिसमें कहा गया है कि केंद्र अधिसूचना द्वारा अपने लाभार्थियों के लिए मजदूरी दर निर्धारित कर सकता है। मजदूरी में वृद्धि सात रुपये से लेकर 26 रुपये तक की गई है। संशोधित दर एक अप्रैल से लागू होगी।

पिछले वर्ष की दरों की तुलना में राजस्थान में मजदूरी में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई है। राजस्थान के लिए संशोधित मजदूरी 255 रुपये प्रति दिन है, जो 2022-23 में 231 रुपये थी। बिहार और झारखंड ने पिछले साल की तुलना में लगभग आठ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

**आंकड़ों के अनुसार हरियाणा में है सबसे अधिक मजदूरी 357 रुपये प्रति दिन**

पिछले साल, इन दोनों राज्यों में किसी मनरेगा मजदूर के लिए दैनिक मजदूरी 210 रुपये थी। अब इसे संशोधित कर 228 रुपये कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के लिए, जहां सबसे कम दैनिक मजदूरी 221 रुपये है, पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों राज्यों में दैनिक मजदूरी 204 रुपये निर्धारित थी। राज्यों के लिए मजदूरी में वृद्धि दो से 10 प्रतिशत के बीच है।

सबसे कम प्रतिशत वृद्धि दर्ज करने वाले राज्यों में कर्नाटक, गोवा, मेघालय और मणिपुर शामिल हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के लिए एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों रोजगार की गारंटी दी जाती है।



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 29.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 17.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- सीकरी में समाज कार्य शिविर का चौथा दिन : सुबह 10 बजे।
- तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ श्री महारानी वैष्णव देवी मंदिर संस्थान में पूजा-अर्चना: सुबह 8 बजे।
- एनएच-पांच मंदिर में श्रीरामायण जी का अखंड पाठ तथा महिला मंडल द्वारा कीर्तन: शाम 4 बजे।
- सिद्ध पीठ श्रीमहाकाली मंदिर संस्था प्रांगण में चैत्र नवरात्रि महोत्सव में चौकी और भंडारा: शाम 7 बजे।
- पावन सिद्धपीठ श्रीहनुमान मंदिर 1 बी ब्लॉक के प्रांगण में महामाई का गुणगान: शाम 7 बजे।
- जिलेभर के आयुष्मान मित्रों की हड़ताल जारी: सुबह 9 बजे।

## निवेश गुरु

**ईएसआईसी** द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजना में शामिल होने वाले सदस्यों की तादाद में इस महीने इजाफा देखने को मिला है। एनएसओ ने एक रिपोर्ट जारी करते हुए इस बात की जानकारी उपलब्ध कराई है। एनएसओ के द्वारा जारी की गई रिपोर्ट के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अगस्त में लगभग 13.22 लाख नए सदस्य ईएसआईसी द्वारा संचालित होने वाली सामाजिक सुरक्षा योजना में शामिल हुए हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### साइकिल स्टैंड और कैंटीन की नीलामी

**फरीदाबाद।** एसडीएम तिलोकचंद ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उपमंडल स्तरीय बल्लभगढ़ लघु सचिवालय परिसर में वर्ष एक अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक 1 वर्ष के लिए साइकिल स्टैंड व कैंटीन को ठेके पर दिया जाना है। इसके लिए ठेका लेने वालों के खुली बोली 28 मार्च को एसडीएम बल्लभगढ़ कार्यालय के कोर्ट परिसर में आयोजित की जाएगी। इच्छुक बोली दाता सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित जमा राशि करवा कर अपनी बोली दे सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### अवैध हथियार संग गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम रोहित उर्फ कन्नु है। आरोपी बल्लभगढ़ के उंचा का रहने वाला है। आरोपी क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से मोहना बस स्टैण्ड से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी देसी पिस्तौल बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना छायंसा में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी देसी पिस्तौल को अपने दोस्तो में हवाबाजी व शौक के लिए कोसी किसी अनजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था। आरोपी ने एक इको गाड़ी से साइलेंसर चोरी करने की वारदात को भी अनजाम दिया था।

# भ्रष्टाचार : शहर की वीआइपी रोड भी अतिक्रमण और अवैध निर्माण का शिकार

### रिहायशी जमीनों पर सरेआम किया जा रहा है व्यवसायिक इमारतों का निर्माण

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**मेट्रो** मोड़ से सैनिक कालोनी के रास्ते गुरूग्राम की और जाने वाली एनआइटी इलाके की रोड वीआइपी सड़कों में शामिल हैं, क्योंकि रास्ते से नगर निगम और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों का अक्सर आना जाना लगा रहता है। वहीं नगर निगम का मुख्यालय इस सड़क के नजदीक होने के कारण अधिकारी और कर्मचारी तो करीब करीब रोज ही सड़क से गुजरते है, लेकिन इसके बावजूद इस सड़क पर कोई न जाने क्यों ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहा है।

इस सड़क पर सैनिक कालोनी से मेट्रो मोड़ पर जगह-जगह लोगों ने अतिक्रमण तो किया ही हुआ है। वहीं जगह-जगह सरेआम रिहायशी प्लॉट पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। वैसे तो प्रदेश सरकार ने स्टिल्ट पार्किंग के साथ चार मंजिला मकान के निर्माण पर अस्थाई रोक लगाई हुई है। लेकिन यहां मकान नहीं बल्कि सरेआम रिहायशी जमीन पर दुकानें और शोरूमों का निर्माण किया जा रहा है। अवैध निर्माण का खेल इस सड़क पर लंबे समय से चल रहा है। जबकि हाईकोर्ट ने रिहायशी जमीन पर व्यवसायिक निर्माण पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम ने न जाने इन्हें क्यों छूट दी हुई है?



वीआइपी रोड पर सरेआम हो रहे हैं निर्माण।



सैम्पल के रूप में बनी फुटपाथ पर भी अतिक्रमण।

### प्रतिबंध के बाद भी निर्माण

**शहर** के एनआइटी इलाकों को सरकार ने बड़े ही सुनियोजित तरीके से बसाया था। लेकिन पिछले करीब दो दशकों से चारों तरफ धड़ल्ले के साथ हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण की वजह से शहर की सूरत पूरी तरह बिगड़ चुकी है। शहर की बिगड़ती हालत को देखते समाजसेवी किशन लाल गेरा ने इस संदर्भ में हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने रिहायशी जमीनों पर बनी व्यवसायिक इमारतों को तोड़ने के आदेश दिये थे। इस मामले में हाईकोर्ट की तारीख आने पर निगम द्वारा दिखावे की थोड़ी बहुत कार्रवाई कर अपना कर्तव्य पूरा कर लिया जाता है। वर्ना इसके अलावा निगम अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से चारों तरफ धड़ल्ले के साथ अवैध निर्माण होते रहते हैं। शहर का कोई हिस्सा ऐसा नहीं है, जहां सरेआम अवैध निर्माण न हो रहा हो। शहर में चारों तरफ हो चुके अवैध निर्माण और अतिक्रमण की वजह से यातायात जाम और अन्य कई तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है, लेकिन इसके बावजूद भी कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा।

### वीआइपी रोड की दुर्दशा



रिहायशी जमीन पर व्यवसायिक इमारतों का निर्माण।

**मेट्रो** मोड़ से मस्जिद मोड़ और सैनिक कालोनी कालोनी से होते हुए गुरूग्राम की ओर जाने वाला यह रास्ता वीआइपी रोड कहलाता है। जिसके कारण यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। वहीं गुरूग्राम की तरफ से आने वाले राजनेता और बड़े अधिकारी भी फरीदाबाद आने के लिए इस रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। वहीं इस सड़क से नगर निगम के छोटे बड़े अधिकारी तो अक्सर गुजरते रहते हैं। लेकिन इसके बावजूद इस सड़क पर सरेआम अवैध निर्माण किया जा रहा है। सैनिक कालोनी से मेट्रो मोड़ तक सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण के साथ साथ रिहायशी जमीन पर सरेआम व्यवसायिक इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क पर पहले ही काफी संख्या में अवैध निर्माण बने हुए हैं। इसके बावजूद फिलहाल यहां करीब आधा दर्जन अवैध इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क पर स्थित एनएच तीन और फ्रंटियर कालोनी में रिहायशी जमीन पर बनी कई व्यवसायिक इमारतों को निगम ने सील भी किया था, लेकिन बाद में सील तोड़कर फिर निर्माण कार्य शुरू हो गया।

### सैम्पल फुटपाथ पर भी अतिक्रमण

**इस** सड़क से अक्सर राजनेता और बड़े अधिकारी गुजरते रहते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए पूर्व निगमायुक्त यशपाल यादव ने इस सड़क को स्मार्ट रोड बनाने की योजना बनाई थी। जिसके तहत उन्होंने पैदल चलने वाले लोगों के लिए सड़क के दोनों तरफ फुटपाथ का निर्माण कराने की योजना भी बनाई। उन्होंने मस्जिद मोड़ के पास सड़क के दोनों तरफ सैम्पल के तौर पर कुछ मीटर फुटपाथ का निर्माण करवा भी लिया था। लेकिन अब इस सैम्पल के रूप में बनी फुटपाथ भी लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। वहीं यहां रिहायशी जमीनों पर बड़ी ही चालाकी के साथ रिहायशी इमारतें बनाई जा रही हैं। ज्यादातर लोगों ने तो नक्शा भी पास नहीं करवाया। वहीं कुछ लोगों ने रिहायशी नक्शा पास कराया है। जैसे जैसे निर्माण होता रहता है, वैसे वैसे दीवारों पर सफेदी पोत दी जाती है। स्टिल्ट पार्किंग की छत जानबूझ कर ऊंची रखी जाती है।

### लोग भी कर रहे विरोध

**शहर में** चारों तरफ हो रहे अवैध निर्माणों को देखते हुए अब लोगों ने भी विरोध करना शुरू कर दिया है। आरडब्ल्यूए कनफेडरेशन ने गतदिवस चार मंजिला फ्लैटों के निर्माण के विरोध में एडीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा है।

जिसमें उन्होंने सरकार से चार मंजिला मकानों के निर्माण पर पुराने सेक्टरों और रिहायशी इलाकों में स्थाई प्रतिबंध लगाने की मांग की है, क्योंकि इनकी वजह से आसपास के मकानों में दरारें आ रही हैं। वहीं आबादी चार गुणा बढ़ जाने से लोगों को कई तरह की समस्याएं हो रही हैं।

# भाजपा कर रही लोकतंत्र की हत्या : मनोज अग्रवाल

### कांग्रेस नेता ने बल्लभगढ़ में जनसंपर्क कर गिनवाईं भाजपा सरकार की नाकामियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते मनोज अग्रवाल अपनी टीम के संग।

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा के आदेशानुसार बल्लभगढ़ में हाथ से हाथ जोड़ो जनसंपर्क अभियान चला रहे बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है।

सेक्टर-62 बल्लभगढ़ में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मनोज अग्रवाल ने कहा कि राहुल गांधी हमेशा सच के लिए लड़ते रहे हैं और उनकी यह लड़ाई रुकने वाली नहीं है। पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के साथ खड़ी है और उनके हक-हकूक की लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है और राहुल गांधी की सच्चाई के लिए यह लड़ाई न रुकी है और न रुकेगी। इस दौरान स्थानीय लोगों ने मनोज अग्रवाल का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और उन्हें पूरा समर्थन देने का भरोसा दिलाया। कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल ने कहा कि आज भाजपा सरकार के कुशासन में देश बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है। भाजपा सरकार द्वारा हमारे देश के संविधान पर सुनियोजित तरीके से हमले किए जा रहे हैं। भाजपा सरकार द्वारा हमारे देश के लोकतंत्र को कुचलने की साजिशें रची जा रही हैं, संस्थाओं को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# संभार्य के रक्तदान शिविर 40 यूनिट एकत्रित

### शिविर में गांव के युवाओं ने इसमे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



रक्तदाता का हौसला बढ़ाते संभार्य फाउंडेशन के सदस्य।

**संभार्य** फाउंडेशन और जिला नागरिक अस्पताल पलवल के संयुक्त तत्वाधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन विकास ग्रीन वाटिका पर किया गया। संभार्य फाउंडेशन से दीपक डागर ने बताया कि गांव मे अब तक का ये सबसे सफल कैंप रहा है और गांव के युवाओं ने इसमे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है।

गांव के युवा अभिषेक तेवतिया, तरुण, वकील अनिकेत डीपी धर्मेंद्र व मिशन फिटनेस जिम से इशांत के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। कैम्प ब्लड सेंटर ऑफ ट्राइटन नई दिल्ली द्वारा लगाया गया। जिसमें किडनी रोग विशेषज्ञ शम्भू शरण, ब्लड बैंक प्रबंधक संजीव रत्रा, मेडिकल ऑफिसर श्रुति, संगीता, बाला कृष्णा, लैब टेक्निशन प्रिया, शंकर और सतीश ने मदद की। संभार्य फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक देशवाल ने बताया शिविर में 40 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।

इस शिविर के आयोजन के लिए पुनीत देशवाल ने प्रचार प्रसार की जिम्मेदारी निभाई और बताया इससे पहले गांव घोड़ी, नगंली पिचन्की धमाका, फतेहपुर बिल्लोच, अलावलपुर, धतीर, धूधौला व 23 तारीख को दुर्गापुर में कैम्प लग चुका है और शाहिल देशवाल ने कैम्प आयोजन में योगदान दिया और बताया ये खून डायलिसिस मरीजों के इलाज में काम आएगा।

# समाज को नजदीक से समझने का माध्यम है शिविर

### समाजकार्य शिविर में छात्र समझ रहे सामाजिक तानाबाना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**समाज** कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का ये कर्तव्य है कि वो समाज को संवेदनशील बनाये तथा समसामयिक मुद्दों को कैसे हल किया जाये इस विषय पर जागरूक करे। वंचित, उपेक्षित, अपराधग्रस्त तथा पीड़ित वर्ग के विषयों को संवेदना से ही ठीक किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि समाज कार्यकरता समाज के विभिन्न पहलुओं पर पैनी दृष्टि रखे समाज में होने वाली नित नये प्रवर्तन समाज को किस दिशा में धकेल रहें है और समाज कार्य से जुड़े लोग कैसे इसे एक सकारात्मक दिशा दे सकते है। इस पर भी विचार करें। यह प्रोफेसर देव प्रसाद भारद्वाज ने बतौर मुख्यवक्ता समाजकार्य पाठयक्रम, संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग, जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फ़रीदाबाद द्वारा ग्राम सीकरी में आयोजित सात दिवसीय समाज कार्य शिविर में कहें।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर पवन सिंह ने बताया विभाग द्वारा आयोजितसात दिवसीय समाज कार्य शिविर बीएसडब्लू प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए वार्षिक अकादमिक गतिविधि हैं जिसमें समाजकार्य क्षेत्र के नवप्रयोगों पर विमर्श किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सीकरी में तीन पेड़ (त्रिवेणी) लगाकर की गई। डॉ. पवनसिंह ने छात्रों को ग्रामीण जीवन और समाज के प्रत्येक आयाम का गहराई से अध्ययन करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी कहा किछात्रों को अधिक सीखने के लिए ऐसे अवसर दुर्लभ हैं। जब सामाजिक कार्य की बात आती है तो सेवा एक महान पेशा है।

# नॉर्थ ईस्ट के विद्यार्थियों के छात्रावास का लोकार्पण

### कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने स्थानीय सेक्टर-65 में छात्रावास भवन का लोकार्पण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** बल्लभगढ़



छात्रावास भवन का निरीक्षण करते केबिनेट मंत्री व अन्य।

**परिवहन** मंत्री शर्मा ने कहा की इस भवन में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चे विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम रोशन करेंगे। इस छात्रावास में भारत के नॉर्थ ईस्ट के जरूरत मंद कॉलेज के छात्र रह सकेगे और हरियाणा की संस्कृति का भी ज्ञान ले सकेगे। इस भवन में रहकर पढ़ाई करने वाले जरूरत मंद छात्र बिना किसी चार्ज के रह सकेगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने वनवासी कल्याण आश्रम के सभी पधाधिकारियो को बल्लभगढ़ के सेक्टर 65 में बनाए गए नए छात्रावास के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की पूरा भारत एक है और जब इस छात्रावास में देश के नॉर्थ ईस्ट इलाके के बच्चे रहेंगे तो उनको हरियाणा की संस्कृति से भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

बता दें कि बनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा द्वारा भिवानी के बाद बल्लभगढ़ सेक्टर 65 में अपना दूसरा छात्रावास भवन बनाया है। इस भवन के लोकार्पण दौरान परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और एमडी इंडो आटो टेक लिमिटेड के मालिक एवं समाज सेवी आनंद जैन व वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारी मौजूद रहे।

वहीं यह वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा का दूसरा छात्रावास है। पहला भवन भिवानी में चलाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ से आए अखिल भारतीय महामंत्री वनवासी कल्याण आश्रम और आज के मुख्य वक्ता योगेश बापट ने बताया की वनवासी कल्याण आश्रम में कॉलेज स्तर की पढ़ाई करने वाले जरूरत मंद छात्रों को रखा जाएगा। ताकि उनके भविष्य में पढ़ाई करने में कोई दिक्कत न आए। यह भवन पूरा सेंट्रल एसी बनाया गया है। जहां वनवासी कल्याण आश्रम पूरे देश में ऐसे भवन बना चुका है और जरूरत मंद बच्चों को रखा जाता है। इसके अलावा प्रदेश के इस भवन में 50 छात्र रह सकेंगे।

इस अवसर पर भीम सेन जैन, एके सिंह, ओ पी सहगल, बंसीलाल कत्याल, दीपक कपिल, विजय कुमार राकेश, जयभगवान, अरविंद, सुरेंद्र शर्मा और कल्याण आश्रम के प्रधान राम बाबू सिंघल सहित बनवासी कल्याण आश्रम से जुड़े शहर और अन्य प्रदेशों से कार्यक्रम में पहुंचे गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

कभी नवरात्र की ख़ुश्बू, कभी रमज़ान की ख़ुश्बू
सदा महके यूँ ही इंसान की, ईमान की ख़ुश्बू
जगत-जननी ओ माँ-अम्बे यही है आज बस विनती
समूचे विश्व में महके ये हिंदुस्तान की ख़ुश्बू

# पांचवें दिन भक्तों ने की मां स्कंदमाता की भव्य पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



माता के दरबार में प्रवज्जलित ज्योत में अपनी आहुति देते मंत्री मूलचंद शर्मा

**नवरात्रों** के पांचवें दिन शहरभर के मंदिरों में मां दुर्गा के पांचवे स्वरूप मां स्कंदमाता की भव्य पूजा का आयोजन किया गया। सुबह आरती में भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहूति डाली। माता के श्रृंगार के बाद भक्तों ने विधिवत पूजा-अर्चना की। आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

**मंत्री शर्मा ने की पूजा :** तिकोना पार्क स्थित महारानी वैष्णोदेवी मंदिर में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने पहुंचकर स्कंद माता की भव्य पूजा में शामिल होकर हाजिरी लगाई। मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि नवरात्रों में माता रानी की पूजा अर्चना करने से इंसान को अदृश्य शक्ति मिलती है। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया तथा उन्हें माता की चुनरी एवं प्रसाद दिया। मंत्री शर्मा के साथ विश्व हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी रमेश गुप्ता, निगम के पार्षद मनोज नासवा एवं हरिकृष्ण विशेष रूप से उपस्थित थे।

**भव्य पूजा का आयोजन :** सिद्धपीठ काली मंदिर के प्रधान राकेश ने बताया कि यहां कीर्तन और माता की चौकी की जा रही है। स्कंदमाता के पूजन से साधक को अलौकिक तेज की प्राप्ति होती है। उन्होंने माता के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि जब भी अत्याचारी दानवों का अत्याचार बढ़ता है तब माता संत जनों की रक्षा के लिए सिंह पर सवार होकर आती है।

### आज होगी मां कात्यायनी की पूजा

**एनएच-पांच** स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के पुजारी मुनिराज ने बताया कि महर्षि कात्यायन जी ने कठोर तप कर मां भगवती से अपनी पुत्री के रूप में जन्म लेने का वरदान मांगा था। जिस प्रकार से नन्द बाबा ने परब्रह्म को पुत्र रूप में पाने के लिए कठोर तप किया और भगवान कृष्ण उनके पुत्र बनकर आये। इसी प्रकार कात्यायन ऋषि ने भी कठोर तप किया। ऋषि कात्यायन की पुत्री देवी कात्यायनी कहलाई। मां कत्यायनी देवी चार भुजा धारी हैं। मां कात्यायनी सिंह की सवारी करती है। एक हाथ में तलवार और दूसरे हाथ में प्रिय पुष्प कमल लिए हुए हैं। अन्य एक हाथ वरमुद्रा और दूसरा अभय मुद्रा में है।

इन्हीं मां कात्यायनी के आशीर्वाद से राधा, रुक्मिणी आदि रानियों ने भगवान कृष्ण को एवं सीता जी ने भी राम जी को प्राप्त किया, इसलिए सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की लंबी आयु के लिए मां का पूजन करें। कन्याऐं सुन्दर वर प्राप्ति के लिए मां का विधिवत् पूजन करें। माता कात्यायनी के पूजन में मधु (शहद) का प्रयोग करना चाहिए एवं नील कमल का फूल, नारियल मां को अर्पण करना चाहिए। मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी मानी जाती है। विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए माता की उपासना करनी चाहिए।

# नवरात्रों के पांचवें दिन किया हवन



हवन यज्ञ में आहुती देते सदस्य।

**फरीदाबाद।** प्राचीन शिव मंदिर राजीव कॉलोनी में नवरात्र के पांचवें दिवस हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। मां भगवती का अद्‌भुत श्रृंगार और भव्य आरती हुई इस अवसर पर गुड़गांव से चलकर मां भगवती का आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचे।

मृत्युंजय नारायण सिंह साथ में है, शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी घनश्याम सिंह यज्ञ के आचार्य सुखदेव तिवारी ने हवन में आहुति डलवाई। काशी के पावन पवित्र धरती से पधारे हुए मंदिर के महंत आचार्य सर्वेश पांडे ने सभी उपस्थिति को आशीर्वाद दिया। अयोध्या की धरती से पधारे हुए मोहित पांडे ने विशेष आहुति डाली। इस अवसर पर गोविंद पाठक उपस्थित रहे। मां भगवती से प्रार्थना किया गया। हवन में महाराज जमदग्नि की धरती से नीरज मिश्रा और कृष्णानंद मौजूद रहे।


खरना प्रसाद बनाने की तैयारी करतीं आरती, मीणा, गायत्री, प्रगति और रूबी आदि।

# चैत्र मास की छठ पूजा : आज संध्या अर्ध्य देंगे श्रद्धालु

कविता। फरीदाबाद

**पूर्वी** सेवा समिति पिछले 12 वर्षों से एसजीएम नगर पूर्वांचल के सबसे बड़े प्रकृति पूजन और लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूजा बड़े ही हर्षोल्लास से मना रही है। इस विषय में जब पूर्वी सेवा समिति की महिला अध्यक्ष मीना सिंह ने बताया कि छठ पूजा साल में दो बार मनाई जाती है। पहली कार्तिक मास में और दूसरी चैत्र मास में। चैत्र मास के छठ व्रत को चैती छठ कहते हैं। इस बार छठ महापर्व 25 मार्च को नहाय खाय से शुरू हुआ है। 26 को खरना के बाद 27 मार्च को संध्या अर्ध्य और 28 को प्रात: अर्ध्य और पारण के बाद समापन होगा।

**आज तीसरा दिन :** चैती छठ पूजा के तीसरे दिन संध्या अर्ध्य में लोग पूजा की तैयारियां करते है। विशेष प्रसाद में ठेकुआ और कसार मुख्य होता है। रविवार को श्रद्धालुओं ने खरना विधि की। व्रती महिलाओं ने निर्जला उपवास रख शाम को गन्ने का जूस से बनी खीर का प्रसाद बांटा। खरना को कुछ जगहों पर छोटकी छठ भी कहा जाता है। तीसरे दिन आज शाम को व्रतधारी सूर्य को अर्घ्य देंगे।

## खरना में प्रसाद तैयार कर शुरू की व्रत की तैयारियां

**देर रात बना प्रसाद :** खरना के दिन खीर के प्रसाद का खास महत्व है। यह मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी तैयार की जाती है। मिट्टी के नये चूल्हे पर दूध, गुड़ व आरव के चावल से खीर और गेहूं के आटे की रोटी का प्रसाद बनाते हैं। प्रसाद बन जाने के बाद शाम को सूर्य की आराधना कर उन्हें भोग लगाया जाता।

**ऐसे होगी पूजा :** छठ पूजा के तीसरे दिन आज घर में पूजा अर्चना करने के बाद शाम को एक सूप में नारियल, पांच प्रकार के फल और पूजा का अन्य सामान लेकर दउरा में रखकर घर के पुरुष सिर पर उठाकर छठ घाट पर पहुंचेगे। घाट पर संध्या अर्ध्य किया जाएगा। घाट के किनारे जाकर महिलाये घर के किसी सदस्य द्वारा बनाये गए चबूतरे पर बैठती है। घाट से मिट्टी निकाल कर छठ माता का जो चौरा बना रहता है, उस पर पूजा का सारा सामान रखकर नारियल चढ़ा कर दीप जलाते हैं।

सूर्यास्त से कुछ समय पहले सूर्य देव की पूजा का सारा सामान लेकर घुटने भर पानी में जाकर खड़े हो जाते हैं और डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर पांच बार परिक्रमा करते हैं। बहुत सारे लोग घाट पर रात भर ठहरते हैं। वहीं कुछ लोग छठ का गीत गाते हुए सारा सामान लेकर घर आ जाते है और उसे देवकरी में रख देते हैं।

# ईएसआईसी पुराने भवन में बनाएगा 500 बैड का नया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

कविता। फरीदाबाद

**एनएच-तीन** स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या रोजाना बढ़ती जा रही है। जिसे ध्यान में रखते हुए ईएसआईसी ने अस्पताल के पुराने भवन की जगह 500 बैड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाया जाएगा। इसकी मंजूरी रविवार को अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की मांग पर केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने प्रदान की।


स्किल लैब का दौरा करते हुए मंत्री भूपेन्द्र सिंह, राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा, गोपाल शर्मा, ईएसआईसी डीजी राजेंद्र कुमार के संग डॉ. असीम दास और डॉ. एके पांडे व अन्य

**किया गया उद्घाटन:** ईएसआईसी में पिछले दिनो मरीजों के लिए अस्पताल में बनाई गई स्किल लैब, रिसर्च लैब, बोन मैरो ट्रांसप्लांट का एडवांस सेंटर और जिम की शुरूआत की थी। जिसका शुभारंभ रविवार को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा मुख्य, गोपाल शर्मा, डीजी ईएसआईसी राजेंद्र कुमार ने किया। मंत्री भूपेंद्र यादव ने इससे पहले अस्पताल में स्थापित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण किया। डीन डॉ. असीम दास, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल पांडे, उप निदेशक अनिल रंगा, सह निदेशक, वीरेंद्र दहिया, कुलदीप यादव, रविंदर तंवर, ईएसआईसी क्षेत्रीय बोर्ड के सदस्य बेचू गिरी मौजूद रहे।

**फिलहाल 650 बिस्तर:** ईएसआइसी मेडिकल कॉलेज एंव अस्पताल में करीब 9 लाख ईएसआई कार्ड धारकों को सेवा दे रहा है। मरीजों की संख्या यहां लगातार बढ़ रही है। ओपीडी में रोजाना करीब साढ़े चार हजार मरीज आते है। भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 700 के पार है। जिससे बिस्तरों की संख्या बढ़ाकर यहां 650 की गई थी, लेकिन यहां उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पंजाब के ईएसआई लाभार्थी उपचार के लिए आ रहे हैं।

1.35 लाख से अधिक लोग महीने में उपचार के लिए आते हैं। मेडिकल कॉलेज में फिलहाल नेफ्रोलाजी, आन्कोलाजी और कार्डियोलाजी विभाग और डायलिसिस की सुविधा है। जल्द ही यहां पर किडनी ट्रांसप्लांट, ओपन हार्ट सर्जरी और कार्निया ट्रांसप्लांट सहित कई सुविधाएं शुरू की जानी है। जिससे रोगियों की संख्या बढ़ना भी तय है। उसकी तैयारी अभी से ही शुरू कर दी है।

**बनेगा 10 मंजिला अस्पताल:** मरीजों की बढ़ती संख्या को देखकर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के समक्ष केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने 500 बिस्तरों के अस्पताल की डिमांड की, जिसे उन्होंने मंजूरी दे दी। केंद्र सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। इसमें ओपीडी, आपरेशन थियेटर, प्रयोगशालाएं, रिकॉर्ड व चिकित्सकों के लिए कमरे, नर्सिंग स्टाफ रूम और अन्य व्यवस्थाएं होंगी है। अस्पताल करीब छह एकड़ बनेगा। यह अस्पताल वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से परिपूर्ण होगा। 500 बैड का नया अस्पताल बनने के बाद कुल बैडों की संख्या बढ़कर करीब 1150 हो जाएगी। इससे मरीजों को बेहतर उपचार मिल सकेगा। जिससे यहां करीब 20 लाख लाभार्थियों को सुविधाएं मिलेगी।

# ग्रामीणों ने मंत्री कृष्णपाल के आवास पर दिया धरना


सड़क पर बैठकर डंपिंग यार्ड बनाने का विरोध करने पहुंचे लोग।

**फरीदाबाद।** पाली गांव में डंपिंग यार्ड बनाए जाने के विरोध में रविवार को कृष्णपाल गुर्जर के निवास स्थान पर एकत्रित होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। जिस पर प्रदर्शकारियों को कम संख्या में पहुंचने के आदेश पुलिस ने दिए। लेकिन भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों की भीड़ देखकर पुलिस ने उनका रोक दिया। जिस पर प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर विरोध जताने लगे। समाचार लिखे जाने तक प्रदर्शनकारी सड़क पर ही बैठे रहे।

सरकार की ओर से गांव पाली में डंपिंग यार्ड को बनाए जाने की घोषणा की गई है। जिसके बाद से लगातार स्थानीय निवासियों द्वारा सरकार के इस फैसले का विरोध किया जा रहा है। मंत्री के निवास के समीप धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने बताया कि वह रोजाना इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। ताकि सरकार इस फैसले को वापस लें। कई बार डीसी और केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर तक को उन्होंने इस समस्या से निजात दिलाने को पत्र सौंपा है, लेकिन आश्वासन के बावजूद प्रशासन व नगर निगम वहां डंपिंग यार्ड बना रहा है। जिसके विरोध में वह मंत्री से मिलने आए हैं।

**रोष किया व्यक्त:** रविवार दोपहर को पाली और आसपास के गांवों से सैंकड़ों लोग ने सेक्टर-29 स्थित केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के घर के सामने धरना देकर रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नगर निगम द्वारा जबरन उनकी जमीन डंपिंग यार्ड को बनाए जाने के लिए उनसे ले ली गई है। जबकि इसकी एवज में सरकार की ओर से उन्हें कोई मुआवजा भी नहीं दिया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## त्रिलोक चंद बने ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष



**फरीदाबाद।** ब्राह्मण सभा फरीदाबाद का चुनाव रविवार को बल्लभगढ़ के आजाद नगर स्थित मोनू वशिष्ठ के कार्यालय पर सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें पंडित त्रिलोक चंद मोहना को ब्राह्मण सभा फरीदाबाद का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। जबकि सुरेंद्र शर्मा बबली को मुख्य संरक्षक बनाया गया। ब्राह्मण सभा फरीदाबाद के नवनिर्वाचित महासचिव पंडित बृजमोहन वशिष्ट एडवोकेट ने बताया चुनाव में विजय शर्मा एडवोकेट को संयोजक, ज्ञानदेव वत्स व मास्टर तेजपाल को संरक्षक, पंडित लच्छीराम शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राधाचरण तिलपत और हरीश शर्मा कुलैना को उपाध्यक्ष बनाया गया। जबकि वेदप्रकाश शर्मा को सचिव, महेशचंद शर्मा व मास्टर वीरेंद्र शर्मा सीही को कोषाध्यक्ष, देवराज शर्मा को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी दी गई। जगनमोहन शर्मा को संगठन सचिव और दीपक कौशिक को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि वह समाज के उत्थान के लिए मिलजुल कर कार्य करेंगे।

## लॉयन्स क्लब का नि: शुल्क आई विजन सेंटर शुरू



**फरीदाबाद।** लॉयन्स क्लब हमदर्द ने सेवा कार्यों की श्रृंखला में एसजीएम नगर में तीसरा नि:शुल्क आई विजन सेंटर शुरू करके जनता को समर्पित किया। लायंस क्लब के मल्टीपल चेयर पर्सन जे एल महेश्वरी व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अनिल अरोड़ा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लेकर इस आई विजन सेंटर का उद्घाटन किया। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए स्थान प्रदान करने वाले समाजसेवी हरीश चुग इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर ललित झाम ने कहा है कि लायंस क्लब हमदर्द का यह तीसरा आई विजन सेंटर शुरू किया गया है। इससे पहले दो सेंटर मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 व कुमाऊं भरत मंडल पर्वतीय कॉलोनी में संचालित हैं। जिनके माध्यम से अब तक 1500 से ज्यादा मरीजों की आधुनिक मशीनों द्वारा चिकित्सा की गई है और 84 मरीजों की आंखों का मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया जा चुका। है। सेंटर में प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 आधुनिक मशीनों से आंखों की जांच करके उचित उपचार किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में लायन अनिल खुराना, एन के गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, सोम खन्ना अंबादत्त भट्ट, यशपाल रावत, महेश कथुरिया, राहुल, दीपक मौजूद रहे।

## कालीबाड़ी में मां दुर्गा की मूर्ति का अनावरण आज



**फरीदाबाद।** चैत नवरात्री के पांचवें दिन माता स्कंदमाता के आशीर्वाद से सेक्टर-16 स्थित फरीदाबाद कालीबाड़ी में बसंती दुर्गा पूजा की तैयारी धूमधाम से चल रही है। इस बार बसंती दुर्गा पूजा के अवसर पर फरीदाबाद कालीबाड़ी द्वारा आयोजित चार दिवसीय लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। यह अपने आप में फरीदाबाद में पहला आयोजन है। कालीबाड़ी मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन इसलिए किया गया है, कि लोग, देश की समृद्ध व लुप्तप्राय ग्रामीण कला एवं कलाकारों को अपने आने वाली पीढ़ी एवं शहरी जनों से परिचित कराने का प्रचेस्टा है। जिससे की हम सभी अपने सांस्कृतिक धरोहरों पर गर्व महशुस कर सकें। यह कार्यक्रम गत 24 मार्च की शाम से शुरू हो गया था। जिसमें आज शाम साढ़े सात बजे मां दुर्गा की मुर्ति का अनावरण केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर करेंगे। उनके संग इस मौके पर बडखल विधायक सीमा त्रिखा और बीजेपी के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। बीती रात यानी 25 मार्च को शाम सात बजे कार्यक्रम में बाउल कलाकार ईलामा, स्वपन अधिकारी एवं लक्षण दास बाउल ने अपने सुमधुर आवाज एवं अंदाज के साथ बाउल गायन और नृत्य का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में बांग्लादेश उच्चायुक्त से प्रेस मंत्री साहबान मेहमूद और अन्य अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। साहबान मेहमूद ने इस मौके पर बांग्लादेश के आजादी में तत्कालीन भारत सरकार के अभूतपूर्ण योगदान को याद करते हुए अपनी और बांग्लादेश सरकार के तरफ से कृतज्ञता ज्ञापन की। आज जहां एक तरफ मुर्ति अनावरण किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ शाम आठ बजे पश्चिम बंगाल के बिख्यात लोक गायक वो स्वनामधन्य ईलामा, लक्षन दास बाउल, स्वपन अधिकारी एवं और साथी कलाकार कालीबाड़ी मंच पर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे।


## कोरोना के सात नए पॉजिटिव मरीज और मिले

**फरीदाबाद।** जिले में लगातार कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ रहा है। रविवार को सात नए पॉजिटिव मरीज सामने आए है। वहीं राहत की बात यह रही कि जिले में एक रोगी को स्वास्थ्य घोषित किया गया है। जिससे जिले में कोविड-19 के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 52 पर पहुंच गया है। जिसमें दो मरीज अस्पताल में भर्ती है, तो बाकि 50 रोगी होम आईसोलेशन में भर्ती है। वहीं जिले में रविवार को 156 सैम्पल जांच किए गए। निजी प्रयोगशालाओं में लिए गए 39 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिले में कोरोना का प्रकोप बदलते मौसम के कारण बढ़ रहा है। इसकी पुष्टि विभाग के द्वारा लगातार की जा रही है। लेकिन इसके बावजूद भी लोग कोविड-19 नियमों का पालन नहीं कर रहे है।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई

**फरीदाबाद।** रेलवे लाइन पार करते समय एक व्यक्ति जंक्शन केबिन के निकट ट्रेन की चपेट आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मरने वाले व्यक्ति के शव की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। इस बारे में जांच अधिकारी राजपाल सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 साल है, जिसने नीली जैकेट, नीली कमीज, हरे रंग की बनियान पहनी हुई थी, जबकि नीली जींस की पैंट पहनी हुई थी। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की पहचान कराई, पर शव की पहचान नहीं हो सकी।

## चार महीने से फरार हत्या आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** डीसीपी मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम अजय है। आरोपी फरीदाबाद के गांव अनंगपुर का रहने वाला है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गौरव की 3 नवम्बर 2022 को चाकूओं से ताबड तोड हमला करके व मारपीट करके निर्मम हत्या कर दी थी। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सूरजकुंड के हत्या के मामले में नोएडा के दादरी नामक स्थान से रेडकर गिरफ्तार किया है। आरोपी ड्राइवरी का काम करता है।मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मारुति को अदालत में पेश कर मामले में पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

# ग्रेफा की कालोनियों में लगातार हो रहे विकास कार्य: नरेंद्र गुप्ता


कालोनीवासी विधायक का स्वागत करते हुए।

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री मनोहरलाल व भाजपा सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति का ही परिणाम है कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के हर कोने में विकास किया जा रहा है। उक्त वाक्य विधायक नरेंद्र गुप्ता ने ग्रेटर फरीदाबाद के झंडू नगर में भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री जैजू ठाकुर व पार्षद उम्मीदवार बिजेंद्र बाल्मीकि के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जन विकास रैली को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

इस दौरान स्थानीय क्षेत्रों के आरडब्ल्यू के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्होंने अपनी-अपनी कालोनियों की समस्याओं से जैजू ठाकुर के माध्यम से विधायक नरेंद्र गुप्ता को अवगत कराया। रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि नहरपार आने के लिए आगरा गुड़गांव कैनाल पर घंटों जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता था परंतु अब भाजपा की सरकार में पुलों के बनने से बेहतर कनेक्टिविटी के चलते लोगों को जाम की समस्या से निजात मिली है। ग्रेटर फरीदाबाद के वे क्षेत्र जो विकास से अछूते रहते थे, वहां विकास की कवायद लगातार जारी है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि ग्रेटर फरीदाबाद में भारत कालोनी सहित आसपास के क्षेत्र की गलियों के टेंडर हो चुके हैं तथा काम जल्द शुरु कर दिया जाएगा।

# कांग्रेस के अभियान से जुड़ रहे हैं लोग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एसजीएम** नगर स्थित स्नेह विद्या निकेतन स्कूल में आयोजित हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर में हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन भी किया गया। जिसमें आंख, स्वास्थ्य जांच, हृदय रोग, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण, मष्तिष्क रोग आदि जांच की गई। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेसी नेता एवं बडखल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे विजय प्रताप सिंह ने शिरकत की।

उन्होंने कहा कि हेल्थ चैकअप कैंपों की आवश्यता हैए ताकि वो लोग जो बड़े अस्पतालों में जाकर अपनी जांच नहीं करा सकतेए अपनी जांच करा सकें। अगर नजदीक में कैंप लगते हैं तो लोग निश्चित रूप से ऐसे कैंपों का फायदा उठाते हैं। इस मौके पर विजय प्रताप ने राहुल गांधी के मुद्दे पर कहा की यह इस तरह का पहला मामला हैए जिसमें सजा सुनाई गई है। ये कहीं न कहीं लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश हैं। भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने स्वयं कहा था कि विपक्ष को विरोधी मानना कहीं ना कहीं लोकतंत्र को खत्म करने की साजिश है। मगर, शायद उनकी बातों को श्री मोदी नही मानते और जो भी उनके विपक्ष में होता है, उसको खत्म कर दिया जाता है।


कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के दौरान उपस्थित लोगों के साथ वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह।

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता को लेकर जिला संयोजक ने कहा कि लोग बड़ी संख्या में इस अभियान से जुड़ रहे हैं। हम स्थानीय मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। आज पूरे शहर में भ्रष्टाचार चरम पर है, महंगाई, बेरोजगारी जैसे मुद्दों से लोग आहत है। उन्होंने कहा कि एक हल्की सी बारिश में शहर जगह-जगह में जलभराव हो जाता है और लोगों के घरों तक में सीवर का पानी भर जाता है। बडखल झील को सीवर के पानी से भरने की कोशिश की जा रही है, मगर शहर में जगह जगह सीवर का पानी बह रहा है।

नगर निगम चुनावों को लेकर उन्होंने सरकार पर तंज भी कसा कि ऐसा आपने कहीं सुना है कि सवा साल हो चुके हैं, मगर सरकार चुनाव कराने से डर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी नाकामियों एवं कमियों को छिपाने के चक्कर में चुनाव से बच रही है। मगर, इस तरह कब तक सरकार चुनावों को टालेगी। इसमें मुख्य अतिथि विजय प्रताप के साथ स्कूल चेयरमैन मास्टर वीरेंद्र, ओमप्रकाश गौड़, राजेश बैंसला, विनोद कौशिक, महेश अग्रवाल, विरेंद्र मावी, ईशान कथूरिया, सोहेल सैफी, नरेश रावत डायरेक्टर ऑस्कर मेडिकेयर, राकेश रावत, विनोद रावत, ललित मनराल, अशोक थपलियाल, कम्मू प्रधान, लव भाटी, राहुल सरदाना, कैलाश शर्मा, गणेश नेगी, गजेंद्र रावत, सीएम कोठियाल, कुलबीर रनावत, जसबीर पंवार, राजवेंद्र कंडारी आदि मौजूद रहे।

# 610 ग्राम गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा के पूरे हरियाणा में नशा के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन आक्रमण के तहत कार्रवाई के दिए गए हैं। दिशा-निर्देश के तहत अवैध नशा तस्करी के मामले में महिला को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महिला का नाम रजनी है। आरोपी महिला मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के बरसाना की, हाल नियर अंखिर चौक श्यामनगर झुग्गी की रहने वाली है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी महिला को अपने सूत्रों से प्राप्त अनखिर चौक के पास झुग्गियों में काबू किया गया है। आरोपी महिला की तलाशी लेने पर आरोपी महिला से 610 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना सूरजकुंड में अवैध नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर उचित कानूनी कार्रवाई की गई है।

# विकास की बढ़ती तेज रफ्तार रुकनी नहीं चाहिए : कृष्णपाल गुर्जर

## केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शहरी स्वास्थ्य केंद्र के 46 बेड के अस्पताल का उद्घाटन किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं मानव समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इन सेवाओं के माध्यम से लोगों को बीमारियों से निपटने में मदद मिलती है और स्वस्थ जीवन जीने में भी मदद मिलती है। स्वास्थ्य सेवाएं सभी लोगों के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को मेवला महाराजपुर, सेक्टर-45 में शहरी स्वास्थ्य केंद्र के 46 बेड के अस्पताल का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने वहां उपस्तिथ लोगों को सम्बोधित करते हुए कहाकि 2014 से पहले फरीदाबाद की, उसके गावों, कालोनियों और सेक्टरों की क्या हालात थी। जितना विकास इन 9 वर्षों में फरीदाबाद का हुआ है। उसकी तुलना अगर पिछले 30 से 40 से करोगी तो इन 9 वर्षों में कई ज्यादा गुना विकास कार्य हुए है। प्रधानमंत्री मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश, प्रदेश सहित फरीदाबाद में पिछले 9 सालों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए हैं। गत 9 वर्षों के कार्यकाल में फरीदाबाद में जो तेजी से हाईवे और सड़कें बनी है, उसके कारण फरीदाबाद की कनेक्टिविटी बहुत बेहतर हुई है। जब इटली के प्रधानमंत्री कहती है कि नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं तो हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। मोदीजी हमेशा कहते हैं यह मेरी ताकत नहीं यह देश के लोगों के साथ की ताकत है। जो मैं देश के लिए बड़े-बड़े निर्णय ले पा रहा हूं। अच्छे और मजबूत लोग राजनीति में आएंगे देश के बारे में सोचेंगे तभी देश का विकास होगा। आज भारत का जलवा पूरी दुनिया में कायम है भारत के अध्यक्ष अधिकतर देश भारत के साथ खड़े हैं। आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प मोदी जी ने लिया है पहले सेना का सम्मान किया जाता था 70 परसेंट समान का निर्माण हम स्वयं कर रहे हैं।


जनसभा को सम्बोधित करते केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर।

# फुटबॉल एसोसिएशन की टीम अमृतसर रवाना

**फरीदाबाद।** हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अश्वनी त्रिखा, मेम्बर ओम तंवर, टीम मैनेजर शक्तिसिंह, हेड कोच इंदु शर्मा, सहकोच मीरा कुमारी, फिजियो रोशनी राज यह सभी ऑफिशियल हरियाणा सीनियर वूमेन टीम को लेकर अमृतसर के लिए रवाना होने से पहले मानव रचना यूनिवर्सिटी में 13 से 25 मार्च तक कैंप के बाद फोटो सेशन हुआ और केएल मेहता दयानंद ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरपर्सन आनंद मेहता व सरकार तलवार सभी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।


इस अवसर पर डीएफए फरीदाबाद के सचिव रविंदर उर्फ बंटू भाटिया, सुभाष भाटिया, महेन्द्रगढ़ जिले डीएफए के सेक्रेटरी मनदीप सिंह, दादरी जिले के सेक्रेटरी मन्नु धनखड़, हरियाणा फुटबॉल एसोसिएशन की आर्गेनाइजेशन सेक्रेट्री सफाली नांगल और सिमरन कौर तथा जितिन दौहान मानव रचना यूनिवर्सिटी के सह कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे।

# स्कार्पियो छीनने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**डीसीपी** क्राइम मुकेश मल्होत्रा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने मारपीट करके स्कार्पियो गाडी स्नेचिंग करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम नवाब खान है। आरोपी फरीदाबाद के जीवन नगर सेक्टर-55 का रहने वाला है। आरोपी ने वर्ष 2021 के अक्टूबर माह में अपने साथीयों के साथ मिलकर जीवन नगर के रहने वाले अमन प्रकाश से गाडी स्कार्पियो, चेन व मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मामला थाना सेक्टर 58 में दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से सेक्टर 58 की स्नैचिंग के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शिकायतकर्ता के साथ बिजनेस पार्टनर है। आरोपी ने वारदात को योजना बनाकर अपने अन्य साथियों के माध्यम से अंजाम दिया था।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी नवाब खान।

मामले में पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। मामले में फरार चल रहे अन्य आरोपियों की पुलिस की तलाश कर रही है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। मारुति को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# बेहतर शिक्षा देना होना चाहिए शिक्षण संस्थाओं का ध्येय : विधायक सिंगला

### सेक्टर-14 में किया यूनो टेस्ट प्रेप संस्थान का उद्घाटन

### आईआईटी और मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी कराएगा संस्थान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



सेक्टर-14 में किया यूनो टेस्ट प्रेप संस्थान का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शिक्षण संस्थानों का ध्येय बेहतर शिक्षा देना होना चाहिए। वहां पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य उनके हाथों में सुरक्षित हो। यह बात उन्होंने रविवार को यहां सेक्टर-14 में यूनो टेस्ट प्रेप संस्थान का उद्घाटन करते हुए कहीं।

विधायक ने संस्थान के संस्थापक महेंद्र अग्रवाल को बधाई दी। इस अवसर पर विष्णु मंगला, प्रवीण अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, गगनदीप भल्ला, नितिन ढिंगरा, संजीव अग्रवाल, पवन अग्रवाल, सुमित गुप्ता, मनीष जैन, अनिल सहरावत, उमेश, अनिल चतुर्वेदी, रवि अम्बावता, राजपाल, सुमन शर्मा आदि मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि चाहे स्कूल, कालेज हो या कोई प्रतियोगिताओं की तैयारी करवाने वाला संस्थान। अपने आप को समय के साथ अपडेट करते हुए उसका लाभ विद्यार्थियों को देना सुनिश्चित करना चाहिए। कोई भी माता-पिता अपने बच्चों को प्रतियोगी संस्थानों में इसी उम्मीद के साथ भेजते हैं कि वहां पर बच्चों का भविष्य बनेगा।

एक तरह से इन संस्थानों पर देश का भविष्य बनाने की जिम्मेदारी होती है। यहां से पढ़ने वाले छात्र इंजीनियर, डाक्टर और अन्य क्षेत्रों में जाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें ज्ञान देते समय उनकी रुचि का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। विद्यार्थियों को विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि उन्हें एक साथ एक से अधिक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी नहीं करनी चाहिए।

हर परीक्षा का डिफरेंट पैटर्न होता है। हर पैटर्न की तैयारी का अलग तरीका होता है। एक साथ कई परीक्षाओं की तैयारी से सिलेबस और कोर्स में भ्रम होने लगता है. इसलिए किसी विशेष परीक्षा की तैयारी एक बार में करें, ताकि विषय और परीक्षा पैटर्न स्पष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में टाइम मैनेजमेंट होना बहुत अनिवार्य है। सब जानते हैं कि सफलता के लिए समय प्रबंधन की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। रणनीति कुछ ऐसे बनानी चाहिए, जिससे बाद में रिवीजन के लिए पर्याप्त समय मिल सके। अधिकतर लोग समय का ध्यान नहीं रखते हैं। जिसकी वजह से उन्हें रिवीजन का पर्याप्त समय नहीं मिल पाता है। इससे कोई भी विषय पूरी तरह से क्लियर नहीं होता।

# बोध राज सीकरी ने किया राम भक्तों का अभिनंदन



गुरुग्राम में शोभायात्रा में रामभक्तों का अभिनंदन बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** हिंदू नव वर्ष संवत 2080 आज 26 मार्च 2023 और आने वाली राम नवमी के उपलक्ष्य में एक भव्य श्रीराम शोभायात्रा का आयोजन राम भक्तों द्वारा किया गया। यात्रा सरस्वती कुंज मारुति विहार से शुरू होकर सुशांत लोक बी ब्लॉक, सुशांत लोक सी ब्लॉक, राजपथ से पीच ट्री बिल्डिंग, व्यापार केंद्र होते हुए वापस चकरपुर में समाप्त हुई।

राजपथ गेट पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रसिद्ध उद्योगपति एवं जाने माने समाजसेवी बोध राज सीकरी ने सरपंच सतीश यादव, पार्षद अनिल आरती यादव, विष्णु खन्ना, दीपक वर्मा, संजय टंडन ,राजीव छाबड़ा ,सतीश खन्ना, सतीश चावला, अजय भार्गव, दिनेश भारती, संतोष, नीलम ओबरॉय और उदय एवं अन्य लोगों के साथ शोभा यात्रा का भव्य स्वागत फूल वर्षा से किया एव फल और जूस प्रसाद रूप में सभी को बांटा। सारा वातावरण राममय में हो गया और भक्तों ने रामधुन के ऊपर एक समा बांध दिया। पांच सौ से अधिक लोगों ने इसमें शिरकत की। जिसमें युवा महिला और सभी वर्ग के लोग बाइक पर, स्कूटर पर पैदल या फिर अपनी-अपनी कार में शोभायमान थे। बोधराज सीकरी ने कहा कि हमारी सभ्यता और हमारी परंपराएं जागृत हो रही हैं, यह प्रसन्नता का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरेआम शराब बेचने वाले को 36 बोतल समेत दबोचा

**सोहना।** मारुति कुंज चौकी पुलिस ने रिठौज में परचून की दुकान के सामने बैठकर सरेआम अवैध शराब बेचने वाले को दबोचा। गिरफ्तार आरोपी से प्लास्टिक के कट्टा में रखी 36 बोतल शराब की बरामद की हैं। भोंडसी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह एएसआई आमिर ने गश्त के दौरान रिठौज गांव में दमदमा जाने वाले मार्ग के टी प्वाइंट पर बनी परचुन की दुकान के सामने बैठकर एक व्यक्ति सरेआम शराब बेच रहा था। जिससे मौके पर पहुंच पकड़ लिया। जिसकी पहचान गांव सहजावास निवासी समयसिंह के रूप में हुई है। समय सिंह रविवार की सुबह भोर प्लास्टिक के कट्टा में रखकर आने जाने वालों को शराब बेच रहा था। जिसके के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को मौके पर ही कच्ची जमानत पर छोड़ दिया है।

### सड़क पार करते मजदूर की वाहन से कुचलने से मौत

**सोहना।** तावडू जाने वाले मार्ग पर सदर थाना की नाक के नीचे अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहा 59 वर्षीय मजदूर को कुचल दिया। जिससे मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। वार्ड-13 पहाड़ कॉलोनी में टेंट की दुकान पर काम करने वाला 59 वर्षीय मजदूर नानक शनिवार की देर रात समय करीब पौने 12 बजे सदर थाना के नीचे तावडू मार्ग को पैदल पार कर रहा था। तभी तावडू की तरफ से बेकाबू गति से आया अज्ञात वाहन ने नानक को सीधी टक्कर मार दी। नानक वाहन की टक्कर लगने के साथ ही सड़क पर गिर गया। टक्कर मारने वाले वाहन के टायर नानक के पेट को कुचलते हुआ आगे निकल गया। अज्ञात चालक अपने वाहन को बिना रोके मौके से भगाकर ले गया। समाज सेवी टेकचंद ने बताया कि नानक कॉलोनी में ही टेंट की दुकान पर पिछले करीब 30 वाल से मजदूर करता था। शनिवार की रात को भी वह काम से वापस अपने घर आ रहा था। उन्होंने बताया कि सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरों से वाहन की खोज की जा रही है। शहर थाना पुलिस ने अज्ञात वाहन व चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। रविवार को मृतक नानक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

### अपराध शाखा सोहना पुलिस ने बदमाश को हथियार समेत दबोचा

**सोहना।** सोहना अपराध शाखा पुलिस ने युवक को चोरी की बाइक और अवैध हथियार समेत दबोचा। आरोपी के खिलाफ भोंडसी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। अपराध शाखा पांच सोहना के प्रभारी एसआई राजकुमार ने बताया कि शनिवार/रविवार की रात को हवलदार सोनू के नेतृत्व में गठित टीम टोल के निकट महेन्द्रवाड़ा मोड़ पर नाकाबंदी करके वाहनों की जांच पड़ताल कर रही थी। उसी समय एक नौजवान बाइक सवार आया और पुलिस का नाका देख भागने लगा। हवलदार सोनू ने सिपहियों की मदद से भाग रहा बाइक सवार को पीछा करते हुए पकड़ा। जिसकी पहचान दिल्ली नजफगढ़ सेनी इंकलेव निकट सीआरपीएफ कैंप झाडोदा निवासी कुलदीप के रूप में हुई है। जिसके पास से तलाश में एक देशी कट्टा एक जिंदा राउंड के समेत पकड़ा। आरोपी कुलदीप बाइक के भी कोई कागजात पेश नहीं कर सका। जिसके खिलाफ अवैध हथियार रखने व चोरी की बाइक का उपयोग करने का मामला दर्ज कराया गया है।

### ऑपरेशन आक्रमण के तहत तीन वांछित काबू

**फरीदाबाद।** ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस आयुक्त विकास अरोडा के दिशा-निर्देश पर, डीसीपी नरेन्द्र कादियान व एसीपी अभिमन्यु के नेतृत्व में थाना सारन प्रभारी राजेश कुमार द्वारा बनाई गई विशेष टीम उ.नि. मनोज कुमार प्रभारी चौकी, स.उ.नि. सुरेन्द्र कुमार, एच.सी. भूपराम, एच.सी. शीशपाल, एच.सी. सोनू, एचसी मीनू, सिपाही गुरूदास व सिपाही कृष्ण कुमार ने फरार चल रहे उद्घोषित आरोपी बोबी पुत्र रामजीत निवासी मकान न. 145, संजय इन्कलेव, पर्वतीय कालोनी, फरीदाबाद हाल किरायेदार मकान न. 8287, नियर सिद्धि विनायक अस्पताल, संजय कालोनी को गिरफ्तार किया। थाना सारन में अदालत से बेल जम्पर चल रहे आरोपी विकास पुत्र बाबूलाल निवासी गांव गाजीपुर जिला फरीदाबाद को भी ऑपरेशन आक्रमण के तहत गिरफ्तार किया गया।

# अंगदान के लिए पीएम की प्रेरणा बनेगी मुहिम



गुरुग्राम के सिकंदरपुर बढ़ा में बूथ नंबर-129 पर सुनी पीएम के मन की बात सुनते सरपंच सुंदर लाल।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**सरपंच** एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष सरपंच सुंदर लाल यादव ने रविवार को अपने गांव सिकन्दर पुर बढ़ा के बूथ नंबर 129 पर बूथ के पदाधिकारी और आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण, देश के किसानों और सभी देशवासियों को अंगदान करने के लिए जागरूक किया।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अंगदान के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि अंग दान आज के समय की जरूरत है। समाज को इसके प्रति जागरुक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति संसार से विदा होने पर भी अपने अंगदान करके कई लोगों को जीवनदान दे सकता है। आज के समय में लाखों लोग का जीवन इसलिए खतरे में है कि उनके कई अंग खराब हो चुके हैं और वे दान में अंग मिलने के इंतजार में हैं। बहुत से लोगों की मृत्यु भी अंग दान के अभाव में हो जाती है। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि जिस तरह से खून दान करके हम एक मरीज को जीवन दान देते हैं, ऐसे ही हमें अंगदान के लिए भी शपथ लेनी चाहिए। इसके लिए अधिकृत संस्थाओं में आवेदन करके हम अंग दान का प्रण ले सकते हैं। किडनी, लीवर हमारे शरीर के मुख्य अंग हैं। इन्हें जीते जी भी दान किया जा सकता है। इसके लिए सरकार ने अब कानूनों में भी ढील दी है। पहले जहां खून के रिश्तों में यह अंग दान किए जा सकते थे, अब कोई भी व्यक्ति किसी को भी अंग दान कर सकता है।

सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि अपने मन की बात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर बात एक ऐसे सामाजिक विषय पर काम करते हैं, जो कि देश की जनता के हित में होता है। देश को आगे बढ़ाने के लिए हर स्तर पर प्रयासरत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार मन की बात से मन को छुआ है। अंग दान ऐसा विषय है, जिस पर बहुत कम बात होती है। पीएम ने इसे देश के सामने प्रेरणा के रूप में रखा है। भविष्य में इसके लिए बड़े बदलाव नजर आएंगे।

# महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है सुषमा स्वराज

### ओजस्वी एवं प्रखर वक्ता रही है सुषमा स्वराज : अजीत बेनीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम में महिलाओं को सम्मानित करती गार्गी कक्कड़ व अन्य।

**भारतीय** जनता पार्टी गुरुग्राम की महिला मोर्चा की टीम ने भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में सुषमा स्वराज अवार्ड का आयोजन किया। कार्यक्रम में बाल कलाकारों के द्वारा कई सांस्कृतिक प्रोग्राम भी रहे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अजीत बेनीवाल सदस्य शीतला माता श्राइन बोर्ड ने कहा कि सुषमा स्वराज जी पेशे से एक वकील थीं, लेकिन उन्होंने अपने राजनीतिक कैरियर की शुरुआत 1970 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से की थी। अपाल काट के बाद भी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गई। बाद में वह भाजपा की राष्ट्रीय नेता बनी। सुषमा स्वराज जी 1977 से 1982 तक हरियाणा विधानसभा की सदस्य रही। 25 साल की उम्र में उन्होंने हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी देवी लाल के नेतृत्व वाली जनता पार्टी की सरकार में सबसे कम उम्र की कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। महज 27 साल की उम्र में ही जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्हें हरियाणा विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष के रूप में पुरस्कार से नवाजा गया। 2004 में वह उत्कृष्ट सांसद पुरस्कार प्राप्त करने वाली एकमात्र महिला सांसद बनी। इस दौरान जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने कहा कि भारत के इतिहास में सुषमा स्वराज जी को विपक्ष की पहली महिला नेता बनाया गया था। सुषमा स्वराज जी के पास राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक पार्टी की पहली महिला वक्ता बनने का रिकॉर्ड है कॉलेज के दिनों में सुषमा जी लगातार 3 वर्षों तक एनसीसी की सर्वश्रेष्ठ कैडेट और हरियाणा सरकार के भाषा विभाग की आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लगातार तीन बार सर्वश्रेष्ठ हिंदी वक्ता का पुरस्कार जीता। महिला होने के नाते हम सब महिलाओं के लिए यह गर्व की बात है कि वह एक महान वक्ता, एक विनम्र इंसान और एक महान भारतीय राजनीतिज्ञ थी हम सभी के लिए वह हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगी। कार्यक्रम के उपरांत बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यक्रम संयोजक प्रवीण जोशी, प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी अलीशा तोमर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ज्योति डेंबला, महिला मोर्चा की कार्यकारी जिलाध्यक्ष मनीता गर्ग, सहित अन्य महिला मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रही।

# डीसीपी ने पुलिस बल के साथ निकाला पैदल मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

### पैदल मार्च का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच तालमेल बढ़ाना



डीसीपी पुलिस बल के संग पैदल मार्च करते हुए।

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश के तहत डीसीपी एनआईटी नरेंद्र कादयान ने आज अपनी टीम के साथ अनखीर चौकी से सेक्टर 21 ष की मार्केट व सेक्टर 45 पैदल मार्च निकालकर आमजन से पुलिस कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनी।

इस अवसर पर उनके साथ एसएचओ सूरजकुंड, एसजीएम नगर, कोतवाली, एनआईटी, पुलिस चौकी अंखिर, ग्रीन फील्ड, सेक्टर 46, दयालबाग इंचार्ज सहित एरिया के थाना प्रभारी अपनी पूरी टीम के साथ पैदल मार्च में मौजूद रहे। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गृह मंत्रालय व पुलिस महानिदेशक पंचकूला द्वारा दिए गए आदेश व पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार डीसीपी एनआईटी ने आज पुलिस फोर्स के साथ पैदल मार्च निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस पैदल मार्च का उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच तालमेल बिठाकर समाज में भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा पैदल मार्च निकालने पर आपराधिक किस्म के व्यक्ति के मन में पुलिस का खौफ पैदा होता है और वह अपराधिक गतिविधियां अंजाम देने से डरता है। यह पैदल यात्रा अंखिर चौक से शाम 5ः00 बजे से शुरू होकर सेक्टर 21ष, सेक्टर 21 मार्केट, सेक्टर 45 मार्केट व रिहाईसी एरिया से होते हुए अंखिर चौक पर समाप्त की गई। डीसीपी द्वारा निकाले गए पैदल मार्च में उन्होंने आमजन के साथ बातचीत करी और उनसे फरीदाबाद पुलिस के कार्यों के बारे में फीडबैक लिया तथा उनकी समस्याएं सुनी।

थाना व चौकी क्षेत्र में रात के समय पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के लिए कुछ लोगों ने सुझाव दिया जिसके पश्चात डीसीपी ने थाना व चौकी प्रभारी को रात के समय नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। यह पैदल मार्च फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में अलग-अलग समय पर आयोजित किया जाएगा और आमजन को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक करके शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया जाएगा। पैदल मार्च के दौरान डीसीपी ने आमजन को सामाजिक शांति व्यवस्था कायम रखने तथा भाईचारे की भावना बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज में रह रहे नागरिक पुलिस का सहयोग करके शहर में शांति व्यवस्था को कायम रखने में पुलिस की मदद कर सकते हैं।

# शहर की सड़कों पर छाया अंधेरा नहीं जाग रहा नगर परिषद प्रशासन

### ठेकेदार और नगर परिषद के कर्मचारी खराब स्ट्रीटों की जानकारी होने पर भी बने हैं अंजान

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना



बालूदा मार्ग पर लगी स्ट्रीट लाइट न जलने के कारण शो पीस बनी लाइट।

**तेज** आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुई नगर परिषद सीमा क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी ठीक नहीं हो सकी हैं। शहर के अंदर और बाहर जाने वाले मार्गों पर अंधेरा छाया हुआ है। ठेकेदार और नगर परिषद के कर्मचारी खराब स्ट्रीटों की जानकारी होने पर भी अंजान बने हैं।

पिछले शनिवार 19 मार्च को तेज आंधी, बारिश और भारी ओलावृष्टि ने जनजीवन को हिलाकर रख दिया था। इस तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से नगर परिषद सीमा क्षेत्र में भारी मात्रा में सड़कों पर लगी स्ट्रीट लाइटें खराब हो गई थीं। खराब हुई स्ट्रीट लाइटों को 8 दिन बीत जाने के बाद भी ठीक नहीं किया गया है। न ही खराब हुई स्ट्रीट लाइटों की सर्वे की गई है। जबकि नगर परिषद द्वारा जनवरी माह में एक साल के लिए स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने के जिम्मेदारी फॉरचून एजेंसी को दिया था। इसके अलावा नगर परिषद के कर्मचारी भी ठेकेदार की टीम के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का कार्य कछुआ गति से एजेंसी कर्मचारी कर रहे हैं। जिसको लेकर परिषद की तरफ से बीते तीन माह में दो बार कार्य धीमी गति से किए जाने पर नोटिस भी दिए गए हैं। जिनका असर एजेंसी के ऊपर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं छोड़ पा रहे है। इसी कारण के चलते खराब हुई स्ट्रीट लाइटें 8 दिन बीत जाने के बाद भी ठीक नहीं हुई है।

**कौन-कौन से मार्गों पर है अंधेरा :** आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का स्ट्रीट लाइटों पर सबसे ज्यादा प्रभाव ग्रामीण क्षेत्र को जाने वाली सड़कों के किनारे पर पड़ा है। जहां पर बारिश और ओलावृष्टि से 50 फीसदी लाइटें खराब हो गई हैं, लेकिन खराब हुई स्ट्रीट लाइटों में केवल टूटने या शार्ट सर्किट होने से जलने का तक का नुकसान हुआ है। जिनकी जानकारी ठेकेदार और परिषद के कर्मचारियों को भी है, लेकिन जानकर भी उन्हे ठीक करने में लापरवाही बरती जा रही है। जिन सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें खराब हुई हैं। उनमें बालूदा मार्ग, दमदमा मार्ग, रायसीना, जखोपुर, पलवल, तावडू, धुनेला से बेरका आदि शामिल हैं।

**रात में की जाए खराब लाइटों की जांच :** नगर परिषद सीमा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद या एजेंसी कर्मचारी रात के समय में स्ट्रीट लाइटों की जांच करें। शिकायत मिलने वाली स्ट्रीट लाइटों को दिन के समय में ठीक कर दिया जाता है। जबकि रात में न ठेकेदार के कर्मचारी और न ही नगर परिषद के कर्मचारी जांच के लिए आते है।

जगबीर का कहना है कि सरकार और आम नागरिकों से विकास शुल्क के नाम पर वसूली जाने वाली राशि का दुरुउपयोग हो रहा है। चालू स्ट्रीट लाइटें 24 घंटा जलती रहती हैं। जिससे परिषद पर बिजली निगम का बिल का बोझ बढ़ता है। जबकि परिषद प्रशासन को स्ट्रीट लाइटों को शाम होने पर जलाने तथा सुबह भोर होने पर बंद करने के लिए कर्मचारी तैनात करने चाहिए।

# कैनविन ने अब सेक्टर-45 में शुरू किया पॉलिक्लीनिक

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

### कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने पीएम के मन की बात भी सुनी



सेक्टर-45 में कैनविन पॉलिक्लीनिक के शुभारंभ डॉ. डीपी गोयल, नवीन गोयल व अन्य अतिथिगण।

**रविवार** को गुरुग्राम की जनता के लिए कम दरों पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए कैनविन फाउंडेशन ने सेक्टर-45 में कैनविन सेवा पॉलिक्लीनिक की शुरुआत की। यह कार्यक्रम तब और खास हो गया जब समारोह में बड़ी स्क्रीन पर पूरे व्यवस्थापक तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनाई गई। पंडाल में मौजूद लोग पीएम के मन की बातों से प्रेरित हुए। उनके द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों की भी कैनविन के इस कार्यक्रम में खुले मन से सराहना की गई। प्रधानमंत्री के एक भारत-श्रेष्ठ भारत की कल्पना को साकार करने के लिए कैनविन के मंच से लोगों ने अपना वक्तव्य दिया।

सेक्टर-45 पॉलिक्लीनिक के उद्घाटन पर मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल ने शिरकत की। अध्यक्षता आर्टेमिस अस्पताल से कैंसर सुपर स्पेशलिस्ट डा. हरि गोयल ने की। उप-सिविल सर्जन गुरुग्राम डा. नरेश गर्ग, गुरुग्राम नर्सिंग होम एवं डायगनोस्टिक एसोसिएशन के प्रधान डा. राजेश कटारिया का सानिध्य होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड-31 से निवर्तमान पार्षद कुलदीप वोहरा, वार्ड-32 से पार्षद आरती यादव के पति अनिल यादव, सेक्टर-45 आरडब्ल्यूए प्रधान ओमप्रकाश यादव, अग्रसेन वैश्य समाज सभा सेक्टर-45 के प्रधान रतनलाल गुप्ता, यूजीआर एवं आरडी सिटी आरडब्ल्यूए प्रधान प्रवीण यादव, सेक्टर-52 आरडब्ल्यूए प्रधान कृष्ण यादव पहुंचे।

भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल ने कहा कि नि:स्वार्थ समाज सेवा का दूसरा नाम है कैनविन फाउंडेशन। कम समय में स्वास्थ्य सेवाओं का जितना विस्तार कैनविन ने किया है, वह काबिले तारीफ है।

आर्टेमिस अस्पताल से कैंसर सुपर स्पेशलिस्ट डा. हरि गोयल ने कहा कि डा. डीपी गोयल और नवीन गोयल को समाजसेवा को समर्पित इस नए पॉलिक्लीनिक के लिए शुभकामनाएं। कैनविन फाउंडेशन का काम अपने आप में खास है। इससे पहले उन्होंने ऐसी कोई संस्था नहीं देखी, जिसने इस स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए काम किया हो। डा. हरि गोयल ने कहा कि कैनविन के इस नए पड़ाव में उनका यहां आना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कैनविन को वे बहुत नजदीक से जानते हैं। इनकी सेवाओं का कोई मोल नहीं है। उप-सिविल सर्जन डा. नरेश गर्ग ने कहा कि अपने स्तर गुरुग्राम में हेल्थ सर्विसेज देते हुए सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का आमजन को लाभ पहुंचाकर कैनविन अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को सिरे चढ़ाने में निजी संस्थाओं, संस्थानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। डा. वोहरा ने कहा कि पहले तो प्रयास यही रहे कि हम बीमारियों से दूर रहें। अपना खान-पान सुधारें। हमारा स्वास्थ्य अगर सही होगा तो हम किसी भी परिस्थिति से बाहर निकल सकते हैं।

गुरुग्राम नर्सिंग होम एवं डायगनोस्टिक एसोसिएशन के प्रधान डा. राजेश कटारिया ने भी गोयल बंधुओं के कार्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि कैनविन फाउंडेशन से जो स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का जो प्रयास है, वह अनूठा काम है। कैनविन ने जिस तरह से गुरुग्राम के अलग-अलग क्षेत्रों में पॉलिक्लीनिक शुरू किए हैं, आम और गरीब आदमी इनका आभारी है। हजारों के टैस्ट व अन्य जांच यहां चंद रुपयों में हो जाती है। आरडब्ल्यूए आरडी सिटी प्रधान प्रवीन यादव ने कहा कि दोनों भाइयों ने गुरुग्राम के पर्यावरण को सुधारने और गुरुग्राम के लोगों की सेहत को सुधारने का काम किया है। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला समिति की जिला अध्यक्ष समता सिंगला ने कविता सुनाई।

**गुरुग्राम में वंदे भारत ट्रेन का ठहराव : डा. डीपी गोयल**

**डा. डीपी** गोयल ने कहा कि मई महीने में कैनविन आरोग्य अस्पताल की शुरुआत होगी। वहां पर स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करके गुरुग्राम की जनता को स्वास्थ्य लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कैनविन का यही प्रयास है कि हम गुरुग्राम में स्वास्थ्य सुविधाओं को निम्न से उच्च स्तर तक लेकर जाएं।

**गुरुग्राम के लिए है बड़ी प्लानिंग : नवीन गोयल**

**नवीन** गोयल ने कहा कि गुरुग्राम के हर विषय पर बड़ी प्लानिंग कर रखी है। गुरुग्राम की जनता का साथ चाहिए। सेहत के साथ लोगों के दैनिक जीवन में रोजमर्रा का चिंता करना भी हमारा फर्ज है। पिछले दिनों कराए गए कार्यों को लेकर नवीन गोयल ने कहा कि सब जानते हैं कि बसई रोड पर आटो मार्केट कूड़े का डंपिंग स्टेशन बन गया था। इसके लिए परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का तहे दिल से धन्यवाद है, जिन्होंने जनता की मांग को पूरा करके अंतरराज्यीय परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। कार्यक्रम में आनंद लाफ्टर क्लब से आनंद तायल व टीम, डा. विनोद धर्मानी, सतीश धर्मानी, धनराज केडिया, एमएल सिंगला, पुनीत पाहवा, पूर्व प्रधान सेक्टर-45 आरडब्ल्यूए, अमीर यादव, कृष्ण रोहिल्ला, गजेंद्र गुप्ता, नेहा अग्रवाल, हरीश यादव, विजयपाल यादव, कर्नल रोशन लाल, भाविप अध्यक्ष रिषी अग्रवाल, संदीप गुता, राजकुमार सांगवान बॉक्सर, अंबिका प्रसाद, बाली पंडित, गगन गोयल, ललित क्रांतिकारी, पारस बक्सी, जगतार सिंह, सुल्तान वाल्मीकि, धर्मेंद्र तंवर सेक्टर-67 आरडब्ल्यूए प्रधान, सुरेश काला, करण सिंह बिष्ट, अपूर्वा खंडेलवाल, रीमा नारंग, मुंजाल सभा के प्रधान चंद्रपाल, हेमराज गुप्ता, एसएन कादयान, कर्नल आरके शर्मा, रितु, दीपचंद फौजी, रामकुमार, बालकिशन हुड्डा, महेंद्र यादव समेत अनेक लोगों ने शिरकत की।

# एससी-ए समाज को नौकरियों में भी आरक्षण कराएंगे बहाल : मंत्री शर्मा

**नूह पहुंचे परिवहन एवम खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री से करेंगे चर्चा**

**वंचित वर्ग समाज कल्याण हरियाणा के कार्यक्रम में बाल्मीकि समाज को दिलाया भरोसा**

पायनियर समाचार सेवा। मेवात


मूलचंद शर्मा परिवहन एवम् खनन मंत्री हरियाणा सरकार और मंचासीन अन्य लोग।

**परिवहन** एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने एससी ए ये समाज के लोगों को भरोसा दिलाया की शिक्षा की तर्ज पर एससीए में आने वाली जातियों को नौकरियों में भी आरक्षण बहाल करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत की जाएगी। वह रविवार को अनाज मंडी नूह में प्रस्तावित राष्ट्रीय समाज कल्याण सोसायटी द्वारा आयोजित वंचित वर्ग समाज कल्याण हरियाणा के कार्यक्रम में खासकर बाल्मीकि समाज के लोगों से रूबरू होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि एससी ए ये समाज के लोगों ने जो यह कार्यक्रम रखा है, जो शिक्षा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एससी ए को आरक्षण दिया है। वह बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि बाल्मीकि समाज के अलावा एससी ए में 30–35 समाज आते हैं। उन्होंने कहा कि सभी समाज चाहते हैं कि उन्हें एससी ए में उनको शामिल किया जाए और नौकरियों में आरक्षण दिया जाए।

जैसे शिक्षा विभाग में सरकार ने किया है, ऐसे ही नौकरियों में भी उनका हिस्सा मिले। सभी को अपना अपना हक मिलना चाहिए। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि कैबिनेट की बैठक में हम कोशिश करेंगे कि अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए और विकास के लिए कहीं तक भी जाना पड़े उनकी मदद करेंगे।

उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। मूलचंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के लोग भले ही सत्याग्रह करें। कानून अपना काम कर रहा है। कोई भी पार्टी हो कानून अपना काम कर रहा है। न्यायपालिका से कोई ऊपर नहीं है। कांग्रेस के लोगों को कानून पर भरोसा रखना चाहिए। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 1 सप्ताह में तकरीबन 2200 बसें आने वाली हैं। अप्रैल के महीने में बसों की कमी को पूरा कर दिया जाएगा। 15 बस नूंह में आ चुकी हैं, 20 बसों की जो डिमांड है। उन्हें भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेवात जिले में जितने भी अधूरे काम हैं, चाहे परिवहन विभाग के हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के हैं, किसी भी विभाग के हैं। चाहे भवनों की कमी हो या कोई अन्य कमी हो सभी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्प है और लोगों के हित में बड़े व कड़े फैसले लिए जा रहे हैं। वंचित वर्ग समाज कल्याण द्वारा आयोजित अनाज मंडी नूंह में इस कार्यक्रम में होडल के विधायक एवं चेयरमैन जगदीश नायर ने विशेष रुप से भाग लिया।

इस कार्यक्रम में वंचित समाज से जुड़े सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और अपनी मांगों से जुड़ा हुआ एक ज्ञापन पत्र कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के मार्फत प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भेजा। लोकसभा तथा विधानसभा के चुनाव नजदीक होने के चलते अब प्रदेश में सभी समाज अपना हक लेने के लिए लामबंद होते दिख रहे हैं।

# मां भगवती के विशाल जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु


जागरण में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते बांके बिहारी सखा मंडल के कार्यकर्ता।

**पुन्हाना।** श्रीबांके बिहारी सखा मंडल ने मां भगवती के विशाल 11वें जागरण का शहर के पंजाबी बारात घर में भव्य आयोजन किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध उद्योगपति जितेंद्र सिंगला होडल ने हिस्सा लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में गो सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन भानीराम मंगला, चेयरमैन बलराज सिंगला, फिरोजपुर नगर पालिका चेयरमैन मनीष जैन व भटठा एसोसिएशन के जिला प्रधान जवाहर मंगला मौजूद रहे। श्रीबांके बिहारी सेवा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों को भटका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

मां भगवती के विशाल जागरण में मुख्य गायक कलाकार के रूप में केशव शर्मा दिल्ली, चंदन शर्मा हाथरस, दलवीर बृजवासी मथुरा, सन्नी मेंहदीरत्ता तावडू ने अपनी गायकी से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

जागरण में मुख्य आकर्षण का केंद्र मां वैष्णो देवी की 100 फुट लंबी गुफा व मां काली का विराट भव्य दरबार रहा। इसके अलावा जागरण में महाकाली व रक्तबीज का भीषण युद्ध संग्राम, राधा कृष्ण की रासलीला, मां वैष्णो की महिमा सहित कई मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसमें श्रोताओं ने जमकर लुत्फ उठाया।

इसके अलावा जागरण में ड्रोन द्वारा पुष्प वर्षा की गई। जिससे लोग रोमांचित हो उठे। कार्यक्रम में हरियाणा, राजस्थान, प्रदेश व दिल्ली से लगभग 5 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर नरेंद्र मंगला, धर्मेंद्र गर्ग, डॉक्टर कैलाश गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश कंसल, दीपक बंसल, राजेश मंगला सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवा भारती ने किया 51 कन्याओं का सामूहिक पूजन



**पुन्हाना।** सेवा भारती पुन्हाना द्वारा नवरात्रों के अवसर पर 18वां कन्या पूजन कार्यक्रम गांव दल्लावास के प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित किया गया। जिसमें सेवा भारती के सदस्यों ने जहां 51 कन्याओं का सामूहिक पूजन किया, वहीं उन्हें भोजन प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सेवा भारती के सदस्यों ने कन्याओं को विभिन्न उपहार भी भेंट किए। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए जिला बौद्धिक प्रमुख सुभाष गर्ग ने बताया कि आज समाज में सेवा भारती समानता की भावना को बढ़ा रही है। उन्होंने बताया कि हमारी हिंदू संस्कृति में नारी को सबसे उच्च सम्मान दिया गया है। शास्त्रों में कहा गया है, यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता अर्थात जहां नारी का पूजन होता है, वहां देवता वास करते हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज के बिगड़ते माहौल में सेवा भारती सामूहिक कन्या पूजन का कार्यक्रम कर अनोखा उदाहरण पेश कर रही है। ऐसे कार्यक्रमों से जहां समाज में समानता की भावना आती है, वहीं भेदभाव समाप्त होता है। इस अवसर पर जिला सचिव राजीव मंगला, सेवा भारती के अध्यक्ष सुभाष सिंगला, पूर्व अध्यक्ष छिद्दामल सिंगारिया, सन्नी ग्रोवर, मनीष अरोड़ा, राकेश कुमार, लालाराम भारद्वाज सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवरात्रि के पांचवें दिन हुई स्कंदमाता की पूजा



**फिरोजपुर झिरका।** पिछले चार दिनों से चल रहे चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष पर गढ़ अंदर दुर्गा मंदिर में स्थित नौ देवियों की प्रतिमाओं में से स्कंदमाता की पूजा की गई। रविवार प्रातः 6.00 बजे ही शहर के धर्म प्रेमियों की भीड़ मंदिर में लगनी शुरू हो गई। इस अवसर पर भक्तों ने विधिवत रूप से ज्योत बत्ती, धूपबत्ती एवं अगरबत्ती जलाकर मां भगवती की पूजा अर्चना की। स्कंदमाता को पीले रंग की चुनरी, पीला चोला, पीली चूड़ियां, पीला फूल, नारियल एवं केले का भोग अर्पित किया। इसके उपरांत मां भगवती की आरती भी की गई। इसके उपरांत धर्म प्रेमियों ने दुर्गा चालीसा एवं ओम स्कंदमात्रै नमः के जाप का पाठ किया और मां भगवती से मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। वहीं महिला धर्म प्रेमियों ने मंदिर में उपस्थित नौ देवियों की भी पूजा की। इसके अलावा मंदिर के बाहर स्थित पथवारी देवी पर भी लोगों की काफी भीड़ नजर आई। जहां देवी को कच्चे दूध से नहलाते नजर आए और देवी के ऊपर गुलाब के पुष्प अर्पित किए। कुछ महिला धर्म प्रेमियों ने तो अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर ज्योत जलाकर माता रानी का कीर्तन भी किया और कीर्तन में उपस्थित धर्म प्रेमियों में केले एवं पंचमेवा के प्रसाद का वितरण किया गया।

### फसलों की तुरंत गिरदावरी कराकर उचित मुआवजा दें सरकार



**नूंह।** हाल ही में प्रदेश के साथ नूंह जिले के अलग-अलग हिस्सों में बरसात के साथ ओलावृष्टि से किसानों की रबी की गेहूं, जौ व सरसों की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। अभी भी बरसात का मौसम बना हुआ है। नूंह जिला पूर्व से ही कृषि पर निर्भर है। ऐसे में जिले में हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रदेश सरकार को तुरंत प्रभाव से कार्य करना चाहिए। जिले में किसानों की फसलों की गिरदावरी की मांग करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता नूंह विधानसभा से भावी उम्मीदवार एडवोकेट फखरुद्दीन अहमद चंदेनी ने कहा कि जिले के नूंह खंड के अलावा फिरोजपुर झिरका, तावडू, इंडरी व नगीना सहित कई हिस्सों में ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों पर कहर बरपाया है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि किसानों की इस मांग को तुरंत प्रभाव से कार्य करें। अगर सरकार किसानों की मांगों को पूरा नहीं करती है तो वह भी किसानों के साथ उनकी मांगों को पूरा कराने के लिए प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में काफी अंतर है। इसी कारण से किसानों को सरकार की योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

### गुरुद्वारा श्रीपंजोखरा साहिब में नये बरामदे का लेंटर डाला

**अम्बाला।** गुरुद्वारा श्रीपंजोखरा साहिब पातशाही आठवीं में सरोवर की परिक्रमा में नये बन रहे बरामदे का लेंटर डालने का काम बाबा जगतार सिंहजी, बाबा गुरमीत सिंहजी ने अरदास के उपरांत शुरू किया। सुबह पंजोखरा साहिब में श्रीसुखमणि साहिबजी के पाठ के उपरांत अरदास हुई। अरदास के उपरांत सरोवर के परिक्रमा में बन रहे बरामदे का लेंटर डालने का काम शुरू किया गया। अरदास गुरुद्वारा साहिब के हैड ग्रंथी बूटा सिंह ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमिटी के सदस्य बीएस बिंद्रा और सुदर्शन सिंह सहगल इस मौके पर मौजूद रहे। बाबा जगतार सिंहजी कारसेवा वाले और बीएस बिंद्रा, सुदर्शन सिंह सहगल, अमरप्रीत सिंह राजू, राजेंद्र सिंह राजा, गुरप्रीत सिंह भल्ला, दविंदर सिंह सहगल ने सिर पर सीमेंट से तैयार मटेरियल का तसला उठाकर कार सेवा आरंभ की।

# अपराधिक मामलों के छह आरोपी ऑपरेशन आक्रमण में दबोचे





पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**गत रात्रि** थाना फिरोजपुर झिरका पुलिस ने अलग-अलग अपराधिक मामले में संलिप्त आरोपियों के ऊपर पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण चलाया। जिसमें दुष्कर्म, अपहरण तथा लूटपाट के मुकदमों से फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ हेतु फिरोजपुर झिरका पुलिस ने एसपी वरुण सिंगला के आदेश पर क्षेत्र में आपरेशन आक्रमण चलाकर छह आरोपितों को दबोचने में कामयाबी हासिल की है।

रातभर चले आपरेशन आक्रमण के दौरान पुलिस ने उन जगहों पर भी छापेमारी की। जहां से पुलिस को अवैध शराब तथा मादक पदार्थों के बिकने की सूचना प्राप्त हो रही थी। पुलिस के इस विशेष अभियान के चलते अपराधिक प्रवृति से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। थाना प्रभारी दयानंद ने बताया कि फिरोजपुर झिरका थाना अंतर्गत मुकदमों में फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ हेतु पुलिस द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाता रहा है। देर रात पुलिस कप्तान के निर्देश पर क्षेत्र में रात्रि नौ बजे से देर रात तक आपरेशन आक्रमण चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने वर्ष 2022 के मुकदमा नंबर 379 में फरार चल रहे पाटन उदयपुरी के रहने वाले आबिद तथा सद्दाम को उनके ठिकानों पर दबिश देकर दबोच लिया। इसी तरह मुकदमा नंबर 265/22 में फरार चल रहे अगोन के रहने वाले वकील को पकड़ लिया गया। वहीं मुकदमा नंबर 52/23 में फरार चल रहे दोहा के रहने वाले शाहरुख को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी ने बताया कि मुकदमा नंबर 110/23 में फरार चल रहे बसई खानजादा निवासी आसीन को पकड़ लिया गया। वहीं मुकदमा नंबर 89/2018 में फरार चल रहे नसीरबास के रहने वाले शाहिद को भी पुलिस ने दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपितों पर नियमानुसार कार्रवाई कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी में लगा एनएसएस कैंप

**एनएसएस प्रभारी मनेंद्र सिंह ने जीवन में स्वस्थ रहने और खेलकूद का महत्व बताया**

**डॉ. नाजिर हुसैन ने जीवन में स्वस्थ रहने के विभिन्न तरीकों पर व्याख्यान दिया**

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**शहीद** लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी, नूंह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं ने सालाहेड़ी में लगाये जाने वाले सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन एनएसएस के लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए, उठे, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे, स्वयं सजे वसुंधरा संवार दे के साथ शुरू हुआ।

एनएसएस प्रभारी मनेंद्र सिंह ने आज के दिन 26 मार्च को विश्व में घटित होने वाली विभिन्न घटनाओं का व्याख्यान किया। एनएसएस के चौथे दिन की गतिविधियों की थीम स्वास्थ्य, व्यक्तित्व विकास और खेलकूद का महत्व था। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी मनेंद्र सिंह ने जीवन में स्वस्थ रहने और खेलकूद का महत्व बताया। डा. जहां नजीर ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं का आह्वान करते हुए बताया कि एक शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही समाज, क्षेत्र और देश के विकास में किस तरह अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है। डॉ. नाजिर हुसैन ने जीवन में स्वस्थ रहने के विभिन्न तरीकों पर व्याख्यान दिया। स्वयं सेविकाओं ने स्वास्थ और व्यक्तित्व को ध्यान रखते हुए तीन खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करवाया गया जैसे कि बैडमिंटन, खो-खो और रुमाल। बैडमिंटन प्रतियोगिता में टीम रिस्की से काजल, सुजाता और न्यांशी ने विजय प्राप्त की।

दूसरे स्थान पर टीम मॉडर्न रही। रुमाल प्रतियोगिता में कैप्टन प्रियंका की टीम को विजय मिली जिसमे 20 सेविकाओं ने भाग लिया था। खो-खो प्रतियोगिता में कैप्टन काजल की टीम विजय रही प्रत्येक टीम में नौ स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली सभी स्वयं सेविकाओं ने प्रसन्नता जताई। राष्ट्रगान के साथ एनएसएस के चौथे दिन का समापन हुआ।

# सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री राहुल गांधी के सवालों के जवाब नहीं दे रहे : अनिका शुक्ला

पायनियर समाचार सेवा। अम्बाला छावनी

**हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव एड. अनिका शुक्ला शर्मा ने उठाया सवाल**

**हरियाणा** प्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज देश में प्रजातंत्र के मायने खत्म हो चुके हैं भारत जैसे स्वतंत्र देश में हर किसी को अपनी बात कहने और सरकार से सवाल करने का पूरा हक है। राहुल गांधी देश के हित में लोगों के सवालों को सदन में उठाते हैं तो उनके सवालों के जवाब देश के सबसे ताकतवर प्रधानमंत्री ढंग से जवाब नही दे सके।

ऐसा करके भाजपा सरकार देश के हर वर्ग के सम्मान पर चोट कर रही है यह देश की वही जनता है जिन्होंने जीता कर शिर्ष पर बैठाने का काम किया है भाजपा सरकार ने देश के युवाओं से हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था नौकरियों का वादा भी जुमला सावित हुआ देश के युवाओं को अपने भविष्य की चिंता सता रही है युवा पीढ़ी विदेशों में पलायन कर रही है। सरकार के पास युवाओं को रोजगार देने के लिए कोई योजना नहीं है। आज जब राहुल गांधी देश की अर्थव्यवस्था/आर्थिक स्थिति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के बारे बार-बार प्रधानमंत्री से सवाल पूछते हैं तो कोई जवाब नहीं मिलता। अनिका शुक्ला ने कहा आज सरकार देश में हर आवाज उठाने वाले की आवाज को दबाना चाहती है चाहे आम आदमी हो पत्रकार हो, चुनींदे नुमाइंदे हो।

# मेवात कांग्रेस ने लिया सत्याग्रह और संघर्ष का प्रण

रिजवान कासिम। मेवात

**प्रदेश कांग्रेस नेता महताब अहमद ने कहा, संसद सदस्यता रद्द मुद्दे पर हर कांग्रेसी राहुल के साथ**



**नूंह** स्थित गांधी पार्क में मेवात कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद की अगुवाई में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने के खिलाफ रविवार को संकल्प सत्याग्रह किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस नेता चौधरी महताब अहमद ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। महताब अहमद ने कहा कि समस्त मेवात व प्रदेश कांग्रेस एक साथ राहुल गांधी के साथ खड़े हैं, यही संदेश देने के लिए एक दिवसीय सत्याग्रह किया गया है। भाजपाई सरकार जान ले कि अगर उनका अहंकार खत्म नहीं हुआ तो ऐसे सैकड़ों सत्याग्रह पूरे प्रदेश देश में होंगे।

महताब अहमद ने कहा कि ललित मोदी, नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, विजय माल्या जैसे ठगों ने लोग लाखों करोड़ ठग कर भाजपा सरकार के दौरान भारत छोड़कर भाग गए, अब अडानी समूह द्वारा ठगी का पर्दाफाश हो रहा है लेकिन मोदी सरकार तमाम विपक्षी दलों की संयुक्त मांग के बावजूद संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करा रही। बल्कि राहुल गांधी जो लगातार संसद में इस मुद्दे को उठा रहे थे उनकी सदस्यता रद्द करा दी गई। ये साफ प्रतीत होता है कि मोदी सरकार हर हाल में अडानी मामले को छुपाना चाह रही है। इसलिए देश की आवाम की अजादी व लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए जो कुछ भी कुर्बानी देनी पड़े हम कांग्रेस जन पीछे नहीं हटेंगे। महताब अहमद ने कहा कि राहुल गांधी इस देश की आवाम के अधिकारों के लिए, लड़ रहे हैं। चाहे किसान हो, जवान हो, बेरोजगार युवा हो, महिलाएं हो, गरीब मजदूर हों उनके हितों की रक्षा के लिए, राहुल गांधी को प्रताड़ित किया जा रहा है। महताब अहमद ने कहा कि कर्नाटक में चुनाव में राहुल गांधी ने ललित मोदी, नीरव मोदी, मैहुल चौकसी आदि पर बयान दिया कि वो चोर हैं और देश लूट ले गए। किसी की भावनाएं उन्होंने आहात नहीं की थी, लेकिन उनका केस गुजरात सूरत अदालत ले जाया गया। आखिर क्यों, उनकी मंशा क्या थी। अगर कोई घटना घटती है तो उसी राज्य में केस करना चाहिए था, लेकिन केंद्र सरकार राहुल गांधी की आवाज को कुंद व बंद करना चाहती थी ताकि अडानी फ्राड मामले में पर्देदारी आसानी से की जा सके। महताब अहमद ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की ऐतिहासिक सफलता से भी भाजपा सरकार को परेशानी थी। जिसके कारण भाजपा हताशा और प्रतिशोध में थी। महताब अहमद ने भाजपा सरकार से सवाल पूछते हुए कहा कि सरकार बताए कि 2014 से पहले जिस अडानी की संपत्ति तीन हजार करोड़ रुपये थी। उसकी संपत्ति बढ़ते-बढ़ते आज दो लाख करोड़ रुपये कैसे हो गई। सवाल यह है कि यह आया कहां से? दिया किसने?

इस मामले पर कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग कर रहा था, लेकिन मोदी सरकार जांच नहीं करा रही। आखिर ऐसा क्या डर प्रधानमंत्री को है।महताब अहमद ने कहा कि एसबीआई, एलआईसी सहित कितनी बैंकों से आम जनमानस का पैसा भाजपा सरकार में इन लोगों ने लूटा है। इसकी जांच अवश्य होनी चाहिए, अन्यथा संघर्ष सड़क पर ऐतिहासिक होगा। इस दौरान इब्राहिम इंजीनियर, शरीफ अड़बर पीसीसी सदस्य, विजेंद्र ठेकेदार उजीना, मकसूद शिकरावा, मुबीन तेड़, मदन तंवर, आमिल जुम्मा चैयरमैन ब्लॉक समिति नूह, साबिर खान जिला पार्षद, समसु ठेकेदार रेहना, साहिद पतरिया, मुबारिक मलिक, उस्मान खानपुर, नसीम बंधौली, रफीक गंगवानी, डॉ उस्मान, आनंद सरपंच आटा, लाला भोपा नूह, वीरेंद्र गर्ग, लाला बद्न, मायाराम छछेरा, आसिफ अली चंदैनी, रहमान बुराका, वहीद सलम्बा, हाजी इल्यास सलम्बा, जक्की सलम्बा, अरशद सलम्बा, साजिद सरपंच सलम्बा, रजा मौहम्मद सलम्बा, शहीद वकील आकेड़ा, मंत्री आकेड़ा, इसल्यास ठेकेदार सालाहेड़ी, इल्यास सरपंच सालाहेड़ी, अंजुम पूर्व पार्षद बसई, आफाक सालाहेड़ी, जहीर बड़वा, जाकिर सरपंच फिरोजपुर नमक, हाजी जमील फिरोजपुर नमक, आमीन फिरोजपुर नमक, कादर फिरोजपुर नमक, ताज मोहम्मद सरपंच टपकन, करतार सरपंच आटा, राजपाल नंबरदार आटा, अशोक लंबरदार उलेटा, पुरषोत्तम आटा, आसिफ मेवली, वहीद बड़ेलाकि, अमित भारद्वाज आटा, रहमान कौराली, शौकत कौराली, इमरत कौराली, जाकिर लंबरदार खोड़, अकबर सरपंच बसई, भगत सिंह छपेरा, धर्मबीर पल्ला, फर्मू खोड़, उम्मर अड़बर, नसीम चंदैनी, हाजी बसीर सालाहेड़ी, शमीम रहनिया, इरशाद सालाहेड़ी, फिरोज खान, अजहर तावडू व जावेद अकमल सहित सैंकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# स्वच्छता को लेकर तनू हिमानी ने चलाया अभियान




**अम्बाला / बराड़ा।** जिला अम्बाला के बराड़ा की रहने वाली समाजसेवी तनु व हिमानी सभरवाल ने आज जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। तनु ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति स्वस्थ हो इसके लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि अधिकतर बीमारियों का कारण गन्दगी है। अक्सर गन्दगी के कारण मक्खी मच्छर पनपते हैं, जो बीमारियों का कारण बनते हैं।

इसलिए हमें अपने घरों के आसपास सफाई रखनी होगी। घरों में गीला व सूखा कूड़ा अलग रखें। पॉलीथिन का प्रयोग न करें। दोनों बहनों ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से सामाजिक जागरूकता का कार्य कर रही हैं। जिसके लिए अम्बाला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग सहित अनेक सामाजिक संस्थाएं भी उन्हें सम्मानित कर चुकी हैं। अम्बाला सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों में वह इस प्रकार के अभियान चला चुके हैं। जिसमें लोगों कभी भरपूर समर्थन मिला है।

# दिव्यांग जनों को 27 मार्च को आवेदित सामान बांटेगा नूह रेडक्रास

**रेडक्रॉस महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल ने दी जानकारी**

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**हरियाणा** रेडक्रॉस के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल की कार्यशैली रंग ला रही है। आपको बता दें कि कुछ ही समय पहले प्रदेश का पिछड़ा जिला मेवात से सचिव का तबादला किया है। जिससे मेवात जिले के दिव्यांग जनों को काफी फायदा हुआ है जैसे उनकी जगह पर सचिव वाजिद अली को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। सचिव वाजिद अली ने 1 मार्च को अपना कार्यभार संभाल लिया था। उसके बाद उन्होंने दिव्यांगजनों के सामान के लिए दो दिन में कैम्प का आयोजन कराया।

मेवात जिले के काफी दिव्यांग जनों ने अपने सामान के लिए आवेदन किया है और आपको बड़ी खुशी की बात यह है कि उनको यह सामान 27 मार्च इसी माह में मिलने जा रहा है। मेवात जिले के उपायुक्त अजय कुमार और हरियाणा रेड क्रॉस के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल की ही बदौलत यह दिव्यांग जनों के लिए इसी माह में कार्य किया गया है। दिव्यांगजन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मास्टर सादिक ने बताया कि उपायुक्त अजय कुमार जिले की विकास कार्यों को लेकर बहुत ही चिंतित हैं। लगातार प्रशासन इसको दूर करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहा है। उन्होंने कहा कि डेल्टा रैंकिंग में मेवात डिस्ट्रिक्ट पहला स्थान पर आया है यह मेहनत जिला उपायुक्त और टीम की है, जिससे डेल्टा रैंकिंग में पहला स्थान पाया है।


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## गिरगिट का सपना

एक गिरगिट था। अच्छा, मोटा-ताजा। काफी हरे जंगल में रहता था। रहने के लिए एक घने पेड़ के नीचे अच्छी-सी जगह बना रखी थी उसने। खाने-पीने की कोई तकलीफ नहीं थी। आसपास जीव-जन्तु बहुत मिल जाते थे। फिर भी वह उदास रहता था। उसका ख्याल था कि उसे कुछ और होना चाहिए था। और हर चीज, हर जीव का अपना एक रंग था। पर उसका अपना कोई एक रंग था ही नहीं। थोड़ी देर पहले नीले थे, अब हरे हो गए। हरे से बैंगनी। बैंगनी से कत्थई। कत्थई से स्याह। यह भी कोई जिन्दगी थी! यह ठीक था कि इससे बचाव बहुत होता था। हर देखनेवाले को धोखा दिया जा सकता था। खतरे के वक्त जान बचाई जा सकती थी। शिकार की सुविधा भी इसी से थी। पर यह भी क्या कि अपनी कोई एक पहचान ही नहीं! सुबह उठे, तो कच्चे भुट्टे की तरह पीले और रात को सोए तो भुने शकरकन्द की तरह काले! हर दो घण्टे में खुद अपने ही लिए अजनबी! उसे अपने सिवा हर एक से ईर्ष्या होती थी। पास के बिल में एक साँप था। ऐसा बढ़िया लहरिया था उसकी खाल पर कि देखकर मजा आ जाता था! आसपास के सब चूहे-चमगादड़ उससे खौफ खाते थे। वह खुद भी उसे देखते ही दुम दबाकर भागता था। या मिट्टी के रंग में मिट्टी होकर पड़ रहता था। उसका ज्यादातर मन यही करता था कि वह गिरगिट न होकर साँप होता, तो कितना अच्छा था! जब मन आया, पेट के बल रेंग लिए। जब मन आया, कुण्डली मारी और फन उठाकर सीधे हो गए। एक रात जब वह सोया, तो उसे ठीक से नींद नहीं आई। दो-चार कीड़े ज्यादा निगल लेने से बदहजमी हो गई थी। नींद लाने के लिए वह कई तरह से सीधा-उलटा हुआ, पर नींद नहीं आई। आँखों को धोखा देने के लिए उसने रंग भी कई बदल लिए, पर कोई फायदा नहीं हुआ। हलकी-सी ऊँघ आती, पर फिर वही बेचैनी। आखिर वह पास की झाड़ी में जाकर नींद लाने की एक पत्ती निगल आया। उस पत्ती की सिफारिश उसके एक और गिरगिट दोस्त ने की थी। पत्ती खाने की देर थी कि उसका सिर भारी होने लगा। लगने लगा कि उसका शरीर जमीन के अन्दर धँसता जा रहा है। थोड़ी ही देर में उसे महसूस हुआ जैसे किसी ने उसे जिन्दा जमीन में गाड़ दिया हो। वह बहुत घबराया। यह उसने क्या किया कि दूसरे गिरगिट के कहने में आकर ख्याहमख्याह वह पत्ती खा ली। अब अगर वह जिन्दगी - भर जमीन के अन्दर ही दफन रहा तो? वह अपने को झटककर बाहर निकलने के लिए जोर लगाने लगा। पहले तो उसे कामयाबी हासिल नहीं हुई। पर फिर लगा कि ऊपर जमीन पोली हो गई है और वह बाहर निकल आया है। ज्यों ही उसका सिर बाहर निकला और बाहर की हवा अन्दर गई, उसने एक और ही अजूबा देखा। उसका सिर गिरगिट के सिर जैसा ना होकर साँप के सिर जैसा था। वह पूरा जमीन से बाहर आ गया, पर साँप की तरह बल खाकर चलता हुआ। अपने शरीर पर नजर डाली, तो वही लहरिया नजर आया जो उसे पास वाले साँप के बदन पर था। उसने कुण्डली मारने की कोशिश की, तो कुण्डली लग गई। फन उठाना चाहा तो, फन उठ गया। वह हैरान भी हुआ और खुश भी। उसकी कामना पूरी हो गई थी। वह साँप बन गया था। साँप बने हुए उसने आसपास के माहौल को देखा। सब चूहे-चमगादड़ उससे खौफ खाए हुए थे। यहाँ तक कि सामने के पेड़ का गिरगिट भी डर के मारे जल्दी-जल्दी रंग बदल रहा था। वह रेंगता हुआ उस इलाके से दूसरे इलाके की तरफ बढ़ गया। नीचे से जो पत्थर-काँटे चुभे, उनकी उसने परवाह नहीं की। नया-नया साँप बना था, सो इन सब चीजों को नजर-अन्दाज किया जा सकता था। पर थोड़ी दूर जाते-जाते सामने से एक नेवला उसे दबोचने के लिए लपका, तो उसने सतर्क होकर फन उठा लिया। उस नेवले की शायद पड़ोस के साँप से पुरानी लड़ाई थी। साँप बने गिरगिट का मन हुआ कि वह जल्दी से रंग बदले ले, पर अब रंग कैसे बदल सकता था? अपनी लहरिया खाल की सारी खूबसूरती उस वक्त उसे एक शिकंजे की तरह लगी। नेवला फुदकता हुआ बहुत पास आ गया था। उसकी आँखें एक चुनौती के साथ चमक रही थीं। गिरगिट आखिर था तो गिरगिट ही। वह सामना करने की जगह एक पेड़ के पीछे जा छिपा। उसकी आँखों में नेवले का रंग और आकार बसा था। कितना अच्छा होता अगर वह साँप न बनकर नेवला बन गया होता! तभी उसका सिर फिर भारी होने लगा। नींद की पत्ती अपना रंग दिखा रही थी। थोड़ी देर में उसने पाया कि जिस्म में हवा भर जाने सह वह काफी फूल गया है। ऊपर तो गरदन निकल आई है और पीछे को झबरैली पूँछ। जब वह अपने को झटककर आगे बढ़ा, तो लहरिया साँप एक नेवले में बदल चुका था। उसने आसपास नजर दौड़ाना शुरू किया कि अब कोई साँप नजर आए, तो उसे वह लपक ले। पर साँप वहाँ कोई था ही नहीं। कोई साँप निकलकर आए, इसके लिए उसने ऐसे ही उछलना-कूदना शुरू किया।

# सरदार पटेल, सिंधिया और स्वराज

### उज्जैन व ग्वालियर के महाराजा जीवाजीराव माधवराव सिंधिया सरदार पटेल के मित्र बन गए और भारतीय रियासतों के एकीकरण में उनकी सहायता की।



**अरुणेश बी. गोस्वामी**
(लेखक, एक शोध संस्थान के प्रमुख हैं)



भारत के राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद ने 13 मई, 1959 को कहा था कि सरदार पटेल की विरासत को हाशिए पर धकेला जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल को कैसे भुला दिया गया, लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि जब बहुत से लोग उनको 'अनावश्यक' मान रहे थे तब भारत के प्रमुख व्यक्ति सरदार पटेल के समर्थन और प्रशंसा में खड़े हुए। ये उज्जैन व ग्वालियर के तत्कालीन महाराजा सिंधिया, यानी महामहिम महाराजा जीवाजीराव माधवराव सिंधिया थे। बाद में वे सरदार पटेल तथा उनके निकट सहयोगी वी.पी. मेनन के गहरे मित्र बन गए। उन्होंने भारत की एकता में सकारात्मक भूमिका निभाई और उनको भारत की स्वतंत्रता के बाद मध्य भारत प्रांत का पहला 'राजप्रमुख' बनाया गया।

डा. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा था, 'संसद भवन में सरदार पटेल का चित्र भी ग्वालियर के राजकुमार का उपहार है। इसलिए हमें इस विचार से परे नहीं हटना चाहिए कि उनकी सेवायें इस कारण कम मूल्यवान हो जाती हैं क्योंकि हम उनको स्वीकार करने से हिचक रहे हैं।' सरदार पटेल के प्रति सिंधिया का आकर्षण स्वाभाविक था। महाराजा अपने पूर्वज महादजी सिंधिया से प्रभावित थे जिनको 18वीं शताब्दी के अंतिम अर्धांश में दक्षिण एशिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति माना गया था। इतिहासकार हेनरी जार्ज कीन ने उनको पूरे एशिया का सर्वाधिक महत्वपूर्ण व्यक्ति माना है। उन्होंने ऐसे समय उप-महाद्वीप की एकता सुनिश्चित की जब न केवल अफगान, बल्कि अंग्रेज भी दिल्ली की गद्दी पर कब्जे का प्रयास कर रहे थे।

प्रख्यात राजनीतिक दार्शनिक जेम्स मिल ने स्वीकार किया था कि यदि महादजी सिंधिया और जीवित रहते तो भारत में अंग्रेजों के अस्तित्व को खतरा पैदा हो जाता। महादजी सिंधिया के निधन के बाद 'फाइनल फ्रेंच स्ट्रगल्स इन इंडिया एंड आन इंडियन सीज़' के लेखक कर्नल जार्ज ब्रूस मैलिसन ने उनको उस समय तक भारत का सर्वाधिक दूरदर्शी राजनयिज्ञ माना था। 1771 में सिंधिया ने दिल्ली पर विजय प्राप्त की और इस प्रकार महादजी सिंधिया ने अहमद शाह अब्दाली व उनके बेटे तैमूर के दुर्रानी अफगान साम्राज्य द्वारा भारत के संभावित विभाजन को रोका। उन्होंने अपने साम्राज्य का विस्तार वर्तमान उत्तरी पाकिस्तान तक किया था जिसमें लाहौर और अटक के सूबे शामिल थे। उन्होंने अंग्रेजों को वडगांव, सिरसी, प्रयागराज, कोलारस, शिवपुरी, सारंगपुर व अनेक अन्य स्थानों पर हराया। इससे भारतीयों को स्पष्ट संदेश मिला कि एकजुट होने पर वे अंग्रेजों को आसानी से हरा सकते हैं। जीवाजी अच्छी तरह जानते थे कि सरदार पटेल वास्तव में महादजी सिंधिया जैसा काम कर रहे थे। इससे उनको राष्ट्रीय एकीकरण तथा सरदार पटेल के व्यक्तित्व से जुड़ने की इच्छा हुई। 1954 में मौलाना आजाद के निधन के दो महीने बाद संसद भवन में उनका तैल चित्र लगाया गया, पर सरदार पटेल के निधन के चार साल बाद भी संसद में उनका तैल चित्र नहीं था। भारत को उनके असाधारण योगदान के बावजूद यह स्थिति निराशाजनक व संदेहास्पद थी। मौलाना आजाद का पोर्टेट लगाने के समय महाराजा सिंधिया सदन में मौजूद थे। उन्होंने गौर किया कि कैसे उनके स्वर्गीय मित्र की विरासत को हाशिए पर डाला जा रहा है। उन्होंने फौरन राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद से अनुमति मांगी और इसके बाद सरदार का चित्र संसद भवन में लगवाने की आवश्यक व्यवस्था की।

सिंधिया ने अपनी जेब से सरदार पटेल का चित्र बनवाने में काफी पैसा खर्च किया। राष्ट्रपति ने फौरन उनका चित्र संसद में लगवाने की व्यवस्था की। सरदार पटेल का चित्र लगने के समय सिंधिया ने सरदार पटेल को श्रृद्धांजलि दी। सरदार पटेल के बारे में महाराजा जीवाजीराव सिंधिया ने कहा था, 'वे ऐसे व्यक्ति थे जिनसे मैं एक समय घृणा करता था। उन्होंने मुझे डरा दिया था। लेकिन अब मैं इस व्यक्ति की प्रशंसा और उनसे प्रेम करता हूं।' सरदार पटेल ने एक बार जीवाजीराव सिंधिया को पत्र में लिखा था, 'ग्वालियर में अपने प्रवास के समय अतिथि सत्कार व प्रेम के लिए मैं आपका और सम्मानित महारानी का धन्यवाद देना चाहता हूं। सभी लोग आप दोनों द्वारा किए गए सत्कार से अभिभूत हैं। हमारे लिए अपना महल खाली करवा कर आपने पूरी तरह हमारा दिल जीत लिया है। हम हमेशा ग्वालियर यात्रा की सर्वाधिक आनन्ददायी स्मृतियां याद रखेंगे।' इन शब्दों से महाराजा जीवाजीराव सिंधिया व सरदार पटेल का एक दूसरे के प्रति प्रेम व प्रशंसा भावना प्रकट होती है।

सरदार पटेल अपनी बेटी मणिबेन के साथ महाराजा सिंधिया से मिलने ग्वालियर आए थे। सिंधिया ने सरदार पटेल को 5 दिसंबर, 1948 को मध्य भारत के पहले मेडिकल कालेज गज राज मेडिकल कालेज के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया था। जब भोपाल जैसी रियासतें जिन्ना के साथ मिल कर भारत को तोड़ने की योजना बना रही थीं तब सिंधिया और पटेल ने भारतीय एकता पर जोर दिया था और उसके लिए काम किया था। जवाहरलाल नेहरू ने एक बार कहा था कि सिंधिया की ग्वालियर रियासत के पास स्वतं9 देश बनने की पूरी क्षमता व संसाधन मौजूद थे। लेकिन उसने कभी इस दिशा में नहीं सोचा क्योंकि नेहरू के अनुसार, महाराजा सिंधिया की भारत के प्रति देशभक्ति और सम्मान अटूट था। नेहरू का यह कथन सही था क्योंकि भारत में केवल पांच देशी रियासतें ऐसी थीं जो समुचित रूप से समृद्ध थीं तथा उनको 21 तोपों से सलामी लेने का अधिकार था। सिंधिया का ग्वालियर भी उनमें शामिल था।

महाराजा सिंधिया ने सरदार पटेल की सहायता की तथा भारत की एकता के लिए अनेक बलिदान किए। उन्होंने भारत के एकजुटता के सरदार पटेल के प्रयासों को पूरी राष्ट्रवादी भावना से समर्थन दिया। मेनन ने सरदार को सिंधिया की सहायता का दस्तावेजीकरण किया है। ऐसा उस समय हो रहा था जब अनेक देशी रियासतें, खासकर भोपाल पाकिस्तान की सहायता से अपने स्वार्थों को वरीयता दे रही थीं। मेनन ने अपनी पुस्तक 'द स्टोरी आफ द इंटीग्रेशन आफ इंडियन स्टेट्स' में लिखा था कि 21 तोपों की सलामी लेने की अधिकारी पांच बड़ी देशी रियासतों में सबसे पहले महाराजा सिंधिया ने भारत में विलय की इच्छा प्रकट की थी। उनका यह कदम देश के लिए बहुत अच्छा सिद्ध हुआ। मेनन ने जीवाजी सिंधिया के बारे में लिखा था, 'वे हमेशा समय के साथ चले। उन्होंने घोषणा की थी कि दिसंबर, 1946 तक वे एक जिम्मेदार सरकार गठित करेंगे और मई, 1947 में उन्होंने लोकप्रिय प्रतिनिधियों की अंतरिम सरकार तथा संविधान-निर्माता संस्था को फौरन समर्थन दे दिया।'

भारत सरकार को पांच सौ से अधिक देशी रियासतों के विलय से 74 करोड़ रुपये मिले। राजमाता विजयराजे सिंधिया के अनुसार इसमें से केवल महाराजा सिंधिया का योगदान 54 करोड़ रुपये था। मेनन के अनुसार, ग्वालियर के शासक फिजूलखर्ची में विश्वास नहीं रखते थे। महाराजा के उदार योगदान की प्रशंसा करते हुए सरदार पटेल ने लोकसभा में कहा था, 'पूर्व राजाओं के प्रिवी पर्स का विरोध करने वाले लोगों को यह पता नहीं है कि यह धनराशि केवल महाराजा ग्वालियर द्वारा किए योगदान के ब्याज से मिल जाएगी।' राजमाता विजयराजे सिंधिया के अनुसार सरकार को अपने खजाने से इस पर एक पैसा भी नहीं खर्च करना पड़ा था।

महाराजा सिंधिया और सरदार पटेल ने 1962 में भारत-चीन युद्ध से बहुत पहले ही चीन का खतरा भांप लिया था। वे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाने के समर्थक थे। दुर्भाग्य से भारत के एकीकरण में सरदार पटेल तथा ग्वालियर के सिंधिया परिवार के योगदान को समुचित महत्व नहीं दिया गया। लेकिन खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की नई व्यवस्था स्वतंत्रता संग्राम तथा देश के एकीकरण के अनेकानेक अज्ञात नायकों व नायिकाओं की भूमिका को समुचित सम्मान दे रही है।

# क्या चक्रव्यूह से निकल पायेंगें राहुल गांधी

> मगर इसके साथ ही उन्हे जमानत देते हुए 30 दिनों के लिए सजा को निलंबित कर दिया था। ताकि उन्हें हाई कोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके।

**रमेश सर्राफ धमोरा**
(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं)



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी राजनीति के चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आ रहे हैं। मानहानि के एक मामले में सूरत की एक अदालत ने उन्हें दो साल की सजा व 15 हजार रूपयों का जुर्माना सुनाया था। हालांकि अदालत ने उसी समय राहुल गांधी की जमानत लेते हुए उन्हें एक महीने में ऊपरी अदालत में अपील करने का समय दिया था। निचली अदालत के इस फैसले को आधार बनाकर लोकसभा ने आज राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर दी। राहुल गांधी को अपने बचाव में ऊपरी अदालत में अपील करनी होगी तभी वह जेल जाने से बच सकेंगे एवं उनकी संसद की सदस्यता भी बच पाएगी। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के कोलार में एक रैली के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि सभी चोरों का सरनेम मोदी क्यों होता है। चाहे वह ललित मोदी, नीरव मोदी हो या नरेंद्र मोदी हो। इसको लेकर सूरत पश्चिम के भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का केस करते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने हमारे पूरे समाज को चोर कहा है और यह हमारे समाज की मानहानि है। इस केस की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी तीन बार सूरत कोर्ट में पेश होकर खुद को निर्दोष बताया था। इसी मामले में सूरत के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एच एस वर्मा की कोर्ट ने राहुल गांधी को भारतीय दंड विधान की धारा 499 और 500 के तहत दोषी ठहराया। मगर इसके साथ ही उन्हे जमानत देते हुए 30 दिनों के लिए सजा को निलंबित कर दिया था। ताकि उन्हें हाई कोर्ट में अपील करने का मौका मिल सके।

सूरत कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को सजा सुनाने के 26 घंटे बाद ही लोकसभा ने उन्हें सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया है। यदि लोकसभा अध्यक्ष चाहते तो उन्हें ऊपरी अदालत के निर्णय होने तक संसद सदस्य रखा जा सकता था। मगर सरकार के दबाव में अति शिघ्रता में उनकी सदस्यता रद्द कर दी गयी है। कोर्ट के निर्णय से राहुल गांधी चौतरफा घिर गए हैं। उन्हें शीघ्र ही गुजरात हाई कोर्ट में अपील कर अपना पक्ष रखना होगा। यदि राहुल गांधी को हाईकोर्ट से भी राहत नहीं मिलती है तो अगले आठ साल तक वह चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाएंगे।



वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी चारों तरफ से घिरी हुई है। राजनीतिक रूप से भी पार्टी कमजोर हो रही है। ऐसे में राहुल गांधी को जेल की सजा होना व उनकी संसद सदस्यता जाना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है। कांग्रेस पार्टी को बहुत ही सावधानी से अपने विधिक कदम उठाने होंगे। न्यायालय में मजबूती के साथ अपना पक्ष रखना होगा। यदि ऊपरी न्यायालय से राहुल गांधी को राहत मिल जाती है तो कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत बड़ी राहत होगी।

केंद्र सरकार कांग्रेस सहित देश के अन्य सभी विपक्षी दलों पर पूरी तरह हमलावर मूड में है। विपक्षी दलों के नेताओं को लगातार सरकारी संस्थाओं के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है। 2024 में लोकसभा चुनाव होने हैं। उससे पूर्व राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, कर्नाटक सहित कई प्रदेशों में विधानसभा के भी चुनाव होंगे। जहां कांग्रेस की सीधी भाजपा से टक्कर होनी है। ऐसे में भाजपा कांग्रेसी नेताओं को विभिन्न तरीकों से दबा कर उनका मनोबल कमजोर करना चाहती है।

ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए राहुल गांधी को अपने इर्द-गिर्द तैनात नेताओं में से उन लोगों को दूर कर देना चाहिए जो सिर्फ स्वयं को आगे बढ़ाने के लिए राहुल गांधी का सहारा ले रहे हैं। बहुत से जनाधार विहीन नेता राहुल गांधी के सहारे बड़े-बड़े पदों पर बैठे हुये हैं। जिनका जनता में जनाधार शून्य है। बड़े पदों पर तैनात कई नेता तो ऐसे हैं जिन्होंने आज तक कभी अपनी जिंदगी में चुनाव नहीं लड़ा। कई बड़े नेता लगातार कई चुनाव हार चुके हैं। जनाधार विहीन नेता राहुल गांधी से नजदीकी का फायदा उठाकर उनकी नजरों में अपने नंबर बनाने के लिए अक्सर उन्हे गलत सलाह देते रहते हैं। राहुल गांधी को ज्ञान होना चाहिए कि जुबान से निकली हुई बात वापस नहीं आ सकती है। राजनीतिक जीवन में ऐसे शब्दों के प्रयोग से बचना चाहिए जिनका नतीजा नकारात्मक होता है। आज राहुल गांधी अपने गलत गलत बयानों के चलते ही कोर्ट से मुजरिम करार दिए गए हैं। यदि गुजरात उच्च न्यायालय से राहुल गांधी को राहत नहीं मिलती है तो उन्हें जेल तो जाना ही होगा। इसके साथ ही अगले 8 सालों तक वह कोई भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इससे उनकी पूरी राजनीतिक साख समाप्त हो जाएगी। और भाजपा के नेता यही चाहते हैं कि राहुल गांधी की साख को समाप्त कर दिया जाए। राहुल गांधी जानबूझकर उन्हें ऐसे मौके दे देते हैं। अभी राहुल गांधी पर मानहानि के चार और मुकदमे चल रहे हैं। जिस पर फैसला आना बाकी है। इनमें महाराष्ट्र के भिवंडी कोर्ट में, असम के गुवाहाटी कोर्ट में, रांची के एक कोर्ट में व महाराष्ट्र के मझगांव स्थित शिवडी कोर्ट में मुकदमे चल रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए इन दिनों पूरी मेहनत कर रहे हैं। मगर प्रदेशों में बैठे कांग्रेस के छत्रपों पर उनका नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। बहुत से प्रादेशिक क्षत्रप अपनी मनमानी करते हैं।

# भूजल को भूलने के भयावह नतीजे

**भूगर्भीय** जल के प्रदूषित होने का एक बड़ा कारण भारी धातु का अधिक मात्रा में होना है। एक लीटर पानी में यूरेनियम की प्रतिबंधित सीमा 30 माइक्रोग्राम है, परंतु दिल्ली के कई स्थानों में यह 4प्रतिशत से अधिक पाया गया है। इसी प्रकार कई स्थानों पर प्रतिबंधित सीमा से अधिक मैंगनीज, आयरन, नाइट्रेट और फ्लोराइड पाया गया है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

वैश्विक स्तर पर पर्यावरण के दोहन से पृथ्वी पर जीव-जंतुओं के साथ-साथ वनस्पति, यहां तक कि मनुष्य के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग गया है। जीवन जल, वायु, अग्नि, मिट्टी और आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर बना है। अग्नि को छोड़कर चारों तत्व सीधे तौर पर मनुष्य द्वारा इतने प्रदूषित कर दिए गए हैं कि वह स्वयं अपने जीवन को लील रहा है और आगे आने वाली पीढ़ियों पर अस्तित्व का भयंकर संकट मंडरा रहा है। इन चारों तत्वों के प्रदूषित होने के कारण पांचवां तत्व भी मनुष्य और पर्यावरण के प्रतिकूल होता जा रहा है। विश्व भर में जंगल में लगी आग मनुष्य और पर्यावरण को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं, सभी जानते हैं। इस विषम होती परिस्थिति में विभिन्न देशों, संस्थानों एवं लोगों का ध्यान सामूहिक एवं व्यक्तिगत स्तर पर इस ओर गया है और विश्व भर में पर्यावरण को बचाने के प्रयास चल रहे हैं। भूजल स्तर में गिरावट और उसका प्रदूषित होना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। जलस्तर में गिरावट और उसके रोकथाम के लिए कई प्रयास चल रहे हैं। भारत सरकार देश के 33 लाख वर्ग किलोमीटर भूगर्भीय जल का अध्ययन कर रही है। सरकार ने 13 फरवरी, 2023 को राज्यसभा में जानकारी दी कि दिसंबर 30, 2022 तक 24.5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को भूजल मापन कार्यक्रम के अंतर्गत पूरा कर लिया गया है और बाकी का कार्य मार्च, 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसका उद्देश्य भूगर्भीय जलस्रोत, इसकी विशेषता आदि को पहचान कर स्थानीय समूहों के साथ मिलकर जल-प्रबंधन का कार्यक्रम संचालित करना है।

भारत विश्व में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है तथा प्रति वर्ष 253 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) की दर से भूजल का दोहन किया जा रहा है। यह वैश्विक भूजल निष्कर्षण का लगभग 25प्रतिशत है। भारत में लगभग 1123 बीसीएम जल-संसाधन उपलब्ध हैं जिनमें से 690 बीसीएम सतही जल और शेष 433 बीसीएम भूजल है। भूजल का 90 प्रतिशत सिंचाई के लिए और शेष 10 प्रतिशत घरेलू और औद्योगिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपयोग किया जाता है।

नीति आयोग की एक रिपोर्ट %समग्र जल-प्रबंधन सूचकांक% (सीडब्ल्यूएमआई) के अनुसार वर्ष 2030 तक देश में जल की मांग उपलब्ध आपूर्ति से दोगुनी होने की संभावना है। इससे लाखों लोगों के लिए गंभीर जल अभाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और देश के %सकल घरेलू उत्पाद% (जीडीपी) में 6 प्रतिशत की हानि हो सकती है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, राजस्थान के साथ-साथ गुजरात, पंजाब, हरियाणा के कुछ हिस्सों में जल की अभूतपूर्व कमी है।

हालांकि जल %राज्य सूची% का विषय है और जल-प्रबंधन, संरक्षण, पुनर्भरण उसका काम है, फिर भी %राष्ट्रीय जलभृत प्रबंधन योजना% (नेशनल अक्विफर मैपिंग एण्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम, एनएक्यूयूआईएम) जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार देश के संपूर्ण भूजल स्तर के मापन, मानचित्रण और प्रबंधन केंद्रीय भूजल बोर्ड के माध्यम से कर रहा है। भूगर्भीय जल स्तर को बनाए रखने के लिए आवश्यक है कि इसका पुनर्भरण होता रहे जो अधिकतम बरसात के पानी और नदियों, नहरों से होता है। भारत की राजधानी दिल्ली की बात करें जहां केंद्र और राज्य दोनों सरकारें शहर की देखभाल करती हैं वहां भी भूगर्भीय जल का अधिक दोहन होता है। केंद्रीय भूगर्भीय जल बोर्ड के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दिल्ली के कुल 34 ब्लॉक में से 17 ब्लॉक में अत्यधिक दोहन, बाकी 14 ब्लॉक गंभीर स्थिति में और केवल 3 ब्लॉक सुरक्षित स्थिति में हैं।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



आज, भारत का जो सामर्थ्य नए सिरे से निखरकर सामने आ रहा है, उसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारी नारी शक्ति की है।

**-नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

कांग्रेस द्वारा अल्पसंख्यकों को दिया गया आरक्षण संविधान के अनुसार नहीं था। धर्म के आधार पर आरक्षण देने का संविधान में कोई प्रावधान नहीं है।

**- अमित शाह**
केंद्रीय गृह मंत्री





आप परिवारवाद कहते हैं, तो भगवान राम कौन थे? क्या वे परिवारवादी थे? क्या पांडव परिवारवादी थे? और क्या हमें शर्म आनी चाहिए कि हमारे परिवार के सदस्य इस देश के शहीद हुए हैं।

**-प्रियंका गांधी**
कांग्रेस महासचिव

गुरुकुल की 9वीं और 11वीं की प्रवेश परीक्षा में उमड़ा जनसैलाब

# एनडीए से लेकर रक्षा मंत्रालय तक हो रही गुरुकुल की प्रशंसा : कर्नल दत्ता

**पायनियर सामचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की चर्चा अब नेशनल डिफेंस एकेडमी और रक्षा मंत्रालय मे भी होने लगी है। गुरुकुल के 10 छात्रों ने हाल ही में एनडीए के एसएसबी इन्टरव्यू में सफलता हासिल की। जिसकी चर्चा विभिन्न शिक्षण संस्थानों से होते हुए रक्षा मंत्रालय तक जा पहुंची है। सभी इस बात को लेकर हैरान है कि आखिर गुरुकुल कुरुक्षेत्र में ऐसा क्या है जो इतनी बड़ी संख्या में यहां के बच्चे एनडीए, आईआईटी और मेडिकल में जा रहे हैं। यह कोई चमत्कार नहीं है, बल्कि राज्यपाल आचार्य देवव्रत की दूरदर्शी सोच और दिव्य मार्गदर्शन का कमाल है, जिसकी बदौलत गुरुकुल की पूरी टीम देश के भावी कर्णधार बच्चों के भविष्य निर्माण के लिए दिन-रात अनथक परिश्रम कर रही है। ये शब्द आज गुरुकुल में 9वीं व 11वीं कक्षा में अपने बच्चों को प्रवेश परीक्षा दिलाने आए अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए गुरुकुल के निदेशक कर्नल अरुण दत्ता ने कहे।

उन्होंने कहा कि विभिन्न सैनिक स्कूलों में लम्बे समय तक सेवाएं देने के दौरान उन्होंने कभी ऐसा अवसर नहीं देखा कि इतनी बड़ी संख्या में किसी सैनिक स्कूल के बच्चे एनडीए में गए हों, मगर गुरुकुल कुरुक्षेत्र ने यह इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल ने इस मिथक को भी तोड़ा है कि डॉक्टर, इंजीनियर बनने के लिए आपको कोटा, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में कोचिंग लेनी होगी क्योंकि गुरुकुल कैम्पस में ही कॉम्पिटेटिव विंग में अनुभवी और विषय विशेषज्ञ अध्यापकों से मार्गदर्शन लेकर गुरुकुल के 100 से अधिक बच्चे आईआईटी, एमबीबीएस के लिए चुने गये हैं। उन्होंने कहा कि यहां बच्चों के अन्दर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारा जाता है और उसके भविष्य निर्माण के लिए अनुकूल माहौल प्रदान किया जाता है, जो दूसरे संस्थानों में उपलब्ध ही नहीं है। इस अवसर पर गुरुकुल के प्रधान राज कुमार गर्ग, ओएसडी टू गर्वनर डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, कॉम्पिटेटिव विंग के हेड जितेन्द्र अहलावत भी मौजूद रहे।



समारोह में मंचासीन गुरुकुल के निदेशक कर्नल अरुण दत्ता।

### गुरुकुल शब्द से न खाएं धोखा

**डॉ. राजेन्द्र** विद्यालंकार ने अभिभावकों को सचेत करते हुए कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र की बढ़ती लोकप्रियता का लाभ उठाने के उद्देश्य से कुछ मौका परस्त लोगों ने अपने बंद पड़े इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटैक्निक कॉलेज व दूसरे स्कूलों के नाम के आगे गुरुकुल शब्द लगा लिया है। वे अभिभावकों को भ्रमित कर रहे हैं। गुरुकुल कुरुक्षेत्र में प्रवेश की उम्मीद लिये दूसरे प्रदेशों से आने वाले अभिभावक ऐसे संस्थानों से सावधान रहें। आचार्य देवव्रत के मार्गदर्शन में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के अलावा गुरुकुल नीलोखेड़ी, गुरुकुल ज्योतिसर, आर्यकुलम् गुरुकुल और चमन वाटिका कन्या गुरुकुल, अम्बाला संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा दूसरे नामों से चल रहे गुरुकुलों से आचार्य देवव्रत व गुरुकुल कुरुक्षेत्र परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं हैं।

### प्रधान व व्यवस्थापक ने स्वयं परोसा भोजन

गुरुकुल में छात्रों के मन-मस्तिष्क में किस तरह के संस्कार रोपित किये जाते हैं, इसकी एक बानगी आज गुरुकुल के भोजनालय में देखने को मिली, जहां प्रधान राजकुमार गर्ग तथा व्यवस्थापक रामनिवास आर्य अभिभावकों एवं छात्रों को स्वयं भोजन परोसते नजर आए। बता दें कि प्रतिवर्ष गुरुकुल में प्रवेश परीक्षा के दौरान प्रत्येक अभिभावक व छात्र के लिए भोजन की व्यवस्था रहती है और इसके लिए पूरा गुरुकुल परिवार मिलकर व्यवस्था संभालता है। इसी व्यवस्था को जांचने के उद्देश्य से आज प्रधान रामकुमार गर्ग और व्यवस्थापक रामनिवास आर्य भोजनालय में पहुंचे जहां उन्हें सभी इंतजाम दुरुस्त मिले।



## फसल नुकसान की रिपोर्ट मंगा कर मुआवजा दे सरकार: ढांडा

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**आम** आदमी पार्टी के नेता अनुराग ढांडा रविवार को घरौंडा में आम आदमी पार्टी के नेता एडवोकेट जयपाल शर्मा के कार्यालय का उद्घाटन करने पहुंचे। वहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। वरिष्ठ अनुराग ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि आम आदमी पार्टी एक इंकलाब है। शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आम आदमी पार्टी का इंकलाब दिल्ली, पंजाब के बाद हरियाणा में भी आएगा। हरियाणा की जनता आम आदमी पार्टी की 2024 में सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो अपने काम के दम पर वोट मांगती है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल बोलते हैं अगर काम किया हो तो वोट दे देना, नहीं तो रहने देना। उन्होंने मुख्यमंत्री खट्टर को चुनौती देते हुए कहा कि अगर मुख्यमंत्री में हिम्मत है तो अपने काम के दम पर जनता के बीच आकर वोट मांग कर दिखाएं।

उन्होंने कहा की एक तरफ प्रदेश की किसानों की 50 प्रतिशत से ज्यादा फसल खराब हो गई है। मुख्यमंत्री खट्टर हवाई सर्वे कर रहे हैं। ई-पोर्टल खराब हैं, स्पेशल गिरदावरी का काम शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री खट्टर किसानों के बीच जाकर उनका दर्द बांटें। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने एक सप्ताह में नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर मुआवजा देने का ऐलान किया है। वरिष्ठ नेता अनुराग ढांडा ने कहा कि केवल 10 साल के अंदर आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय फलक पर उभर कर आ गई है। देश के हर राज्य में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हैं। अच्छी शिक्षा, फ्री बिजली, पानी, पक्के घर और मूलभूत सुविधाओं की बात करने वाली पार्टी का नाम आज देश के हर व्यक्ति की जुबान पर है। उन्होंने कहा कि देश के आम आदमी अरविंद केजरीवाल ने एक सपना देखा है कि देश का हर बच्चा अच्छी शिक्षा ले और देश के हर नागरिक को बेहतर इलाज मिले। उनकी नीतियों पर चलकर हमारा देश विकसित देश बनेगा। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता के हकों की आवाज बुलंद करने का काम केवल आम आदमी पार्टी कर रही है। उन्होंने कहा कि 2024 में आम आदमी पार्टी ही जनता के लिए एकमात्र उम्मीद है। ऐसी सरकार चुनो जो माताओं बहनों का सम्मान करे और बच्चों के भविष्य को सुनहरा बनाए। ये जनता को बिजली, पानी, शिक्षा और अस्पताल में ईलाज फ्री में उपलब्ध करवाए। युवाओं की रोजगार के अवसर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### डोर टू डोर जाकर आप ने चलाया सदस्यता अभियान


सदस्यता अभियान चलाते आप कार्यकर्ता।

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत कार्यकर्ताओं ने गांव छोड़पुर, हल्दाहेड़ी में डोर टू डोर जाकर सदस्यता अभियान चलाया। अभियान में हरबंस लाल कश्यप पूर्व हल्का अध्यक्ष, डॉ रोहताश रंगा नलवी, श्याम सिंह राणा शामिल रहे। डॉ रोहताश रंगा ने कहा कि लोग पार्टी का सदस्य बनने के लिए काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं क्योंकि आज किसान मजदूर, कर्मचारी, छोटे छोटे दुकानदार और किसान गठबंधन सरकार से काफी दुखी हैं और आने वाले चुनाव में एक बहुत बड़ा जनसमर्थन आम आदमी पार्टी को मिलने वाला है। लोग सिर्फ अब चुनाव के इंतजार में है। आज किसान अपनी फसल को लेकर काफी दुखी है क्योंकि तैयार फसल बारिश और ओलावृष्टि की चपेट में बुरी तरह से खराब हो गई है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि सरकार खराब फसल की स्पेशल गिरदवारी करे और किसान को मुआवजा देकर उसके नुकसान कि भरपाई करे।

### दादी जानकी को श्रद्धासुमन किए अर्पित


दादी जानकी को श्रद्धासुमन अर्पित करते बी. के वेणु गोपाल।

**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र पर प्रात: क्लास के बाद माउंट आबू से पधारे बीके वेणु गोपाल ने दादी जानकी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सेवा केन्द्र प्रभारी बीके सरोज दीदी ने बताया कि दादी जी को अनुशासन अतिप्रिय था। उन्होंने सच्चाई, सफाई, सादगी का संदेश भी दिया। अमेरिका के टेक्सास मेडिकल साइंस इंस्टीटयूट से विश्व की सबसे स्थिरचित महिला का गौरव हासिल करने वाली राजयोगिनी दादी जानकी जी स्थिर प्रज्ञा योगी थी। दादी जी 104 वर्ष की आयु मे भी अंतिम सांस तक जन जन को रूहानी स्नेह लुटाती रही। प्रेम की पैगम्बर दादीजी ने सारे संसार को वसुधैव कुटुम्बकम के सूत्र में पिरोया। शिव बाबा को विश्व पिता के रूप में प्रत्यक्ष किया। तीन बार ओमशान्ति महामन्त्र से संसार को गुंजाते हुए, मैं कौन मेरा कौन? मुझे क्या करना है? मस्त फकीर विदेही जनक अध्यात्म जगत की अलौकिक विरासत छोड़ गई। बीके वेणु गोपाल भाई ने भी दादी जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों पर चर्चा की। इस दौरान बी.के. राधा बहन, पुष्प लता, मिनाक्षी, नेहा, शिवाली, गुरसिमरन, विद्या, मधु व सिमरन के साथ सैकड़ों की संख्या में भाई बहन मौजूद रहे।

### भद्रकाली मंदिर में भक्तों ने किए मां के दर्शन


मंदिर में आरती करते भक्तजन।

**कुरुक्षेत्र।** मां भद्रकाली मंदिर में रविवार को भी दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि स्कंदमाता को मां दुर्गा का मातृत्व परिभाषित करने वाला स्वरूप माना जाता है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक, इनका भक्त, अलौकिक तेज एवं कांति से संपन्न हो जाता है। सुबह मंदिर में मंगला आरती स्पर्श गुप्ता द्वारा संपन्न की गई। आरती में 5 मिष्ठान और 5 प्रकार के फलों का भोग लगाया गया। भजन संध्या में श्रीओम भाई सुभाष भाई एंड पार्टी द्वारा माँ के भजन गाए गए। सभी भक्त माँ की मस्ती में झूमते नाचते दिखाई दिए। भक्तों की विशेष डिमांड पर कन्याओं के ऊपर और देशभक्ति के गीत भी सुनाए गए। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.पवन बंसल उपस्थित थे। मंदिर में पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजमोहन की धर्मपत्नी व दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की न्यायाधीश ने भी दर्शन किए। इस मौके पर नरेंद्र वालिया, हेमराज शर्मा, धर्मपाल गोयल, मीना जोशी, शकुंतला देवी, स्नेहिल शर्मा, डॉ अन्नु पॉल शर्मा, निकुंज शर्मा, देवेंद्र गर्ग हाबड़ी, रामपाल लाठर, सुनील वर्मा, हाकम चौधरी, आशीष दीक्षित, हितेश चौधरी, विशु सन्धु इत्यादि भक्तजन उपस्थित रहे।

## केंद्र ने राहुल की सदस्यता रद्द कर विपक्ष की आवाज दबाई : राठौड़

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


सूर्य प्रताप सिंह राठौड़।

**कांग्रेस** के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द के फैसले का युवा कांग्रेस थानेसर उपाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ ने विरोध कर रोष प्रकट किया है। राठौड़ ने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर कहा कि देश में इस वक्त तानाशाही चल रही है। राहुल गांधी से प्रधानमंत्री मोदी सहित पूरी भाजपा सरकार घबराई हुई है।

राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर सरकार ने न केवल उनकी सदस्यता रद्द कर दी, बल्कि चुनाव आयोग ने तुरंत प्रभाव से वहां चुनाव करने की सुगबुगाहट भी कर दी, जबकि उन्हें अदालत से एक महीने का समय मिला है। राहुल गांधी देश के हर आम आदमी, गरीब, मजदूर, किसान व बेसहारे की आवाज बन कर सदन में उठाते थे, लेकिन सरकार ने उनकी सदस्यता रद्द कर लोकतंत्र की हत्या की है। यह इस सरकार के जुल्म और तानाशाही की शुरूआत है।

### कुट्टू का आटा खाने से मृत्यु के कारण की अभी पुष्टि नहीं : उपायुक्त

**सोनीपत।** कुट्टू का आटा खाने से एक व्यक्ति की मृत्यु के मामले में उपायुक्त ललित सिवाच ने अफवाहों पर विराम लगाया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर जैसा कोई कारण सामने नहीं आया है। इसलिए अफवाहें नहीं फैलानी चाहिए।

साथ ही उपायुक्त ने कहा कि सोनीपत जिले में कुट्टू का आटा खाकर बीमार होने का कोई मामला फिलहाल नहीं है। जिले में किसी भी अस्पताल में इस समय इस कारण से कोई भी व्यक्ति दाखिल नहीं है। उपायुक्त ने बताया कि दो दिन पहले कुट्टू का आटा खाने की शिकायत के साथ 238 लोग अस्पताल में दाखिल हुए थे, जिन्हें तुरंत उपचार प्रदान करने के दो घंटे के भीतर ही ठीक होने उपरांत वापस घर भेज दिया गया था।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद् करने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सत्याग्रह

### राहुल गांधी लड़ रहे सत्य की लड़ाई, पूरा देश है उनके साथ : अशोक अरोड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि राहुल गांधी सत्य की लड़ाई लड़ रहे हैं, पूरा देश उनके साथ है। भाजपा सरकार देश से प्रजातंत्र को खत्म करना चाहती है, प्रजातंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता हर कुबार्नी देने को तैयार हैं। वे रेलवे रोड़ स्थित गांधी पार्क में गांधीजी को नमन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद् करने पर कांग्रेसजनों ने सत्याग्रह किया।

पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि आज भाजपा सरकार बौखला गई है। जो कोई भी नेता इस सरकार के कारनामों को उजागर करने का प्रयास करता है। उसके खिलाफ सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग किया जाता है, जोकि निंदनीय है। ऐसा ही 23 मार्च को देखा गया जब पूरा देश शहीदों की याद में शहीदी दिवस मना रहा था, उस वक्त शहीद परिवार के सदस्य को न्यायपालिका का सहारा लेकर सजा सुनवाकर, शहीदों को अपमानित करने का कार्य किया जा रहा था। शहीदों की बदौलत 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ। इसके बाद देश के लोगों को अनेकों अधिकार मिले और बोलने की आजादी मिली परंतु ये सरकार संविधान को अपने पैरों तले रौंदकर प्रजातंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है। इस मौके पर इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, लक्ष्मी कांत शर्मा, राजकुमार पिंडारसी, दीनानाथ अरोड़ा, जिप सदस्य सुरेश वाल्मिकी, जिप सदस्य प्रतिनिधि सुरेंद्र सैनी भिवानीखेड़ा, जगदीश राठी, पृथ्वी सिंह तुर्क, चन्द्रभान वाल्मिकी किरमच, बिमला सरोहा, पूर्व पार्षद अमित गर्ग शैंकी, नीलम बडौंदा, रीना वाल्मीकि, टेकचंद बारना, हिमांशु अरोड़ा, विकास रत्नडेरा, सुभाष पलवल, सतबीर शर्मा, कुलदीप हथीरा, शमशेर कश्यप, प्रेम हींगाखेड़ी, मुलख राज अरोड़ा, युवा जिलाध्यक्ष राजन बोड़ला, मोहन लाल भांवरा व जीत सिंह शेर सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



गांधी पार्क में सत्याग्रह करते कांग्रेस जन।

### राहुल गांधी की आवाज नही दबा सकती भाजपा: लक्ष्मी कांत शर्मा

**भारतीय** जनता पार्टी हो या या फिर सरकार कोई भी राहुल गाँधी की आवाज को नही दबा सकता। यह शब्द वरिष्ठ कांग्रेस नेता तथा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मी कान्त शर्मा एडवोकेट ने आज श्री राहुल गाँधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के विरोध में स्थानीय गांधी पार्क में सत्याग्रह पर बैठे कहे। उन्होंने कहा कि बेशक राहुल गांधी की सदस्यता राहुल की आवाज खामोश करने की साजिश के तहत रद्द की गई। मगर अब कांग्रेस का हर कार्यकर्ता राहुल गांधी की आवाज बन कर प्रधानमंत्री तथा भाजपा से सवाल पूछेगा की आखिर मोदी जी और अडानी अम्बानी का रिश्ता क्या है क्यों देश की सारी सम्पति इन्ही दो लोगों को बेचीं जा रही है।

## सोनीपत जेल कारागार में 271 बंदियों का किया गया नि : शुल्क इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।



जिला कारागार सोनीपत में रविवार को मनिंदर सन्नी व अनिल झरोठी के द्वारा तथा डॉ सुरेश कालरा के नेतृत्व में उजाला सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करवाया गया।

उजाला सिग्नस जेके हिंदू हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बंदियों का इलाज करते हुए चिकित्सीय सलाह दी और जरुरतमंदों को दवाईयां उपलब्ध कराई। आयोजित स्वास्थ जांच शिविर में बीमार बंदियों ने अपनी समस्या बताई। जिसके बाद चिकित्सकों ने उनका इलाज किया। शिविर में कुल 271 बंदियों का इलाज किया गया। जिनमें 245 पुरूष तथा 26 महिलाएं शामिल रही। जेल अधीक्षक राजेन्द्र सिंह की देखरेख में शिविर में बंदियों ने बारी-बारी अपना इलाज कराया।

## अजीज मस्जिद के नाम से जानी जाएगी आईबी ग्रुप द्वारा बनवायी गई ये सबसे खूबसूरत मस्जिद!

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कुछ** इमारतें अपनी बनावट के लिए प्रसिद्ध होती है। हाल ही में देश की प्रमुख कंपनी आईबी ग्रुप ने राजनांदगांव में मस्जिद का निर्माण करवाया। जिसे अजीज मेमोरियल ट्रस्ट संचालित करेगा। इसे टूरिज्म के लिहाज से भी देखा जा रहा है।

तीन एकड के क्षेत्रफल में बनकर तैयार हुई अजीज मस्जिद को पूरा होने में लगभग 2 साल का समय लगा। राजस्थान से बुलाये तकरीबन 200 कारीगरों ने दिन-रात मेहनत करके मस्जिद के निर्माण और नक्काशी का कार्य पूरा किया। अजीज मस्जिद की भव्यता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 500 से अधिक नमाजी एक साथ नमाज अदा कर सकते हैं। बनारस से आये जनाब हाफिज कारी व इमाम शाहनवाज अशरफ हैदरी साहब ने इस मौके पर जमात को तकरीर किया। आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बताया कि कई साल पहले एक मस्जिद देखने के बाद मैं चाहता था कि अपने राजनांदगांव में भी इबादत के लिए ऐसी मस्जिद होना चाहिए। अपने उसी विजन को पूरा करने के लिए इस मस्जिद के निर्माण का विचार आया। जिसके लिए हमने कारीगरों के अलावा मस्जिद में इस्तेमाल होने वाले पत्थर, मार्बल्स, झूमर, लाइट्स और सजावट की अन्य वस्तुएं बाहर के राज्यों और अन्य देशों से मंगाई हैं। 21 मार्च से शुरू हुई मस्जिद में अलसुबह 5.10 बजे अजान हुई और फजर की नमाज के साथ इबादत का सिलसिला आरम्भ हुआ। जिसमें कई नमाजियों ने हिस्सा लिया।

## महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम और बढ़ाया : जैन


पीएम मोदी के मन की बात के उपरांत कार्यकर्ताओं को संबोधित करती पूर्व मंत्री कविता जैन।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**पूर्व मंत्री** एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 99वें संस्करण के माध्यम से कला, खेल, विज्ञान एवं सेवा सहित अनेकों क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी महिलाओं के उदाहरण प्रस्तुत करके महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम और बढ़ाया है।

बूथ नं.-55 पर कार्यकर्ता समूह के साथ मन की बात सुनने के बाद अपने संबोधन में कविता जैन ने कहा कि नारी शक्ति से ऊर्जा मिलती है और उनके योगदान से देश आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड चैम्पियनशिप में मंडल जीतने वाली नीतू घनघस और स्वीटी बूरा को बधाई दी। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि जीते जी रक्तदान, मरते वक्त देहदान की मुहिम काफी नागरिकों को नई जिन्दगी देने का काम करती है।

## 14 क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने याकुतिया में इंटरनेशनल ट्रेडिशनल रेंडियर हर्डिंग चैम्पियनशिप में लिया हस्सा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**साखा** गणराज्य (याकुतिया) के नेरुंगरी शहर और इएंग्रा गांव में 15-19 मार्च के बीच पहले इंटरनेशनल ट्रेडिशनल रेंडियर हर्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन हुआ. इस चैम्पियनशिप में आर्कटिक एवं सुदूर पूर्व के 14 क्षेत्रों, चीन, मंगोलिया, आइसलैंड और ग्रीनलैंड के साथ-साथ रशियन एसोसिएशन ऑफ इंडिजनस पीपुल ऑफ द नॉर्थ, विधायी अधिकारियों, बिजनेस एवं एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड रेंडियर हर्डर्स के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

साल 2021-2023 के बीच आर्कटिक काउंसिल की रूस की अध्यक्षता के दौरान होने वाले कार्यक्रमों के तहत इस चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया. इन कार्यक्रमों का प्रबंधन रॉसकांग्रेस फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।

सीनियर आर्कटिक ऑफिशियल्स के प्रमुख और रूस के विदेश मंत्रालय के तहत काम करने वाले आर्कटिक को-ऑपरेशन के अम्बैस्डर-एट-लार्ज निकोलय कोरचुनोव ने कहा, मूल निवासों की जीवनपद्धति और संस्कृति को संजोकर रखने और आर्कटिक क्षेत्रों के लोगों की कई पीढ़ियों के बीच लिंक स्थापित के लिहाज से रेंडियर हर्डिंग का महत्व काफी अधिक है. इसके अलावा स्थानीय उत्पादकों के लिए इस क्राफ्ट का आर्थिक महत्व भी बहुत अधिक है और स्थानीय फूड मार्केट के आपूर्तिकर्ताओं की तरह उनकी भी मांग रहती है. रूस में उत्तर, साइबेरिया और उत्तर पूर्व की लगभग पूरी आबादी रेंडियर को चराती है. मूल निवासियों के 52 हजार से अधिक परिवार हैं जिनमें से कई यायावर जीवनशैली जीते हैं।

# हिसार एयरपोर्ट से जल्द शहरों को पैसेंजर विमान की उड़ान भरने की तैयारी : डिप्टी सीएम

## हिसार में इंड्रिटयल और कार्गो हब भी होगा विकसित, कई ग्लोबल कंपनियों से हुई चर्चा : दुष्यंत चौटाला

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**राज्य** सरकार हिसार एविएशन हब को एक विजन के तहत तैयार कर रही है। हिसार एयरपोर्ट को यात्रियों की सुविधा के साथ-साथ इंड्रिटयल और कार्गो हब के रूप में भी विकसित किया जाएगा। सरकार जल्द ही हिसार एयरपोर्ट से रीजनल कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जम्मू, अमृतसर, जयपुर, देहरादून, कुल्लू, शिमला, धर्मशाला, चंडीगढ़ तक उड़ान भरने की तैयारी में है। यह जानकारी हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चंडीगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में दी।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ड्रोन, एविएशन सेक्टर में नई इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है और इसके लिए बजट में भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से भारत और हरियाणा की तरक्की के लिए बहुत सुनहरे अवसर है और इसमें युवा शक्ति विकास को नया आयाम दे सकती है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एविएशन विभाग ने हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में एक हजार करोड़ रुपये इस क्षेत्र की उन्नति के लिए खर्च किए है। इसमें हिसार को एविएशन हब और इंडस्ट्रियल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए हरियाणा सरकार केंद्र साथ मिलकर काम कर रही है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि पहले फेज में 1200 एकड़ और दूसरे फेज में 1800 एकड़ में कार्य होगा। उन्होंने कहा कि हिसार एयरपोर्ट में रनवे का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। एयरपोर्ट के लिए लाइट्स और मौसम उपकरणों के ऑर्डर कर दिए गए है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसी वर्ष जुलाई माह में हिसार एयरपोर्ट पर टेस्टिंग का कार्य पूर्ण होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इसके बाद अगस्त या सितंबर महीने में पहली कमर्शियल विमान की रीजनल एयर कनेक्टिविटी शुरू करने का टारगेट है।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसको लेकर चर्चा हो गई है और जल्द एमओयू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 18 सीटर एयर पैसेंजर क्राफ्ट की हिसार से जम्मू, अमृतसर, जयपुर, देहरादून, कुल्लू, शिमला, धर्मशाला, चंडीगढ़ के लिए उड़ान भरने की तैयारी है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि इसके बाद हिसार एयरपोर्ट पर पूरे विमान भरने की क्षमता का कार्य पूर्ण किया जाएगा और 48 सीटर विमान की उड़ान भरकर आगरा, बीकानेर जैसे देश के पर्यटक शहरों के साथ कनेक्टिविटी बेहतर करने पर काम किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हिसार एयरपोर्ट को केवल यात्रियों के लाभ तक सीमित नहीं रखा जाएगा।



गांधी चौक पर सत्याग्रह करते कांग्रेसी।

# राहुल की लोस सदस्यता रद् करना देश में अघोषित आपातकाल का संकेत: विधायक

**पायनियर समाचा सेवा।** सोनीपत

**शहर** के गांधी चौक पर कांग्रेस द्वारा पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द किए जाने के खिलाफ़ सत्याग्रह किया गया। मौके पर पहुंचे गोहाना से कांग्रेस विधायक जगबीर सिंह मलिक ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करना भाजपा की बौखलाहट दिखाता है।

राहुल गांधी द्वारा पूर्व में दिए गए एक बयान को आधार बनाकर आनन फानन में उनकी सदस्यता रद् करना साबित करता है कि आज भाजपा राहुल गांधी से भयभीत है। भारत जोड़ों यात्रा में राहुल गांधी को मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन से भाजपा बौखला चुकी है। सड़क से लेकर संसद तक राहुल गांधी ने देश में अडानी समूह द्वारा किए गए घोटालों में मोदी सरकार की मिलीभगत की पोल खोल कर रख दी है। आज भाजपा मोदी और अडानी के रिश्तों को लेकर असहज है। इसी बौखलाहट में भाजपा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और विपक्ष की आवाज को दबाने का काम कर रही है।

विपक्ष चुप नहीं बैठेगा और आगामी दिनों में और बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन और सत्याग्रह आयोजित किया जाएगा। मेयर निखिल मदान ने कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि देश में अमृतकाल चल रहा है, लेकिन झूठे मुकदमों में फंसाकर विपक्षी नेताओं को जेल भेजना भाजपा सरकार की तानाशाही सोच दिखाता है। भाजपा नेता रोजाना समाज को तोड़ने वाले बयान देते है, लेकिन उनपर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीश्री बाला सेवा समिति ने किया 16 बेटियों को सामूहिक विवाह



सामूहिक विवाह समारोह में मंच पर बैठे नवदंपति।

**सोनीपत।** श्रीश्री बालाजी सेवा समिति शिव नगर द्वारा 16 बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन मुरथल रोड स्थित गीताजंलि गार्डन में धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह में 16 लड़के व लड़कियां परिणय सूत्र में बंधे। समिति द्वारा नवदंपतियों को रोजमर्रा की सभी चीजें उपहार स्वरूप प्रदान की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, पूर्व मंत्री कविता जैन, राजीव जैन व नगर निगम मेयर निखिल मदान ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर जरूरतमंद परिवार की लड़कियों का विवाह करवाना एक अच्छी परम्परा है। आज बेटियां किसी पर बोझ नहीं है। बेटियों ने हर क्षेत्र में साबित किया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी कहते हैं नारी ऊजा ही राष्ट्र की ऊर्जा है। ऐसे समारोह समाज को एक संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि बगैर जाति, धर्म देखे सामूहिक विवाह का आयोजन बहुत ही सराहनीय कार्य है। इन परम्पराओं से समाज में पनप रही कन्या भ्रूण हत्या पर भी अंकुश लग सकेगा। श्रीश्री बालाजी सेवा समिति द्वारा जरूरतमंद कन्याओं का बेडा उठाने से अब ऐसे मां-बाप अपनी बेटियों को बोझ नहीं समझेंगे। उन्होंने कहा कि समाज सेवा से बढ़कर कोई और नहीं पुण्य का कार्य नहीं है। नवदंपत्तियों को घेरलू जरूरत की सभी सामग्री उपलब्ध कराई गई हैं, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। समिति द्वारा कई अन्य कार्यक्रम में आयोजित किए रहे हैं, जिनमें प्रतिदिन शाम को असहाय लोगों के लिए लंगर, फ्री आंखों की डिस्पेंसरी व मोतियां बिंद का आपरेशन, महिलाओं के लिए निशुल्क सिलाई सिखाना, जरूरतमंद कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन, धार्मिक शोभा यात्रा में जलपान की व्यवस्था, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए कंबल बांटना आदि। श्रीश्री बाला जी सेवा समिति के संस्थापक एवं प्रधान रघुनन्दन व्यास, राकेश बंसल, प्रमोद गुप्ता, कैलाश पाराशर, सुरेश कालरा, राजकुमार, प्रवीण वर्मा, संजय सिंगला सहित काफी संख्या में शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### नवरात्रों के उपलक्ष में 51 कन्याओं को किया सम्मानित



कन्याओं को सम्मानित करते अतिथिगण।

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके द्वारा पांचवें दिन भी वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र में नवरात्रों के उपलक्ष्य में कन्या पूजन समारोह का आयोजन कर 51 कन्याओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी हरि ओमदास परिव्राजक ने की। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए सेवा ट्रस्ट टीम को बधाई दी ओर कहा कि समाज में इस तरह की पहल लगातार चलती रहनी चाहिए। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व समाजसेवी राजेश सिंगला ने बताया कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए नवरात्रों में नई पहल शुरू की गई है। उन्होंने सभी को नवरात्र के पंचम स्वरुप मां स्कंदमाता के आराधना की हार्दिक शुभकामनाएं दी। विनय गुप्ता, दिलबाग सौथा व कपिल मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रतिदिन 51 कन्याओं को अलग अलग जगह में कार्यक्रम कर सम्मानित किया जा रहा है। योगेश गर्ग ने बताया कि सेवा ट्रस्ट अभी तक 720 से ज्यादा कार्यक्रम कर 2.90 लाख लोगों में डाबर बूस्टर किट वितरित कर चुका है।

## साखी से पहले एएनए ग्रुप करवाएगा अमृतसर के लिए नि:शुल्क बस यात्रा

**पंचकूला।** अमरनाथ अग्रवाल धार्मिक स्थल यात्रा के अप्रैल 2023 का शेड्यूल जारी कर दिया है। लोगों के लिए बैसाखी से पूर्व अमृतसर के लिए विशेष तौर पर नि:शुल्क बस यात्रा का प्रबंध किया गया है। लोगों को विभिन्न धार्मिक स्थलों पर नि:शुल्क दर्शन करवाने के लिए बस से लेकर जाएंगे।

पंचकूला के महापौर और अमरनाथ अग्रवाल धार्मिक स्थल यात्रा के चेयरमैन कुलभूषण गोयल ने बताया कि धार्मिक यात्रा के लिये कोविड वैक्सीनेशन होना अनिवार्य की गई है। यह यात्रा एएनए ग्रुप की ओर से बिल्कुल फ्री करवाई जाती है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि सेवानिवृत और बुजुर्गों के लिये शुरु की गई है। 1-2 अप्रैल को वृंदावन, 8 अप्रैल को अमृतसर के स्वर्ण मंदिर एवं जलियांवाला बाग, 15 अप्रैल को हरिद्वार हरिद्वार, 22-23 अप्रैल को वृंदावन और 29 अप्रैल को शकुंबरी देवी, आध बद्री और केदार ट्रिप के लिये धार्मिक यात्रा करवाई जाएगी।

## झुग्गी कालोनी में डाली जाएगी नई पेयजल आपूर्ति लाइन : मेयर मदान



कालोनी में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनते मेयर मदान।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत

**मेयर** निखिल मदान रविवार सुबह वार्ड 15 इंडस्ट्रियल एरिया में बसी झुग्गी कालोनी में पहुंचें और लोगों की जन समस्याओं को सुना। मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय निवासियों के माध्यम से उन्हें सूचना मिली थी कि इस कालोनी में पेयजल आपूर्ति की समस्या है।

आज मौका निरीक्षण करने पर पता चला है कि यहां पूर्व में बिछाई गई पेयजल लाइन अब जर्जर हो चुकी है और उसकी क्षमता भी नाकाफी है। इसके अलावा झुग्गी कालोनी की सीवरेज लाइन भी काफी समय से बंद पड़ी है। दोनों समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मेयर निखिल मदान ने मौके पर ही नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता सागर मलिक और रामकरण हुड्डा को दिशा निर्देश दिए। मेयर निखिल मदान ने कहा कि जल्द ही नई पेयजल लाइन के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जायेगी और एक माह के बाद नई लाइन बिछा दी जाएगी।

## नंबरदार एसोसियशन ने बैठक कर किया मानदेय जैसी समस्याओं पर विचार

### कहा, सरकार नंबरदारों के अधिकारों को कमजोर करने का कर रही है प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**नंबरदारों** की समस्यों को लेकर नंबरदार एसोसियशन के तत्वावधान में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता तरावड़ी तहसील के अध्यक्ष राम सिंह न6बरदार ने की। बैठक का आयोजन करनाल स्थित कांबोज धर्मशाला में किया गया। करीब दो घंटे चली बैठक में नंबरदारों को आ रही दिक्कतों पर विचार विमर्श किया गया।

इस दौरान उपस्थित नंबरदारों ने न6बरदार एकता जिंदाबाद के नारे लगा कर अपनी आवाज को बुलंद्व किया। एसोसियशन को मजबूत करने का मुद्दा बैठक में प्रमुख तौर पर रहा। सभी सदस्यों ने कहा कि काफी लंबे अर्से से संगठन की गतिविधियां कमजोर चल रही है। इसलिए संगठन को मजबूत करने पर सभी ने अपनी अपनी सहमति दी। बैठक में वरिष्ठ नबरदार नेता निर्मल सिंह कांबोज ने प्रस्ताव रखते हुए कहा कि सरकार न6बरदार के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। जो सही नही है। नए नंबरदार को नियुक्त न करना, सरबराह न6बरदार न बनाना, नबरदार पर उमर की पाबंधी लगाने सहित कई मुद्दों को प्रदेश सरकार हल नही कर रही है। बल्कि सरकार की मंशा धीरे धीरे अब नबरदारी प्रथा को खत्म करने की मंशा जाहिर हो रही है। बैठक में यह भी मांग उठाई गई कि ग्राम पंचायतों में एक न6बरदार को बतौर सदस्य शामिल किया जाए। इसके अलावा नंबरदार को कम से कम सरपंचों के बराबर मानदेय दिया जाए।

## महितपुर में बलजीत कौर से मिल कर आया परिवार बोला, बेकसूर है हमारी बेटी

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**जालंधर** के महितपुर पुलिस स्टेशन में अपनी बेटी बलजीत कौर को मिल कर आए परिवार ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी से बातचीत की है। उन्हें एहसास हुआ कि वह बिल्कुल बेकसूर है। बलजीत कौर के पिता गुरनाम सिंह ने कहा कि मेरी बेटी और बेटे को नहीं पता था कि उनके घर पर पपलदीप के साथ आया शख्स वारिस-ए-पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह है। जब उन्हें इस बात का पता चला, तो वे डर गए। इसके बाद ही उन्होंने चुप्पी साधी। पिता ने कहा कि अगर उनका परिवार चुप्पी साधे रखता, तो शायद बच जाता। मगर कुरुक्षेत्र प्रशासन को सारी बात बताने का नतीजा आज उनका परिवार भुगत रहा है।

परिवार के साथ महितपुर पुलिस स्टेशन में बलजीत कौर से मिल कर आए भारतीय किसान यूनियन के नेता जसबीर सिंह मामूमाजरा ने कहा कि जब दोनों भाई बहन ईमानदारी से पुलिस को सब सच बता आए है, तो पुलिस परिवार को इतना परेशान क्यों कर रही है। उन्होंने कुरुक्षेत्र पुलिस से मांग की कि बलजीत कौर पर लगे सभी आरोपों को खारिज करवाने में पंजाब पुलिस से बातचीत करके परिवार की मदद की जाए।

### घर के बाहर तैनात है सिक्योरिटी

हरजिंदर सिंह के घर के बाहर पुलिस सिक्योरिटी तैनात हैं। पुलिस अधीक्षक के आदेशों के बाद शुक्रवार शाम से हरजिंदर सिंह के घर के बाहर सिक्योरिटी तैनात की गई थी, क्योंकि हरजिंदर सिंह और परिवार ने यह चिंता जताई थी कि उन्होंने अमृतपाल सिंह से संबंधित जानकारी पुलिस को दी है, ऐसे में कोई भी खालिस्तानी दल या समर्थक उनके या उनके परिवार/घर के ऊपर हमला न कर दे।

## डॉ. अम्बेडकर दूरदर्शी, विचारक, कुशल राजनीतिज्ञ, न्यायविद और अर्थशास्त्री थे : सांसद

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**महर्षि** वाल्मीकि महासभा द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में निसिंग में एक भव्य और शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें करनाल के सांसद संजय भाटिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमर नाथ सौदा ने की तथा स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र सहित अन्य गण मान्य लोग विशिष्ठ अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद संजय भाटिया, भाजपा के जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा व अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सांसद ने श्री महर्षि वाल्मीकि महासभा निसिंग की मांग पर सामुदायिक केंद्र के निर्माण कार्य की शुरूआत के लिए एमपी लैड से 11 लाख रुपये की राशि देनी की घोषणा की और कहा कि इस भवन का निर्माण कार्य अधूरा नही रहने दिया जाएगा।

सांसद संजय भाटिया ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर दूरदर्शी और महान विचारक होने के साथ-साथ एक कुशल राजनैतिक, न्यायविद, अर्थशास्त्री और समाज सुधारक थे। बाबा साहेब ने ऐसे संविधान की रचना की थी, जो दुनिया के सभी संविधानों में इसलिए श्रेष्ठ कहलाया है क्योंकि इसमें आजाद भारत के सभी लोगों को अपनी बात कहने, किसी भी धर्म को अपनाने, शिक्षा ग्रहण करने व समाज में समान रूप से आगे बढने के अवसर दिए हैं।

## कांग्रेसियों का अपमान करने वाले भाजपाइयों के खिलाफ कोर्ट में जाएंगे : गुरप्रीत

### हरियाणा के सभी जिला न्यायालयों में दायर करेंगे मानहानि याचिकाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**कांग्रेस** के आरटीआई तथा लीगल सैल के हरियाणा प्रदेश उप चेयरमैन गुरप्रीत सिंह ने कहा है कि युवक कांग्रेस आरटीआई एंड लीगल सैल द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में गांधी नेहरू और सोनिया गांधी, राहुल गांधी के साथ रेणुका चौधरी का अपमान करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के अहंकारी नेताओं के खिलाफ जिला न्यायालयों में मनहानि याचिकाएं दाय की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश में सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए आरटीआई दायर की जाएंगी। वह आज अपनी नियुक्ति के बाद पत्रकारों के साथ बातचती कर रहे थे। उन्हें पिछले दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खाडगे, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सासंद दीपेंद्र हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष उदयभान सिंह की अनुशंसा पर आल इंडिया युवा कांग्रेस के आरटीआई तथा लीगल सैल के राष्ट्रीय चेयरमैन डा. अनिल मीणा ने हरियाणा में प्रदेश उप चेयरमैन नियुक्त किया गया। उन्हें दिल्ली में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे रमेश चौधरी के पुत्र ललित चौधरी को प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया।

## उदझ-मॉलिकुलर हाईड्रोजन थेरेपी: स्वास्थ्य पर केंद्रित होने का एक क्रांतिकारी और बिना दवाई का सुरक्षित तरीका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रिवेंटिव** हैल्थकेयर और वैलनेस समाधानों के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी, सेरीन एनवायरोटेक ने उदझ उत्पाद श्रृंखला की सफलता की घोषणा की है। उदझ उत्पाद श्रृंखला में पोटेबल वैलनेस टूल्स के रूप में उदझ इन्हेलर और उदझ हाईड्रोजन वॉटर बोतलें हैं। इस उत्पाद श्रृंखला ने लोगों के जीवन में गहरा प्रभाव छोड़ा है और यह स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है।

उदझ इन्हेलर एक अभिनव उत्पाद है, जो स्वास्थ्य को अनेक फायदे देने वाली हाईड्रोजन गैस को सांस के साथ अंदर खींचने का अद्वितीय तरीका प्रदान करता है। यह एक कॉम्पैक्ट डिवाईस है, जो इस्तेमाल में आसान है और हर उम्र के व्यक्ति के लिए उपयुक्त है। यह ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन को कम करने में मदद करता है, संज्ञानात्मक कार्यों में सुधार लाता है, और सेहत को बनाए रखने में मदद करता है। उदझ हाईड्रोजन बोतलें स्लीक और स्टाईलिश वॉटर बोतलें हैं, जो ऑन-द-गो रहते हुए हाईड्रोजन से भरपूर पानी बनाती हैं। हाईड्रोजनयुक्त पानी पीना मेटाबोलिज़्म में सुधार लाने, ऊर्जा का स्तर बढ़ाने और शरीर में पानी का पर्याप्त स्तर बनाए रखने का प्रमाणित तरीका है। उदझ हाईड्रोजन बोतल खिलाड़ियों, फिटनेस प्रेमियों, और सेहतमंद जीवनशैली बनाए रखने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए उत्तम है।

ये उत्पाद उन लोगों के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो सदैव गतिशील रहते हैं और अपने स्वास्थ्य को सर्वश्रेष्ठ बनाए रखना चाहते हैं। यह बोतल पोर्टेबल है, और इस्तेमाल में आसान है, और मिनटों में हाईड्रोजन से भरपूर पानी बना देती है। डॉ. बाबू सुधाकर, चेयरमैन, और मैनेजिंग डायरेक्टर, सेरीन एनवायरोटेक ने कहा, ''भारत में स्वास्थ्य के लिए हाईड्रोजन लाने के साथ हमारा उद्देश्य उदझ द्वारा सेहत को बनाए रखने में मदद करना है। हम अभिनव उत्पादों का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो बिना दवाई के, सुरक्षित और स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हों।

udazH
Hydrogen for Health

## प्रदेश स्तरीय समारोह में जन प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

### आंवला लोकसभा से सांसद धर्मेंद्र कुमार व इंद्री विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि के रुप में की शिरकत

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

**कश्यप** राजपूत सभा द्वारा कश्यप राजपूत भवन कुरुक्षेत्र में प्रदेश स्तरीय जन प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश भर से पहुंचे कश्यप समाज के नवनिर्वाचित सरपंचों, ब्लॉक समिति मेंबर, जिला परिषद सदस्य, नगर पार्षदों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में आंवला लोकसभा से सांसद धर्मेंद्र कुमार कश्यप व इंद्री विधानसभा से विधायक राम कुमार कश्यप ने शिरकत की।

सम्मान समारोह में कश्यप राजपूत सभा के प्रधान ओमपाल कश्यप की अध्यक्षता, वरिष्ठ समाजसेवी देशराज कश्यप की अगुवाई व धर्मशाला के प्रधान राजबीर कश्यप की देखरेख में यह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आंवला लोकसभा से सांसद धर्मेंद्र कुमार कश्यप ने कहा कि समाज में अधिक से अधिक कश्यप समाज के लोगों की भागीदारी को लेकर यह सम्मान समारोह किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज में ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक हो और शिक्षा, सामाजिक कार्य, राजनीति व अन्य सभी क्षेत्रों में समाज अग्रणी पंक्ति में रहे इसको लेकर ऐसे कार्यक्रम की आवश्यकता है। संरक्षक देशराज कश्यप, सभा के प्रधान ओमपाल कश्यप व धर्मशाला के प्रधान राजबीर कश्यप, पूर्व चेयरमैन रघुनाथ कश्यप ने कहा कि कश्यप राजपूत सभा रजि के द्वारा समाज के उत्थान व समाज को आगे बढ़ाने के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के कश्यप समाज के जनप्रतिनिधियों का आज यह सम्मान समारोह किया गया है ताकि इन सभी से प्रेरणा लेकर समाज के लोग आगे बढ़े और राजनीति में भी अधिक से अधिक भागीदारी हो। इस मौके पर संजीव कश्यप, नवजोत कौर इंद्री, परमजीत कौर कश्यप जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, आरडी कल्याण घरोडा, करता राम कश्यप, जीत राम कश्यप, धर्मवीर देहरा कश्यप, राजकुमार, दिनेश कुमार प्रदेश प्रभारी युवा विंग व टीम, हरीश कश्यप प्रदेश अध्यक्ष युवा विंग, पाला राम कश्यप उचाना, विक्रम सिंह कश्यप आर्य समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राहुल की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने से कांग्रेस और मजबूत होगी: चिदंबरम

## कांग्रेस नेता ने कहा, इस तरह से अगले साल आम चुनावों में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा

**बोले, कांग्रेस का सफाया नहीं होगा और क्षेत्रीय दल भाजपा के खिलाफ खड़े होंगे और लड़ेंगे**



एजेंसी। कोलकाता

**पूर्व वित्त** मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने से कांग्रेस और मजबूत होगी और अगले साल आम चुनावों में उसे इसका लाभ मिलेगा।

मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को अघोषित आपातकाल करार देते हुए चिदंबरम ने एक साक्षात्कार में कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कांग्रेस को समाप्त करने की अपनी इच्छा के तहत उसे मुख्य निशाना बना रही है, ताकि क्षेत्रीय दलों को और आसानी से साध सके। हालांकि, उन्होंने कहा कि कांग्रेस का सफाया नहीं होगा और क्षेत्रीय दल भाजपा के खिलाफ खड़े होंगे और लड़ेंगे। कहा, देश पहले से ही आपातकाल जैसी स्थिति में है। यह एक अघोषित आपातकाल है। आपातकाल के दौरान शिकायतों में से एक यह थी कि प्रेस की स्वतंत्रता छीन ली गई थी। क्या यह स्थिति आज अलग है? पत्रकार और मीडिया की स्वतंत्रता आज कई प्रतिबंधों के अधीन हैं। भाजपा का मुख्य निशाना कांग्रेस पार्टी है। उन्हें लगता है कि अगर वे चुनावी रणभूमि से कांग्रेस पार्टी को खत्म करने में सक्षम हो गए, तो क्षेत्रीय या राज्य-आधारित दल आसान लक्ष्य होंगे। वे दोनों मायने में गलत हैं। कांग्रेस पार्टी को समाप्त नहीं किया जा सकता है। क्षेत्रीय या राज्य-आधारित दल खड़े होंगे और लड़ेंगे। उन्होंने कहा, पिछले कुछ दिनों के घटनाक्रम ने कांग्रेस को और मजबूत किया है। हम जानते हैं कि हम एक कठिन लड़ाई लड़ रहे हैं। भाजपा के खिलाफ लड़ते हुए एकजुटता, संघर्ष, त्याग से कांग्रेस पार्टी निश्चित रूप से मजबूत होगी। एक मजबूत कांग्रेस निश्चित रूप से (2024) चुनाव में एक बड़ी ताकत होगी। उन्हें (राहुल गांधी को) मेरी सलाह की जरूरत नहीं है और मैं उन्हें सलाह नहीं देता। वह बहादुर और निडर हैं। भारत जोड़ो यात्रा में उन्होंने अपने धैर्य और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया- ऐसे गुण जिन्हें बहुत से लोग गांधी में पाकर खुश हैं।मोटे तौर पर, मैं उस विचार से सहमत हूं। जहां तक मेरी जानकारी है, कांग्रेस का नेतृत्व अलग तरीके से नहीं सोचता। हमें लगता है कि मौजूदा राजनीतिक स्थिति, साझा लक्ष्यों और आपसी सम्मान की आम समझ के जरिए ही विपक्षी एकता को हासिल और कायम रखा जा सकता है। कांग्रेस में किसी ने भी सुझाव नहीं दिया है कि कांग्रेस को बिग बॉस होना चाहिए। जिस तरह सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह ने संप्रग (गठबंधन और सरकार) का असाधारण सूझ-बूझ और कुशलता से नेतृत्व किया- इस तथ्य का प्रमाण है कि कांग्रेस में किसी को भी श्रेष्ठता का बोध नहीं है।

# ताइवान के साथ होंडुरास ने राजनयिक संबंध समाप्त किए

एजेंसी। बीजिंग



**चीन** ने रविवार को बताया कि होंडुरास ने ताइवान के साथ राजनयिक संबंध समाप्त कर दिए हैं और इसी के साथ लातिन अमेरिकी देश के बीजिंग के साथ औपचारिक संबंध स्थापित करने का रास्ता साफ हो गया है।

चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी ने बताया कि होंडुरास के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को इस संबंध में घोषणा की। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब स्वशासित ताइवान को लेकर चीन के बढ़ते आक्रामक रुख समेत कई मामलों पर चीन एवं अमेरिका के बीच तनाव बढ़ रहा है। इस कदम के बाद ताइवान को संप्रभु देश मानने वाले देशों की संख्या कम होकर केवल 13 रह गई है। साई इंग वेन के मई 2016 में राष्ट्रपति बनने के बाद से ताइपे ने अपना नौवां राजनयिक सहयोगी गंवाया है। चीन की सत्तारूढ़ सरकार का दावा है कि ताइवान उसके राष्ट्रीय क्षेत्र का हिस्सा है, जबकि ताइवान की वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार का कहना है कि यह पहले से ही संप्रभु है और चीन का हिस्सा नहीं है।

# अंगदान ईश्वर का स्वरूप, अधिक संख्या में लोग इसके लिए सामने आएं : मोदी


## पीएम ने कार्यक्रम 'मन की बात' की 99वीं कड़ी में अपने विचार साझा किए

**अंगदान से मिलता है आठ से नौ लोगों को नया जीवन**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के इस दौर में अंगदान किसी को जीवन देने का एक बहुत बड़ा माध्यम बन चुका है क्योंकि जब एक व्यक्ति मृत्यु के बाद अपना शरीर दान करता है तो उससे 8 से नौ लोगों को एक नया जीवन मिलने की संभावना बनती है।

एजेंसी। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अंगदान को ईश्वर का स्वरूप करार देते हुए कहा कि आज देश में इस बारे में जागरूकता बढ़ रही है। पिछले 10 सालों में अंगदान करने वालों की संख्या में तीन गुनी वृद्धि हुई है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 99वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने देशवासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में अगदान के लिए सामने आने की अपील की।



प्रधानमंत्री ने अंगदान करने वाली चंडीगढ़ की एक बिटिया अबाबत के माता-पिता सुखबीर सिंह संधू और सुप्रीत कौर तथा झारखंड के सराइकेला की स्नेहलता के पुत्र अभिजीत चौधरी से अंगदान के उनके अनुभवों के बारे में चर्चा की। अबाबत की कहानी सुनाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वह सिर्फ 39 दिन की थी तभी वो यह दुनिया छोड़कर चली गई लेकिन उसके माता-पिता ने बेटी के अंगदान का फैसला लिया। संधु और कौर के इस फैसले की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने उनसे कहा, आपकी बेटी मानवता की अमर-गाथा की अमर यात्री बन गई है। अपने शरीर के अंश के जरिए वो आज भी उपस्थित है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने 63 वर्ष की उम्र में अपना हृदय, किडनी और यकृत दान करने वाली स्नेहलता चौधरी के पुत्र से चर्चा की, जिन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद भी उनकी मां चार लोगों की जान बचा गई और दो लोगों की आंखों को रोशनी दे गई। मोदी ने कहा कि 39 दिन की अबाबत कौर हो या 63 वर्ष की स्नेहलता चौधरी, इनके जैसे दानवीर जीवन का महत्व समझाकर जाते हैं।

एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव, ऑस्कर जीतने वाली लघु वृत्तचित्र द एलिफेंट व्हिस्पर्स वाली प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा और निर्देशक कार्तिकी गोंजाल्विस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र की वैज्ञानिक ज्योतिर्मई मोहंती, भारत की अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम की टी-20 विश्व कप में जीत, नगालैंड में 75 वर्षों में पहली बार दो महिलाओं के विधायक और उनमें से एक के मंत्री बनने की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी सभी महिलाएं भारत और भारत के सपनों को ऊर्जा दे रही हैं।

मोदी ने लोगों से अगले महीने होने वाले इस कार्यक्रम की 100वीं कड़ी के लिए अपने विचार साझा करने को भी कहा।



# पाकिस्तान: इमरान खान ने मीनार-ए-पाकिस्तान पर रैली की

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर को देश के शेष हिस्से से काटने और शहर में कंटेनर लगाने के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान शनिवार रात मीनार-ए-पाकिस्तान पर एक बड़ी रैली करने में कामयाब रहे। देश के मीडिया ने पीएमएल-एन नीत सरकार के दबाव की वजह से कार्यक्रम का प्रसारण नहीं किया। सरकार को सेना का समर्थन हासिल है।

खान ने बुलेट-प्रूफ शीशे के पीछे खड़े होकर रैली को संबोधित किया। खान पर पूर्व में हमला हो चुका है। ऐतिहासिक पार्क में बड़ी संख्या में महिलाएं भी जुटी थीं। खान की रैली को विफल करने के लिए पुलिस ने मीनार-ए-पाकिस्तान की ओर जाने वाली सभी प्रमुख सड़कों को कंटेनर और अवरोधक लगाकर बंद कर दिया था। इन बाधाओं की वजह से लोग लंबी दूरी पैदल चलकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस रैली से पहले पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 2,000 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने और प्रताड़ित करने के लिए पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार और उसके आकाओं को आड़े हाथों लिया।

# शहीद प्रधानमंत्री का बेटा कभी देश का अपमान नहीं कर सकता : प्रियंका

**कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा ने महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर एक सभा को संबोधित किया**



एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को कहा कि देश को जोड़ने के लिए हजारों किलोमीटर चलने वाला शहीद प्रधानमंत्री का बेटा कभी भी देश का अपमान नहीं कर सकता है। वहीं कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराए जाने के खिलाफ रविवार को राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया।

वाद्रा यहां महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर एक सभा को संबोधित कर रही थीं। राहुल गांधी को 2019 के एक आपराधिक मानहानि के मामले में सूरत की अदालत द्वारा दोषी पाए जाने के बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया गया। प्रियंका ने कहा कि समय आ गया है कि अहंकारी सरकार के खिलाफ आवाज उठाई जाए क्योंकि राहुल गांधी को चुनाव लड़ने से रोकना देश और इसके लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि उद्योगपति गौतम अडाणी को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल पूछने के लिए राहुल गांधी को अयोग्य ठहराया गया है और जनता इस कार्वाई के लिए जिम्मेदार लोगों को करारा जवाब देगी। राजघाट के बाहर संकल्प सत्याग्रह में जमा हुए लोगों से वाद्रा ने कहा, मेरे परिवार ने खून से इस देश में लोकतंत्र को सींचा है।

हम इस देश में लोकतंत्र के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं।

कांग्रेस के महान नेताओं ने इस देश में लोकतंत्र की नींव रखी है। उन्होंने कहा, समय आ गया है और हम अब चुप रहने वालों में से नहीं हैं। वाद्रा ने पूछा कि क्या शहीद प्रधानमंत्री का बेटा देश का अपमान कर सकता है और कहा, यह उस प्रधानमंत्री का अपमान है जिसने अपनी जान दे दी।

# बीच हवा में टकराने से बचे एअर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के विमान

**काठमांडू।** नेपाल में एअर इंडिया और नेपाल एयरलाइंस के विमान बीच हवा में भिड़ने वाले थे, तभी चेतावनी प्रणाली ने पायलटों को सतर्क कर दिया और उनके तुरंत हरकत में आने से एक बड़ा हादसा टल गया। अधिकारियों ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। नेपाल के नागर विमानन प्राधिकरण (सीएएएन) ने लापरवाही के आरोप में हवाई यातायात नियंत्रण विभाग के तीन कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। सीएएएन के प्रवक्ता जगन्नाथ निरूला ने यह जानकारी दी। शुक्रवार सुबह मलेशिया के कुआलालंपुर से काठमांडू आ रहे नेपाल एयरलाइंस के एयरबस ए-320 विमान और नई दिल्ली से काठमांडू आ रहे एअर इंडिया के विमान की भिड़ंत होने वाली थी। निरूला ने कहा कि एअर इंडिया का विमान 19 हजार फुट की ऊंचाई से नीचे की ओर आ रहा था जबकि नेपाल एयरलाइंस का विमान उसी समय 15 हजार फुट की ऊंचाई पर उड़ रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि जब रडार पर दिखा कि दो विमान आसपास हैं, तो नेपाल एयरलाइंस का विमान नीचे उतरकर सात हजार फुट की ऊंचाई पर आ गया।

# सारस से दोस्ती कर चर्चा में आए आरिफ की मुश्किलें बढ़ीं : वन विभाग ने थमाया नोटिस

**नोटिस में उप प्रभागीय वन अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराने को कहा**

**एक साल पहले खेत में घायल अवस्था में मिला था एक सारस**



एजेंसी। अमेठी (उप्र)

**अमेठी** जिले के जामो क्षेत्र के मंडखा गांव में सारस पक्षी से दोस्ती को लेकर चर्चा में आए आरिफ की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। वन विभाग ने उसे नोटिस जारी कर आगामी चार अप्रैल को तलब किया है।

गौरीगंज के सहायक वन अधिकारी रणवीर सिंह की तरफ से आरिफ को शनिवार को भेजे गए नोटिस के मुताबिक, उस पर वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। नोटिस के अनुसार, आरिफ को आगामी चार अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे उप प्रभागीय वन अधिकारी रणवीर मिश्रा के समक्ष उपस्थित हो कर बयान दर्ज कराने को कहा गया है। सिंह ने बताया कि 21 मार्च को आरिफ के घर से वन विभाग की टीम ने सारस को अपने कब्जे में लेकर रायबरेली के समसपुर पक्षी विहार में छोड़ा था जिसे कानपुर चिड़ियाघर भेज दिया गया है। गौरतलब है कि अमेठी जिले में जामो थाना क्षेत्र के मंडखा गांव के निवासी आरिफ को करीब एक साल पहले खेत में एक घायल सारस पड़ा मिला था। उसकी टांग टूटी थी। आरिफ ने उसे अपने घर पर लाकर उसका इलाज किया था।

पूरी तरह से ठीक होने के बाद सारस वहां से जाने के बजाय आरिफ के साथ ही रहने लगा था और वह उसी के साथ खाता पीता भी था। इसके अलावा वह आरिफ के पीछे-पीछे चलता था। इसके कई वीडियो और तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पांच मार्च को दोनों से मिलने के लिए अमेठी आए थे।

# खालिस्तान समर्थकों ने की वाशिंगटन में भारतीय दूतावास पर हिंसा भड़काने की कोशिश

एजेंसी। वाशिंगटन



**खालिस्तान** समर्थकों का एक समूह यहां भारतीय दूतावास के सामने एकत्र हुआ और हिंसा भड़काने की कोशिश की, लेकिन अमेरिका की सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस के समय पर हस्तक्षेप करने से लंदन और सैन फ्रांसिस्को के मिशन पर हुई घटनाओं को फिर होने से रोक दिया गया।

वाशिंगटन डीसी स्थित भारतीय दूतावास के पास अलगाववादी सिख शनिवार को एकत्र हुए और उन्होंने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के खिलाफ अपशब्द कहे और उन्हें सार्वजनिक रूप से धमकी दी। प्रदर्शन के समय संधू दूतावास में नहीं थे। प्रदर्शन स्थल पर कुछ प्रदर्शनकारी अन्य प्रदर्शनकारियों को हिंसा में शामिल होने और इमारत की खिड़कियां एवं शीशे तोड़ने के लिए भड़काते देखे गए। चीजें नियंत्रण से बाहर हो सकने की आशंका के मद्देनजर सीक्रेट सर्विस और स्थानीय पुलिस ने अतिरिक्त बलों को तुरंत तैनात किया और कम से कम तीन पुलिस वैन दूतावास के सामने खड़ी की गईं।

एक समय, पांच प्रदर्शनकारियों ने तेजी से सड़क पार की और वे दूतावास के पास उस खंभे तक पहुंच गए, जिस पर तिरंगा था, लेकिन सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने तुरंत वहां पहुंचकर उनसे प्रदर्शन के लिए तय क्षेत्र में जाने को कहा। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि प्रदर्शनकारी सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास और लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में भारतीय संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाएं करने के इरादे से आए थे।

# भारत ने अलगाववादी तत्वों के खिलाफ कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया

**पूछा, पुलिस मौजूदगी में भारत के राजनयिक मिशन और दूतावासों की सुरक्षा का उल्लंघन कैसे करने दिया**



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** ने अपने राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों के खिलाफ अलगाववादी एवं चरमपंथी तत्वों के कृत्यों के मद्देनजर कनाडा के उच्चायुक्त को तलब किया है और इन घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि भारत सरकार ने शनिवार को इस संबंध में स्पष्टीकरण मांगा कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इस प्रकार के तत्वों को भारत के राजनयिक मिशन और वाणिज्य दूतावासों की सुरक्षा का उल्लंघन कैसे करने दिया गया।

इसमें कहा गया कि कनाडा को विएना संधि के तहत उसके दायित्वों की याद दिलाई गई और ऐसे लोगों को गिरफ्तार करने और उन पर मुकदमा चलाने के लिए कहा गया जिनकी पहचान इस तरह के कृत्यों में शामिल होने वाले व्यक्तियों के तौर पर पहले ही की जा चुकी है। मंत्रालय ने आशा व्यक्त की कि कनाडा सरकार भारत के राजनयिकों और उसके राजनयिक परिसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी कदम उठाएगी ताकि वे अपने सामान्य राजनयिक कार्यों को पूरा कर सकें।

खालिस्तान समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन के बाद ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को सुरक्षा चिंताओं के कारण रद्द करना पड़ा, जिसमें कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त हिस्सा लेने वाले थे। यह कार्यक्रम भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा की कनाडा में पश्चिमी तट की पहली यात्रा पर उनके स्वागत के लिए ताज पार्क कन्वेंशन सेंटर सरे में रविवार को आयोजित किया गया था। कैनेडियन ग्लोबल टेलीविजन नेटवर्क के समाचार एवं समसामायिक मामलों के प्रभाग ग्लोबल न्यूज ने बताया था कि इस कार्यक्रम को सुरक्षा कारणों से अंततः रद्द कर दिया गया।

विरोध प्रदर्शन की रिपोर्टिंग करने के लिए कार्यक्रम स्थल पर मौजूद भारतीय मूल के पत्रकार समीर कौशल पर भी प्रदर्शनकारियों ने हमला किया था। कनाडा में हाल ही में खालिस्तान समर्थकों की भारत विरोधी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है। इन तत्वों ने कुछ हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ भी की है।

# राइट टू हेल्थ विधेयक का विरोध कर रहे निजी चिकित्सकों और सरकार के बीच वार्ता विफल

## मुख्यमंत्री ने कहा था, राइट टू हेल्थ में चिकित्सकों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है

एजेंसी। जयपुर

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत के निर्देश पर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों और राइट टू हेल्थ विधेयक के विरोध में हड़ताल कर रहे चिकित्सकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ रविवार को सचिवालय में आयोजित वार्ता विफल हो गई। सचिवालय में रविवार दोपहर मुख्य सचिव उषा शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, प्रमुख सचिव टी. रविकांत और जयपुर के कलेक्टर की मौजूदगी में चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत हुई। बैठक में चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल ने कहा, हमें राइट टू हेल्थ बिल मंजूर नहीं है। बिल वापस लीजिए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार रात को स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक कर चिकित्सकों से हड़ताल खत्म कर काम पर लौटने की अपील की थी। मुख्यमंत्री ने कहा था, राइट टू हेल्थ में चिकित्सकों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। चिकित्सकों का हड़ताल पर जाना उचित नहीं है। पक्ष-विपक्ष ने सर्वसम्मति से यह बिल पास किया है। वार्ता के बाद संवाददाताओं से बातचीत में निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम सोसाइटी के सचिव विजय कपूर ने कहा, वार्ता के दौरान हमने अधिकारियों से कहा कि यह विधेयक असंवैधानिक है और इसे वापस लेने के बाद ही इसकी त्रुटियों के बारे में बातचीत की जाएगी। उन्होंने बताया कि सोमवार को राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में जयपुर में एक विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा जिसमें हमारे परिजन और मेडिकल फर्टिनटी (स्वास्थ्य क्षेत्र) से जुड़े सभी लोग शामिल होंगे। कपूर ने बताया कि चिकित्सकों का 10 सदस्ईय शिष्टमंडल जिसमें डॉक्टर राजशेखर यादव, डॉक्टर वीरेन्द्र अग्रवाल,




सुनील, डॉक्टर नीरज डामोर, डॉक्टर चित्रेश, डॉक्टर अर्चना, डॉक्टर रामदेव और डॉक्टर राकेश कालरा शामिल थे, ने सरकार के साथ वार्ता में शामिल हुए और वहां सभी ने समवेत स्वर में कहा, हम यह बिल नहीं चाहते हैं... राइट टू हेल्थ बिल के लिए हमारी मनाही है। यह बिल यहां पर आवश्यक नहीं है.. बेवजह लाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, सभी प्रतिनिधियों ने दो टूक शब्दों एक ही बात बार-बार दोहराई.. यह बिल वापस होना चाहिए और यह राजस्थान में लागू नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने हमसे विधेयक की कमियों के बारे में पूछा लेकिन हमने सबने एक ही बात कही कि बिल लौटना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारा रूख बिल्कुल स्पष्ट है कि इस विधेयक को हर हाल में सरकार को वापस लेना पड़ेगा और यदि सरकार इसे वापस नहीं लेती है तो... आंदोलन और तेज किया जाएगा। कपूर ने कहा, सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने हमसे विधेयक के हर बिन्दु पर बात करने और उसका संतोषजनक स्पष्टीकरण देने का आश्वासन दिया। लेकिन हमने उनसे कहा पहले इस विधेयक को वापस लीजिए या लिखित में आश्वासन दे कि यह विधेयक नहीं आएगा। जब तक ऐसा नहीं होता है, ना तो यह आंदोलन रूकेगा और ना हीं आगे वार्ता होगी।

### सीएम बोले, हड़ताल करना मानवीय दृष्टिकोण से जनहित में नहीं

**इस** बीच रविवार को जयपुर में चिकित्सकों ने जवाहर सर्किल तक कार रैली निकाली। इस बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को फिर से हड़ताली चिकित्सकों से अपील की है कि हड़ताल करना मानवीय दृष्टिकोण से जनहित में नहीं है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री रविवार शाम दिल्ली से जयपुर पहुँच रहे हैं और आते इस इस मुद्दे पर बैठक करेंगे। सूत्रों के अनुसार, गहलोत ने शनिवार को डॉक्टरों की हड़ताल को लेकर बैठक की थी और आज भी उन्होंने डॉक्टर से अपील की है कि हड़ताल करना मानवीय दृष्टिकोण से जनहित में नहीं है।

# सोसायटी बैठक में जमकर हंगामा-बवाल

## विवाद बढ़ने पर मौके पर पहुंची पुलिस, बिसरख कोतवाली में कराया गया समझौता

● एओए सदस्यों और निवासियों के बीच तीखी नोंकझोंक के बाद हाथापाई भी हुई



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा वेस्ट की एक हाऊसिंग सोसायटी में हुई अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन एओए की बैठक चर्चा का विषय बन गई है। इस मीटिंग के दौरान कई लोग आपस में उलझ गए। जमकर बवाल हुआ और पुलिस बुलानी पड़ गई। पुलिस कई लोगों को बिसरख कोतवाली लेकर गई। वहां सभी लोगों ने बैठकर समझौता कर लिया। पुलिस ने निवासियों और एओए को चेतावनी दी है कि अगर भविष्य में इस तरह की घटना हुई तो सबके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। बैठक के दौरान हुए हंगामे के वीडियो वायरल हो रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक्जोटिका ड्रीमविले सोसाइटी के कांफ्रेंस रूम में एओए मेंबर्स और निवासियों के बीच एक मीटिंग हुई। इस दौरान निवासियों को बिल्डर के साथ होने वाले मेमोरेंडम ऑफ ट्रांसफर पर चर्चा करनी थी। दरअसल, एओए और बिल्डर के बीच सोसायटी की हैंडओवर प्रक्रिया चल रही है।

निवासियों का कहना है कि एओए से वित्तीय लेनदेन से जुड़े कागजात के बारे में जानना चाहा। जिस पर वह उत्तेजित हो गए। एओए के सदस्यों और निवासियों के बीच तीखी नोंकझोंक हुई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। निवासियों का आरोप है कि मीटिंग के दौरान एओए के सेक्रेटरी ने बिल्डर से हो रहे एमओटी की शर्तों और दस्तावेजों को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया। एमओटी की कॉपी निवासियों के साथ साझा करने की बात की तो इंकार कर दिया। जिसके बाद मामला ज्यादा बिगड़ गया। महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। निवासियों ने डायल.112 पर शिकायत की। पुलिस सोसायटी में गई और कई लोगों को बिसरख कोतवाली लाया गया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में तीन लोगों ने माफी मांगी और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं करने की बात कही है। एसएचओ ने बताया कि लिखित में इन लोगों के बीच समझौता हुआ है। अब किसी ने शांति व्यवस्था बिगाड़ी या किसी को परेशान किया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ सोसायटी के निवासियों ने इस घटना पर रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि एओए का अड़ियल रवैया है। अगर एओए को चुना गया है तो उनकी जवाबदेही है। लोगों का कहना है कि मीटिंग के दौरान हंगामा करने वाले और महिला से बदतमीजी करने वालों की वीडियो वायरल हो रही है।

# किसानों का अथॉरिटी पर महापड़ाव का ऐलान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के खिलाफ किसानों का आंदोलन जारी है। अब किसानों ने 25 अप्रैल को प्राधिकरण पर महापड़ाव का ऐलान कर दिया है। रविवार को किसान सभा ने खोदना खुर्द गांव में पंचायत करके यह घोषणा की है। रविवार को हुई पंचायत में किसान सभा ने अपनी 45 गांवों की कमेटियों को बुलाया। पंचायत ब्रह्मपाल सूबेदार के यहां आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता नंबरदार जगदीश ने की व संचालन जगबीर नंबरदार ने किया।

पंचायत में वक्ताओं ने प्राधिकरण पर किसानों के शोषण करने का आरोप लगाया है। किसान सभा के प्रवक्ता रुपेश वर्मा ने बताया कि 23 मार्च को आंदोलन के दौरान प्राधिकरण अधिकारियों से वार्ता हुई। जिसमें प्राधिकरण अधिकारियों ने अब तक हुए भूमि अधिग्रहण के सापेक्ष 10: आबादी प्लॉट देने और प्राधिकरण की हाऊसिंग स्कीम्स में 17.5: किसान कोटा देने और नई जमीन खरीद के सापेक्ष 6: आबादी प्लॉट देने से इनकार कर दिया है। इससे किसानों में भारी रोष है।

### इन मुद्दों पर होगा आंदोलन

- ग्रेटर नोएडा में भूमि अधिग्रहण के सापेक्ष किसानों को 10: आबादी प्लॉट दिया जाना चाहिए।
- भूमि अधिग्रहण या जमीन की सीधी खरीद सर्किल रेट से 4 गुना ज्यादा दरों पर की जानी चाहिए।
- विकास प्राधिकरण की आवासीय योजनाओं में किसानों को 17.5: कोटा बदस्तूर मिलना चाहिए।
- भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसान परिवार में प्रत्येक बालिग को न्यूनतम 120 वर्गमीटर का आवासीय प्लॉट दिया जाना चाहिए।
- नई जमीन खरीद में भी 10: आवासीय भूखंड का प्रावधान अनिवार्य रूप से किया जाए।
- पतवाड़ी गांव के समझौते के अनुसार गांव के भूमिहीनों को न्यूनतम 40 वर्गमीटर का आवासीय भूखंड दिया जाए।
- आबादियों की लीज बैक और आबादियों की सुनवाई के लिए बचे प्रकरणों का तुरंत निस्तारण किया जाए।

# संचालक ने युवती से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**जेवर** कस्बे में संचालित स्पाइन एंड फिजियो थेरेपी सेंटर पर काम करने वाली दलित युवती ने सेंटर संचालक पर धोखे से रोटी बनाने के बहाने कमरे पर बुलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पीड़िता ने बताया कि वह करीब दो माह से कस्बा स्थित स्पाइन एंड फिजियो थेरेपी सेंटर पर काम करती थी। हरियाणा के पलवल का रहने वाला सेंटर का संचालक मनीष कस्बे में झाझर रोड पर किराये के मकान में रहता है। संचालक ने सेंटर पर काम करने वाली युवतियों में विश्वास पैदा करने के लिए किसी न किसी बहाने से कमरे पर बुलाना शुरू किया। 19 मार्च को संचालक ने एक व्यक्ति के माध्यम से पीड़िता को खाना बनाने के बहाने अपने कमरे पर बुलाकर जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। आरोपित ने किसी को बताने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी, जिससे उसने किसी को इस बारे में नहीं बताया। आरोपित ने दूसरे दिन भी पीड़िता से अश्लील हरकत की जिस पर पीडिता ने शुक्रवार को स्वजन को घटना की जानकारी दी। परिजन पीड़िता के साथ थाने पहुंच कर कार्रवाई मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चौहान ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म व एससी एसटी एक्ट की धाराओं में उसे गिरफ्तार किया गया।

### बच्ची रेप व हत्या मामले में 250 पेज की चार्जशीट

**टीला** मोड़ थाना क्षेत्र की एक कालोनी में चार साल की बच्ची की दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या के आरोपित पालनहार और उसके दोस्त के खिलाफ पुलिस ने आरोप पत्र तैयार कर लिया है। सोमवार को पुलिस न्यायालय में दाखिल कर सकती है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आरोपित को सख्त सजा दिलाने की कोशिश करेगी।

# कार्रवाई : नोएडा में खुले में शराब पीने पर 33 गिरफ्तार

● आबकारी विभाग और पुलिस का ग्रेटर नोएडा में संयुक्त अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा में आबकारी विभाग और बीटा 2 पुलिस के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने पैदल मार्च करते हुए ऐसे लोगों की जमकर धरपकड़ की और इन लोगों को पकड़कर पुलिस थाने ले आई। इस दौरान करीब 33 लोगों को पकड़ा गया और इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश के बाद आबकारी विभाग और ग्रेटर नोएडा पुलिस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाए। इस दौरान एसीपी अरविंद कुमार, आबकारी निरीक्षक राहुल राजपूत, चंद्रशेखर सिंह और बीटा 2 थाना प्रभारी के द्वारा ग्रेटर नोएडा के जगत फ़ार्म ,अल्फ़ा मार्केट व उसके अलावा कई अन्य स्थानों पर पैदल मार्च किया गया और इस दौरान खुले में शराब पी रहे लोगों की जमकर धर पकड़ की गई।

# ग्रेनो में कोरोना संक्रमण ने पकड़ी रफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● 24 घंटे में मिले 12 नए कोरोना संक्रमित दस दिन में हुई मरीजों की संख्या दोगुनी

कोरोना संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या ने जिला प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। गौतमबुद्ध नगर बीते 24 घंटे को 12 नए मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। जो इस वर्ष एक दिन में सबसे ज्यादा मरीज है। इन्हें मिला कर कोविड.19 संक्रमण के सक्रिय केसों की संख्या 38 हो गई है। जबकि दस दिन पहले मरीजों की संख्या 18 थी।

सक्रिय 38 मरीजों में 32 का इलाज होम आइसोलेशन और छह का इलाज अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम सभी मरीजों के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए है। कोरोना ने एक बार फ़िर रफ्तार पकड़ना शुरू कर दिया है। बढ़ते मामलों को देखते हुए अस्पतालों में जगह जगह पोस्टर लगाए गए हैं कि मास्क लगाना अनिवार्य है, लेकिन इस नियम का सरेआम उल्लंघन होता दिखाई दे रहा है। सीएमओ सुनील कुमार का कहना है कि शहर के अस्पतालों में सर्दी जुकाम और गले में दर्द के मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। जिला अस्पताल में ही प्रतिदिन 200 से ज्यादा कोरोना के लक्षण के मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। इन मरीजों में सर्दी जुकाम, बुखार, गले में संक्रमण आदि के लक्षण है। स्वास्थ्य विभाग ने सेक्टर.39 स्थित नए जिला अस्पताल के साथ ही भंगेल स्थित सीएससी में कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज के लिए वार्ड बनाया है।

इसी के साथ, कोरोना के वेरिएंट का पता लगाने के लिए अस्पतालों को जीनोम सिक्वेंसिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके संबंध में सभी अस्पतालों को निर्देश भेज दिए गए हैं। जित्ता सर्विस अधिकारी अमित कुमार का कहना है कि बढ़ती हुई मरीजों की संख्या को देखते हुए शासन की ओर से मॉनिटरिंग, टेस्टिंग बढ़ाने और कोविड क्लस्टर की पहचान करने के निर्देश दिए हैं।

# गौर सिटी सोसाइटी में लगी आग, लाखों का नुकसान



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में गौर सिटी सोसाइटी के 5 एवेन्यू में एक फ्लैट में अचानक आग लग गई। कुछ देर में ही आग ने विकराल रूप ले लिया और उसकी लपटें खिड़कियों से बाहर दिखने लगीं। इसके बाद सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम और सिक्योरिटी ने तेजी दिखाते हुए आग पर किसी तरह काबू पा लिया। जिस समय यह आग लगी थीए उस समय घर पर कोई भी मौजूद नहीं था। इस हादसे में जनहानि नहीं हुई।

गौर सिटी सोसाइटी के 5 एवेन्यू के जी.ब्लॉक में प्रदीप कंबोज अपने परिवार के साथ 5 वे फ्लोर पर रहते हैं। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह करीब 10 बजे उनका परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था और घर का ताला लगा हुआ था। उसी दौरान उनके घर में आग लग गई और यह आग इतनी तेजी से फैली कि थोड़ी देर में ही आग ने विकराल रूप ले लिया और इसकी लपटें खिड़कियों से बाहर दिखनी शुरू हो गई। जैसे ही पड़ोसियों ने फ्लैट में आग के विकराल रूप को देखा तो तुरंत इसकी सूचना सिक्योरिटी को दी गई। आग लगने की सूचना मिलते ही मेंटेनेंस विभाग की टीम और सिक्योरिटी मौके पर पहुंची और आग को बुझाने में जुट गए। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया और आग लगने की सूचनाब फ्लैट के मालिक प्रदीप कम्बोज को दी गई वह भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। लेकिन उनके फ्लैट में रखा हुआ सारा सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि इस आग से काफी नुकसान हुआ है। हालांकि आग लगने के कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। लोगों का कहना है कि यह आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। फिलहाल आग लगने के कारणों की भी जांच की जा रही है। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है।

# वेस्ट यूपी प्रभारी सतेंद्र सिसोदिया को दी बधाई

● जिम्मेदारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने शनिवार की देर रात क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्ति की है। सभी 6 क्षेत्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कमान गौतमबुद्ध नगर के पूर्व जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया को सौंपी गई है। सतेंद्र सिसोदिया के अध्यक्ष बनने के बाद जिले के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। सिसोदिया को कार्यकर्ता सोशल मीडिया और उनके निवास पर जाकर उन्हें बधाई दे रहे हैं। इस दौरान नोएडा महानगर के अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में नोएडा टीम ने उनके गांव पयावली पर जाकर शुभकामनाएं और बधाई दी। सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने मुझ जैसे आम कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है। उसको पूरी निष्ठा के साथ निभाऊंगा। संगठन को मज़बूत करते हुए सरकार की योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाऊंगा।

## दहेज के लिए महिला को जान से मारने का प्रयास

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र के कल्लूगढ़ी की रहने वाली एक विवाहिता को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल पक्ष ने गले में फंदा डालकर पंखे से लटकाने का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट की और पति ने तीन तलाक दे दिया।

पीड़िता ने मामले में पति को नामजद करते हुए ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कल्लूगढ़ी की रहने वाली आसमा का कहना है कि उनकी शादी मई 2022 में गजरौला के रूकमुद्दीन के साथ हुई थी। उनके पिता ने शादी मे 10 लाख रुपये खर्च किए थे और दहेज में बुलेट बाइक दी थी।

## मिलावटी कुट्टू का आटा बेचने वाला गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में कुट्टू का आटा खाने से बीमार हुए लोगों के मामले में पुलिस ने आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। अलग अलग जगह पर मिली तहरीर पर पुलिस ने दो दुकानदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। एक दुकानदार को पकड़ा है।

तीन दिन पहले मुरादनगर में कुट्टा का आटा खाने से चार कॉलोनी व आठ गांवों के 100 से अधिक लोग बीमार हो गए थे। बीमार हुए लोगों ने कस्बा मार्ग स्थिति विपिन उपभोक्ता भंडार व तिबड़ा मार्ग स्थित उत्तम उपभोक्ता भंडार से ही कुट्टू का आटा खरीदा कर खाया था।

# प्रेमी के शादी से इनकार पर दी जान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**गाजियाबाद** के निवाड़ी थानाक्षेत्र के गांव सारा में प्रेमी के शादी से इनकार करने पर बीए प्रथम वर्ष की छात्रा ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा रहे है।

निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव सारा निवासी सोनू परिवार सहित रहते है। वह दिल्ली नगर निगम में सफाई कर्मचारी पद पर तैनात है। उनकी 22 वर्षीय पुत्री सिमरन बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। सुबह युवती अपने घर की छत पर कपडे सुखाने के लिए गई थी। जब वह काफी देर तक नीचे नहीं आई तो परिजनों ने घर की छत पर पहुंचे। वह यह देखकर हक्के बक्के रह गए कि युवती कमरे में पंखे से लटकी हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पंखे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### कमरा बंद कर छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिहानी** गेट थाना क्षेत्र के पटेल मार्ग बोंझा की रहने वाली बीए की एक छात्रा ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मौके से सुसाइड नोट के बरामद न होने से आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर स्वजन को सूचना दी है। पुलिस का कहना है कि परिवार वालों के आने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी। मूलरूप से आजमगढ़ के गांव बनावी की रहने वाली 17 वर्षीय मनीता बोंझा मां मोनी और भाई मनोज के साथ किराये पर रहती थी। वह बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी।

# मेघालय डीजीपी ने 5000 फीट ऊंचाई से किया पैरा जंप

## हिंडन एयरबेस से भरी थी उड़ान, ऐसा करने वाले देश में डीजीपी रैंक के पहले अधिकारी बने

पांच हजार फीट ऊंचाई से पैरा जंप करके रिकॉर्ड बनाया किया नाम रोशन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद





गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस से 5000 फीट ऊंचाई से पैरा जंप करने जाते डीजीपी एलआर बिश्नोई। पैरा जंप के बाद बिश्नोई को बैज लगाते वायु सेना अधिकारी।

**मेघालय** पुलिस के महानिदेशक डॉ एलआर बिश्नोई ने पांच हजार फीट ऊंचाई से पैरा जंप करके रिकॉर्ड बनाया है। ऐसा करने वाले वे भारत में डीजीपी रैंक के पहले अधिकारी हैं। उन्होंने 24 मार्च को उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद स्थित भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी और पैरा जंप किया।

एलआर बिश्नोई 1991 बैच के आइपीएस ऑफिसर हैं। वे साल.2022 में मेघालय के डीजीपी नियुक्त किए गए थे। वे मूल रूप से हरियाणा राज्य में फतेहाबाद जिले के गांव चिंदड़ के रहने वाले हैं। पहली नौकरी पशुपालन विभाग में और फिर दूसरी नौकरी भारतीय वायुसेना में लगी थी।

लेकिन इसके तुरंत बाद वे यूपीएससी में सलेक्ट हो गए थे। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने ट्वीट करते हुए लिखा. बहुत-बहुत बधाई डीजीपी मेघालय पुलिस। हिंडन एयरबेस पर 5 हजार फीट की ऊंचाई से पांच सफल पैराजंप करने पर। ऐसा करने वाले भारत के पहले डीजीपी रैंक के अधिकारी हैं। उन्हें सफलता व वीरता की कामना।

डीजीपी डॉ. एलआर बिश्नोई ने मुख्यमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा. हार्दिक धन्यवाद मुख्यमंत्री जी, आपके प्रशंसात्मक शब्दों के लिए। आपका निरंतर प्रोत्साहन प्रेरणा देगा मेघालय पुलिस को अधिक मेहनत करने के लिए। आपके समर्थन और शुभकामनाओं के लिए आभार।

## कार पार्किंग में अवैध वसूली, तीन गिरफ्तार



**नोएडा।** नया टेंडर जारी न होने के कारण इस समय नोएडा भर में सरफेस पार्किंग फ्री चल रही है, लेकिन कुछ लोग अभी भी इसकी आड़ में वाहन चालकों को चूना लगा रहे हैं। सेक्टर-104 में पार्किंग में जबरन वसूली में तीन लोगों को नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा हे। आरोप है कि पार्किंग शुल्क न देने पर ये लोग वाहन चालकों के साथ अभद्रता भी करते थे। आरोपितों की पहचान सालारपुर के मधुकांत ठाकुर, शैलेंद्र कुमार और सेक्टर-45 सोम बाजार के राजु झा के रूप में हुई है। पार्किंग पर्ची मशीन भी बरामद की गई है। अवर अभियंता नवीन कुमार ने बताया कि सेक्टर-104 में मुख्य मार्ग पर होने वाली पार्किंग इस समय निशुल्क चल रही है।

# संक्षिप्त समाचार



### मन की बात के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद।** वसुंधरा के सेक्टर 15 स्थित सांई उपवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 99वें मन की बात के साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने प्रधानमंत्री के ओजस्वी विचारों को सुना। स्वास्थ्य शिविर के आयोजक वार्ड 74 के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा हमारा लक्ष्य जनता स्वस्थ रखना है। इसी प्रयास में प्रत्यक्ष मल्टी स्पेशलियटी क्लीनिक के चिकित्सकों की टीम ने सांई मंदिर में पहुंचे लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और सलाह दी। स्वास्थ्य शिविर में प्रत्यक्ष मेडिकल केयर की निदेशक डॉ. ख्याति शर्मा, डॉ. सुमित त्यागी, डॉ. श्रद्धा प्रकाश, डॉ. मानसी गोयल का विशेष योगदान रहा। शिविर में ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की निशुल्क जांच के साथ अन्य जांचों पर 50 फीसदी की छूट प्रदान किया गया।

### आईएमएस और स्किल्स रीडिस्कवरी के बीच समझौता

**नोएडा।** इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा ने स्किल्स रीडिस्कवरी के साथ एमओयू साइन किया। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान आईएमएस की डीन मेजर नुपुर गुप्ता के साथ स्किल्स रीडिस्कवरी के को फाउंडर लोकेश माहेश्वरी ने अपनी मौजूदगी दर्ज करायी। वहीं कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ कौशल विकास एवं उद्यमिता विषय पर चर्चा की गई। आईएमएस की डीन मेजर नुपुर गुप्ता ने कहा कि छात्रों में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए संस्थान ने स्किल्स रीडिस्कवरी के साथ एमओयू साइन किया है। हमारी कोशिश है कि हमारे छात्र प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए मार्केट के अनुरूप तैयार हो।

### परिवहन विभाग ने दिल्ली पुलिस को दी शिकायत

**गाजियाबाद।** कौशांबी डिपो और आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डे के पास से 451 निजी बसों का संचालन हो रहा है। सरकारी बसों के रूट पर निजी बसों के चलने से नियमित लाखों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त और दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्र इस्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन डीटीआइडीसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर से शिकायत की। यूपीएसआरटीसी के आनंद विहार अंतरराज्यीय बस अड्डे पर तैनात सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आरके जोहरी का कहना है कि ईडीएम माल के पास दिल्ली सीमा से अवैध तरीके से बस अड्डा चल रहा है।

### भगत सिंह सेना के अध्यक्ष पर छेड़छाड़ का आरोप

**नोएडा।** शहर के सेक्टर.20 थानाक्षेत्र से एक लड़की के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। इसको लेकर पिता ने पुलिस से 2 लोगों के खिलाफ शिकायत की। पुलिस केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है। पीड़ित परिवार ने सोशल मीडिया के जरिए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। आरोपी शहीद भगत सिंह सेना के नाम से संगठन चलाता है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता के पिता ने बताया कि उनकी बेटी के साथ हिंदू शहीद भगत सिंह सेना संगठन के अध्यक्ष विनय सिंह ने छेड़छाड़ की है। विनय अपने साथियों के साथ मिलकर काफी दिनों से उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ कर रहा था। 13 मार्च को विनय ने लड़की को किसी काम से अपने ऑफिस में बुला लिया। जहां उसके साथ जबरन यौन शोषण किया गया है। आरोप है कि बच्ची को मेंटली टॉर्चर भी किया गया है।

# योग्य वर की प्राप्ति को करें मां कात्यायनी की पूजा

**नवदुर्गा के छठवें स्वरूप में मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। मां कात्यायनी का जन्म कात्यायन ऋषि के घर हुआ था, अतः इनको कात्यायनी कहा जाता है। इनकी चार भुजाओं में अस्त्र-शस्त्र और कमल का पुष्प है, इनका वाहन सिंह है। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं, गोपियों ने कृष्ण की प्राप्ति के लिए इनकी पूजा की थी। विवाह संबंधी मामलों के लिए इनकी पूजा अचूक होती है, योग्य और मनचाहा पति इनकी कृपा से प्राप्त होता है। ज्योतिष में बृहस्पति का संबंध इनसे माना जाना चाहिए।**

**मंत्र**

कात्यायनी महामाये,
महायोगिन्यधीश्वरी।
नन्दगोपसुतं देवी, पति मे
कुरु ते नमः।।



**कैसे करें मां कात्यायनी की सामान्य पूजा?**

- गोधूली वेला के समय पीले अथवा लाल वस्त्र धारण करके इनकी पूजा करनी चाहिए।
- इनको पीले फूल और पीला नैवेद्य अर्पित करें। इओ शहद अर्पित करना विशेष शुभ होता है।
- मां को सुगंधित पुष्प अर्पित करने से शीघ्र विवाह के योग बनेंगे, साथ ही प्रेम संबंधी बाधाएं भी दूर होंगी।
- इसके बाद मां के समक्ष उनके मंत्रों का जाप करें



**इनकी पूजा से किस तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं?**


- कन्याओं के शीघ्र विवाह के लिए इनकी पूजा अद्भुत मानी जाती है
- मनचाहे विवाह और प्रेम विवाह के लिए भी इनकी उपासना की जाती है
- वैवाहिक जीवन के लिए भी इनकी पूजा फलदायी होती है
- अगर कुंडली में विवाह के योग क्षीण हों तो भी विवाह हो जाता है

**माता का संबंध किस ग्रह और देवी-देवता से है?**

- महिलाओं के विवाह से संबंध होने के कारण इनका भी संबंध बृहस्पति से है
- दाम्पत्य जीवन से संबंध होने के कारण इनका आंशिक संबंध शुक्र से भी है
- शुक्र और बृहस्पति, दोनों दैवीय और तेजस्वी ग्रह हैं, इसलिए माता का तेज भी अद्भुत और संपूर्ण है
- माता का संबंध कृष्ण और उनकी गोपिकाओं से रहा है, और ये ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री देवी हैं।

# मां बम्लेश्वरी देवी शक्तिपीठ

## मां बगुला मुखी अपने जागृत रूप में पहाड़ी पर विराजमान



मां बम्लेश्वरी देवी शक्तिपीठ दो हजार साल से भी ज्यादा समय से दुनियाभर में प्रसिद्ध हैं। राजनांदगांव से 36 किमी दूरी पर स्थित डोंगरगढ़ नगरी धार्मिक विश्वास और श्रद्धा का प्रतीक है। डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर स्थित शक्तिरूपा मां बम्लेश्वरी देवी का विश्व विख्यात मंदिर आस्था का केंद्र है। यहां मां बम्लेश्वरी के दो विख्यात मंदिर हैं। डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर 1600 फीट की ऊंचाई पर पहला मंदिर बड़ी बम्लेश्वरी के नाम से पहचाना जाता है। यहां माता के दर्शन के लिए करीब 1000 सीढ़ियां चढ़नी होती है। बड़ी बम्लेश्वरी के समतल पर स्थित मंदिर छोटी बम्लेश्वरी के नाम से प्रसिद्ध है। मां बम्लेश्वरी के मंदिर में हर साल नवरात्र के समय दो बार भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें लाखों की संख्या में दर्शनार्थी हिस्सा लेते हैं। लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण के चलते कई पाबंदियों के साथ माता के दर्शन हो रहे हैं। मंदिर समिति ने इस बार ऑनलाइन दर्शन की व्यवस्था भी की है।

### कामख्या नगरी का नाम कामावती पुरी रखा

अब से 2200 साल पहले डोंगरगढ़ के प्राचीन नाम कामख्या नगरी में राजा वीरसेन का शासन हुआ करता था, वे निःसंतान थे। पुत्ररत्न की कामना के लिए उन्होंने महिषमती पुरी (एमपी में मंडला) में शिवजी और भगवती दुर्गा की आराधना की। इसके बाद रानी को एक साल के बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने नामकरण में पुत्र का नाम मदनसेन रखा गया। भगवान शिव और मां दुर्गा की कृपा से राजा वीरसेन को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी और इसी भक्ति भाव से प्रेरित होकर कामख्या नगरी में मां बम्लेश्वरी (जगदम्बे महेश्वर) का मंदिर बनवाया गया। राजा मदनसेन एक प्रजा सेवक शासक थे। उनके पुत्र कामसेन जिनके नाम पर कामख्या नगरी का नाम कामावती पुरी रखा गया।

### देवी साक्षात महाकाली के रूप में डोंगरगढ़ में प्रतिष्ठित

कामकन्दला और माधवनल की प्रेमकथा भी डोंगरगढ़ की प्रसिद्धी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कामकन्दला राजा कामसेन के राजदरबार में नर्तकी थी, वहीं माधवनल एक निपुम संगीतज्ञ था। एक बार राजा के दरबार में कामकन्दला के नृत्य का आयोजन हुआ, लेकिन ताल व सुर बिगड़ने से माधवनल ने कामकन्दला के पैर की एक पायल में नग न होने व मृदंग बजाने वाले का एक अंगूठा नकली यानी मोम का होना जैसी गलती निकाली। इससे राजा कामसेन बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने अपनी मोतियों की माला माधवनल को भेंट की। माधवनल ने सम्मान में राजा से प्राप्त मोतियों की माला कामकन्दला को भेंट कर दी। इससे राजा क्रोधित हो गए और माधवनल को राज्य से निकाल दिया, लेकिन माधवनल राज्य से बाहर न जाकर डोंगरगढ़ की पहाड़ियों की एक गुफा में छुप गया। इस घटना से कामकन्दला और माधवनल के बीच प्रेम बढ़ गया। दोनों छिपकर मिलने लगे।

वहीं दूसरी ओर राजा कामसेन का पुत्र मदनादित्य भी कामकन्दला से प्रेम करने लगा। कामकन्दला भी डर के कारण प्रेम का नाटक करने लगी। लेकिन सच कुछ ही दिनों में बाहर आ गया और राजा पुत्र मदनादित्य ने कामकन्दला पर राजद्रोह का आरोप लगाकर बंदी बना लिया। माधवनल उज्जैन भाग गया, उसे को पकड़ने के लिए भी सिपाही भेजे। उज्जैन में उस समय विक्रमादित्य का शासन था। उन्होंने माधवनल की मदद की। वे अपनी सेना के साथ कामख्या नगरी में आक्रमण करने पहुंच गए। कई दिनों के घनघोर युद्ध में विक्रमादित्य की जीत हुई। फिर विक्रमादित्य ने माधवनल और कामकन्दला की प्रेम परीक्षा लेने के लिए झूठी सूचना फैलाई कि युद्ध में माधवनल वीरगति को प्राप्त हुआ, तो कामकन्दला ने ताल में कूदकर प्राणोत्सर्ग किया, वह तालाब आज भी कामकन्दला के नाम से जाना जाता है। उधर कामकन्दला के आत्मोत्सर्ग से माधवनल-कामकन्दला के जीवन के साथ यह वरदान भी मांगा कि मां बगुला मुखी अपने जागृत रुप में पहाड़ी पर प्रतिष्ठित हों। तबसे मां बगुला मुखी-अपभ्रंश बमलाई देवी साक्षात् महाकाली के रूप में डोंगरगढ़ में प्रतिष्ठित हुई।

### आवास व्यवस्था

देश-दुनिया से आने वाले भक्तों के लिए यहां ठहरने की भी अच्छी व्यवस्था की गई है। श्री बम्लेश्वरी मंदिर समिति के माध्यम से संचालित धर्मशाला के साथ यहां निजी होटल्स भी उपलब्ध हैं।

### माता के मंदिर में कैसे पहुंचें

**वायु मार्ग:** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर सबसे नजदीक का हवाई अड्डा है, जो मुंबई, दिल्ली, नागपुर, हैदराबाद, बैंगलूरु, विशाखापट्नम और चेन्नई से जुड़ा हुआ है।

**रेल मार्ग:** हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर डोंगरगढ़ रेलवे जंक्शन है।

**सड़क मार्ग:** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, राजनांदगांव से नियमित बस सेवा और टैक्सियां उपल्बध होती हैं।

# चमोली आपदा: चिपको आंदोलन की पीढ़ी बेबस होकर गांवों से करना चाहती है पलायन



हमने पहले ही चेताया था कि करीब 3500 मीटर की ऊंचाई पर नंदादेवी राष्ट्रीय अभ्यारण्य के पास बांध (डैम) बनाना ठीक नहीं है। अदालतों और लगभग सभी समितियों के चक्कर लगाए गए, उन्हें भी चेताया गया। लेकिन किसी ने हमारी बातों पर ध्यान नहीं दिया। समिति पर समिति बनती रहीं और बांध का बनना भी जारी रहा। अब देखिए यह क्या हो गया।卐

उत्तराखंड के चमोली जिले में रैणी गांव के संग्राम सिंह बेहद गुस्से में लगभग चीखकर अपना दुख डाउन टू अर्थ से जताते हैं। 7 फरवरी, 2021 को ग्लेशियर का एक बड़ा टुकड़ा टूटने के बाद मलबे वाली भयावह बाढ़ जानलेवा बन गई। इस बाढ़ ने रैणी गांव को भी त्रासदी का शिकार बनाया जो 1974 के मशहूर 'चिपको आंदोलन' का जनक रहा है। इस आंदोलन में गौरा देवी की अगुवाई में 27 महिलाओं ने पेड़ों से चिपककर उन्हें जी-जान से बचाने की जुगत की थी। लेकिन अब गांव की तस्वीर उलट रही है। त्रासदियों से उगताकर यहां के ग्रामीण अब गांव छोड़कर कहीं और बसने की सोच रहे हैं।चमोली त्रासदी के बाद रैणी गांव की तरफ जाने वाला मुख्य रास्ता इन दिनों काफी व्यस्त है। रास्ते में इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के कम से कम 100 लोग, राष्ट्रीय आपदा राहत बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा राहत बल (एसडीआरएफ), स्थानीय पुलिस और सेना सब रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हैं। इसी रास्ते से करीब दो किलोमीटर ऊपर रैणी गांव में चिपको आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली देवकी देवी राणा का घर है। डाउन टू अर्थ से बातचीत में उन्होंने कहा कि अब वह भी गांव को छोड़ देना चाहती हैं।

चमोली की रौद्र बाढ़ ने रास्ते में पड़ने वाले 13 मेगावाट की ऋषिगंगा पनबिजली परियोजना को पूरी तरह साफ कर दिया। परियोजना में काम करने वाले कई कर्मचारी अब भी गायब हैं। इनमें छह लोग रैणी गांव के ही थे और इनमें से एक देवकी देवी राणा का साला भी था। 1974 में चिपको आंदोलन के दौरान एक पेड़ को बचाने के लिए अपने जीवन को बिना सोचे दांव पर लगाने वाली देवकी अब 62 वर्ष की हैं और अपनी जिंदगी और परिवार की सुरक्षा को लेकर इतनी घबराई हुई हैं कि वह गांव छोड़ने को तैयार हैं।

देवकी कहती हैं मैंने ऐसी आपदा अपने जीवन में पहले कभी नहीं देखी। बाढ़ ने अपने रास्ते में आने वाली हर चीज को मिटा दिया। मैं बूढ़ी हो चुकी हैं और मेरे पास अब और समय नहीं है। बच्चों और पोतों के जीवन के लिए हम चाहते हैं कि सरकार हमारा पुनर्वास कर दे।

इस तरह रैणी गांव में वह अकेली नहीं है। सिलसिलेवार कुछ घरों के बाद 68 वर्षीय आशा देवी राणा का भी घर है। पूरा दिन रोने और बिलखने के बाद उन्होंने डैम निर्माण के लिए अपनी जमीन बेचने का निर्णय लिया था। बाढ़ के बाद से उनकी छोटी बहन अमृता देवी भी लापता हैं।

आशा देवी डाउन टू अर्थ से कहती हैं 卐हम गरीब थे और हमें पैसों की जरुरत थी। लेकिन इस डैम के लिए हमने जो कीमत अदा की है वह बहुत ही ज्यादा है। इसने हमें कुछ नहीं दिया बल्कि इसने मेरी बहन को भी मुझसे छीन लिया। उन्होंने हमें बेवकूफ बनाया और कभी नहीं बताया कि इसमें हमें क्या मिलेगा।卐 वहीं, आशा के पति मेहताब सिंह राणा ने भी कहा कि अब यह गांव बिल्कुल महफूज नहीं रहा। पांच-छह महीने पहले डैम निर्माण के समय विस्फोट हुआ था जिससे मकान में दरारें आ गईं थीं और अब इस तरह की भयावह बाढ़ आई है। अगर हम यहां से नहीं गए तो यह गांव नदी में समा जाएगा और हम लोग भी इसके आगोश में चले जाएंगे। चिपको आंदोलन की अगुवा रहीं गौरा देवी के बेटे चंद्र सिंह राणा ने कहा कि रैणी गांव अपने लालच की कीमत अदा कर रहा है। मेरी मां की पीढ़ी स्वार्थ रहित थी। हम उनकी तरह नहीं है। हम लालची हैं। हम पैसा और नौकरियां चाहते हैं। और आज हम इसके लिए हम यह भुगतान कर रहे हैं। हमारा गांव और ज्यादा रहने लायक नहीं रह गया है। हमारे अपने प्रियजन इसमें मर रहे हैं।बहरहाल चमोली मे रेस्क्यू ऑपरेशन जारी हैं। अब तक 67 शव मिल चुके हैं। चमोली की डीएम स्वाति एस भदौरिया ने डाउन टू अर्थ से बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन कब तक चलेगा कह नहीं सकते। काफी जटिल मलबा एनटीपीसी के टनेल में है जिसे धीरे-धीरे निकाला जा रहा है।




# उड़ीसा : पोस्को के बाद जेएसडब्ल्यू की पर्यावरण मंजूरी एनजीटी ने की निलंबित

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दक्षिण कोरियाई कंपनी पोस्को की तरह एक बार फिर उड़ीसा में जेएसडब्ल्यू समूह के 65 हजार करोड़ रुपए के मेगा इंटीग्रेटड प्रोजेक्ट को दी गई पर्यावरण मंजूरी को निलंबित कर दिया है। एनजीटी की पूर्वी जोन स्थित पीठ ने अपने विस्तृत आदेश में कहा 卐हम सचेत हैं कि परियोजना में अत्यधिक निवेश शामिल है लेकिन सतत विकास के सिद्धांतों को अनदेखा नहीं किया जा सकता है।प्रफुल्ल समंतारा व अन्य बनाम भारत सरकार व अन्य के मामले की सुनवाई में यह आदेश 20 मार्च, 2023 को दिया गया है। एनजीटी के चेयरपर्सन जस्टिस आदर्श कुमार गोयल, ज्यूडिशयल मेंबर सुधीर अग्रवाल, बी अमित स्थालेकर और एक्सपर्ट मेंबर डॉक्टर ए सेंथिल वेल की पीठ इस मामले की सुनवाई कर रही थी।पीठ ने कहा सबसे अहम मामला जनसुनवाई का है, इसके अलावा परियोजना का प्रदूषित स्थान के नजदीक होना, जेटी को बिना जरुरत (पारादीप) पोर्ट के पास रखा गया है, साथ ही महानदी से बड़ी मात्रा में पानी का लिया जाना न सिर्फ पीने के पानी का संकट खड़ा कर सकता है बल्कि नदी के प्रवाह को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में इन बात की चिंता की जानी चाहिए। एनजीटी ने कहा कि जब पोस्को के जरिए परियोजना की जमीन छोड़ी गई थी उस वक्त 30 दिसंबर, 2012 को ट्रिब्यूनल के जरिए विस्तृत फैसला सुनाया गया था। उन पहलुओं को ध्यान में नहीं रखा गया। पोस्को को पर्यावरण मंजूरी देते हुए जो भी शर्ते रखी गई थीं उन शर्तों को नई परियोजनाओं में रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा मामले में एक्सपर्ट अप्रैजल कमेटी के जरिए एक ताजा आकलन और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के जरिए ताजा निर्णय की जरूरत है। ऐसे में फ्रेश अप्रैजल और निर्णय के लिए इस मामले को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के पास भेजा जा रहा है। वह उपयुक्त चिंताओं को ध्यान में रखते हुए तीन महीनों में निर्णय लेंगे।

पीठ ने कहा कि निर्णय लेने तक पर्यावरण मंजूरी निलंबित रहेगी।

11 अप्रैल, 2022 को 13.2 एमटीपीए क्रूड स्टील क्षमता वाली ग्रीनफील्ड इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट (आईएसपी परियोजना) और इसके साथ 10 एमटीपीए क्षमता वाले सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट और 900 मेगावाट कैप्टिव पावर प्लांट को पर्यावरण मंजूरी दी गई थी। इसके एक दिन बाद 12 अप्रैल, 2022 को उड़ीसा के जगतसिंहपुर जिले में पारादीप पोर्ट के पास जाताधारी मुहान नदी पर 52 एमटीपीए क्षमता वाले जेटी प्रोजेक्ट को पर्यावरण मंजूरी दी गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि इन दोनों मंजूरी में न ही जनसुनवाई की गई और न ही इस इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट के लिए जरूरी क्युमेलेटिव इंपैक्ट एसेसमेंट (सीआईए) किया गया। बल्कि कॉमन ईआइए के जरिए ही पर्यावरण मंजूरी दे दी गई।

याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि आईएसपी प्रोजेक्ट ए कटेगरी का प्रोजेक्ट है जो कि ईआईए अधिसूचना, 2006 के 3 (ए) श्रेणी यानी मेटलर्जिकल इंडस्ट्रीज की श्रेणी में आता है। साथ ही बाढ़ संभावित निचली भूमि पर स्थित किया जाना है। इसके लिए प्लांट को 1206 हेक्टेयर जमीन की जरूरत होगी इसमें से सिर्फ 136.47 हेक्टेयर नॉन फॉरेस्ट लैंड है जबकि 1069.53 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड है। इस जमीन में मैंग्रोव, सैंड ड्यून्स, और मिट्टी के मकान मौजूद हैं। इस परियोजना के लिए बनाया गया कॉमन ईआईए पर सवाल नवंबर 2021 और जनवरी 2022 में उठा जबकि कंपनी का दावा है कि इसके लिए जनसुनवाई 2019 दिसंबर में ही कर ली गई और सारे मटेरियल डिस्कलोजर पब्लिक हियरिंग में किए गए। और इस बिंदु पर पर्यावरण मंजूरी देने वाले एक्सपर्ट अप्रैजल कमेटी (ईएसी) ने कोई सवाल भी नहीं उठाया। परियोजना को पर्यावरण मंजूरी 53वें पुर्नगठित एक्सपर्ट अप्रैजल कमेटी की ओर से दी गई थी।

कंपनी ने अपने पक्ष में कहा था कि इस परियोजना के लिए कॉमन ईआइए की ही ज रूरत है। और सभी आरोप निराधार हैं। कंपनी ने बताया था कि उनकी परियोजना से केंद्र और राज्य सरकार को 13 वर्षों में कर और रोजगार के रूप में 5000 करोड़ रुपए का फायदा होगा। बहरहाल एनजीटी ने इन दलीलों को निराधार पाया और ईसी को ताजे निर्णय तक निलंबित ही रहने का आदेश दिया है।

# आईपीएल के शुरुआती हिस्से में उपलब्ध नहीं होंगे चोटिल रजत पाटीदार

एजेंसी। नई दिल्ली

**रॉयल** चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के शीर्ष क्रम बल्लेबाज रजत पाटीदार का एड़ी की चोट के कारण आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चरण के शुरुआत (पहले हाफ) में खेलना संदिग्ध है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय पाटीदार इस समय बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

वहीं आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की टूर्नामेंट में भागीदारी को लेकर भी गंभीर संदेह बना हुआ है क्योंकि वह एचिलस टेंडनाइटिस से उबर रहे हैं। इससे

## हेजलवुड का खेलना भी संदिग्ध के घेरे में

फॉफ डु प्लेसिस की अगुआई वाली टीम की आगामी चरण शुरू होने से पहले चिंताएं बढ़ गई हैं। 32 वर्षीय हेजलवुड को पिछले साल 7.75 करोड़ रूपए में लिया गया था। जहां तक पाटीदार का संबंध है तो रिपोर्ट के अनुसार उन्हें अगले तीन हफ्ते तक आराम की सलाह दी गई है जिसके बाद उनका एमआरआई स्कैन ही आईपीएल के दूसरे हाफ में उनकी भागीदारी तय करेगा। पिछले सत्र में आरसीबी के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे पाटीदार को शिविर जुड़ने से पहले चोट लग गई थी और उन्हें टीम में शामिल होने के लिए एनसीए





से हरी झंडी की जरूरत होगी। पाटीदार को पिछले साल नीलामी में नहीं चुना गया था लेकिन वह सत्र के बीच में विकेटकीपर लवनीत सिसोदिया के चोटिल होने के कारण उनकी जगह टीम में आए थे। इसके बाद पाटीदार ने एलिमिनेटर में टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज शतक जड़ा था। वह आरसीबी के लिए डुप्लेसिस और विराट कोहली के बाद तीसरे सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी भी रहे थे।

## पंजाब किंग्स को बड़ा झटका, स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो चोटिल

**नई दिल्ली।** आईपीएल शुरू होने से पहले ही पंजाब किंग्स को बड़ा झटका लग गया है। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज और पंजाब किंग्स के बैटर जॉनी बेयरस्टो घुटने की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए है। उनकी जगह पंजाब टीम ने ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉट को बुलाया है। पंजाब किंग्स ने बीसीसीआई के माध्यम से इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड से कई बार चोट पर अपडेट लेने की कोशिश की। अब ईसीबी है कि बेयरस्टो आईपीएल नहीं खेल पाएंगे। सितंबर 2022 में बेयरस्टो अपने दोस्तों के साथ गोल्फ खेलते-खेलते चोटिल हो गए थे। यह चोट उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले आई थी। गोल्फ कहले के दौरान वे फिसला गए थे। इस कारण उनके फाइबुला में कई फैक्चर हो गए, जिसके लिए कुछ दिनों बाद सर्जरी के दौरान एक प्लेट डालने की जरूरत थी। इस हफ्ते, बेयरस्टो ने यॉर्कशायर नेट्स में बल्लेबाजी का अभ्यास शुरू किया है। वे इस समय काउंटी चैंपियनशिप में कुछ गेम्स खेलेंगे। बल्लेबाजी के साथ विकेट कीपिंग पर भी उनका फोकस रहेगा। ईसीबी चाहता है कि बेयरस्टो टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो जाए।

## सात्विक चिराग ने स्विस ओपन खिताब जीता

एजेंसी। बासेल



**भारत** के सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने चीन के रेन शियांग यू और तान कियांग को हराकर स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन पुरुष युगल खिताब जीत लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2022 कांस्य पदक विजेता दूसरी वरीयता प्राप्त भारत जोड़ी ने दुनिया की 21वें नंबर की जोड़ी को 54 मिनट में 21-19, 24-22 से हराया।

भारत के लिए सत्र का यह पहला खिताब है। पिछले सप्ताह ही सात्विक और चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थी। भारतीय जोड़ी के लिए यह पांचवां विश्व टूर खिताब है जिन्होंने पिछले साल इंडिया ओपन और फ्रेंच ओपन भी जीता था।

इससे पहले 2019 में थाईलैंड ओपन और 2018 में हैदराबाद ओपन जीता था। सात्विक और चिराग ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

# गुजरात टाइटन्स प्रबल दावेदार के रूप में करेगी आईपीएल में प्रवेश

### प्रदर्शन के तौर पर अंक तालिका में 20 अंक के साथ टीम शीर्ष पर है

आईपीएल 2023

एजेंसी। मुंबई

**हार्दिक** पंड्या की अगुआई में पिछले साल अपने पदार्पण में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल कर चुकी गुजरात टाइटन्स आगामी चरण में सभी सही कदम उठाने के प्रदर्शन को दोहराने के लक्ष्य से खेलने उतरेगी।

गुजरात टाइटन्स की टीम सिर्फ आईपीएल 2022 की ट्राफी उठाने वाली सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बनी बल्कि उसने सभी प्रतिस्पर्धी टीमों में अपनी योजना का बेहतरीन ढंग से कार्यान्वयन किया। टीम ने 14 में से 10 लीग मैच जीते, अंक तालिका में 20 अंक लेकर शीर्ष पर रही। आईपीएल की खिताबी जीत के बाद पंड्या के कद में इजाफा हुआ जिन्हें भारतीय टीम का टी-20 अंतरराष्ट्रीय में स्थाई कप्तान बना दिया और वनडे में जिम्मेदारी दी गई जबकि उनके युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी अपने प्रदर्शन से खुद को इतना स्थापित कर दिया कि तीन में से दो अंतरराष्ट्रीय प्रारूपों मे उनका चयन निश्चित हो गया।

पंड्या और गिल दोनों ने गुजरात टाइटन्स के लिए बल्ले से दमदार प्रदर्शन दिखाया जिसमें दोनों ने 487 और 483 रन बनाए और अपनी टीम के सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। वहीं मोहम्मद शमी (20 विकेट) और राशिद खान (19 विकेट) गेंद से उनके मुख्य मारक गेंदबाज रहे। गुजरात टाइटन्स को अपने तेज गेंदबाज लोकी फर्ग्यूसन को जाने देना पड़ा लेकिन उनकी अनुपस्थिति से उनकी गेंदबाजी कमजोर नहीं होगी, जिसमें आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल, वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसफ, शिवम मावी, यश दयाल और कुछ और गेंदबाज शामिल हैं।



### टीम के मजबूत पक्ष पर सबकी नजर

**खिलाड़ियों** के बीच अच्छा तालमेल बनाने के लिए पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज आशीष नेहरा की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ को श्रेय दिया जाना चाहिए, विशेषकर खिलाड़ियों की भूमिका को लेकर स्पष्टता के लिए जो सबसे अहम था। आगामी सत्र की तैयारी के दौरान टीम के अनियमित सदस्य मावी और आर साई किशोर ने बताया कि पिछले साल टीम के सफल अभियान में सबसे बड़ा कारण यही था कि खिलाड़ी अपनी भूमिकाएं जानते थे जिससे उन्होंने रणनीति के अनुसार खेल दिखाया। शीर्ष पर गिल की विस्फोटक बल्लेबाजी के अलावा गुजरात के पास पंड्या, बी साई सुदर्शन, मैथ्यू वेड, ऋद्धिमान साहा, डेविड मिलर और राहुल तेवतिया के रूप में काफी अच्छे बल्लेबाज मौजूद हैं जो तेज तर्रार खेल दिखा सकते हैं।

GUJARAT TITANS

### कमजोर पक्ष की ओर भी ध्यान देने की जरूरत

**कागज** पर देखें तो टीम ने पिछले सत्र के कमजोर पक्ष की भरपाई कर ली है। टीम की बेंच स्ट्रेंथ इतनी मजबूत नहीं थी, मावी ने दावा किया था कि गुजरात टाइटन्स ने इसक समाधान ढूंढ लिया है। उदाहरण के तौर पर अगर पंड्या चौथे नंबर पर पारी को संभालने वाले खिलाड़ी थे तो अब उनके पास विलियमसन के रूप में एक और अच्छा विकल्प मौजूद है। टीम को भले ही फर्ग्यूसन के रूप में एक अदद तेज गेंदबाज और डेथ ओवर में उनकी पैनी गेंदबाजी की कमी खले, लेकिन यह बड़ी चिंता का विषय नहीं होना चाहिए क्योंकि उनके पास अब काफी विकल्प मौजूद हैं। साथ ही यहां पर योजना के अनुसार खेल दिखाना अहम होगा।

## भवानी देवी ने स्वर्ण अपने नाम किया

**पुणे।** ओलंपियन भवानी देवी ने 33वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में महिलाओं के व्यक्तिगत साबरे वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भवानी की टीम तमिलनाडु ने महिलाओं के टीम वर्ग में भी केरल को 45 . 34 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

महिलाओं के व्यक्तिगत वर्ग में भवानी देवी ने केरल की वी सन्नी अलका को 15 . 9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले उन्होंने पंजाब की जगमीत कौर को 15 . 11 से हराया था जबकि वी सन्नी अलका ने हरियाणा की आखिरी को 15-9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। सीनियर महिला फॉइल वर्ग में केरल की राधिका अवाती ने स्वर्ण पदक जीता।

पुरुषों के फॉइल वर्ग में मणिपुर के हेमाश सनासम ने एसएससीबी के इस्माइल खान को 13-12 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

# पंत को पूरी तरह से ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए: गांगुली

एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली का कहना है कि भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की कवायद शुरु करने से पहले अपनी चोटों से पूरी तरह ठीक होने के लिए पूरा समय लेना चाहिए।

पिछले साल दिसंबर में पंत एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। इस समय वह अपनी चोटों के उपचार के बाद उबरने की प्रक्रिया में हैं। पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने विकेटकीपर बल्लेबाज की कमी महसूस करेगी। पिछले कुछ सत्र से पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रहे हैं। गांगुली इस टीम से क्रिकेट निदेशक के तौर पर जुड़े हैं।

गांगुली ने आईपीएल फ्रेंचाइजी द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि राष्ट्रीय टीम को भी उनकी कमी खल रही है। वह युवा है और उसके करियर में काफी समय बचा है। वह विशेष खिलाड़ी है और उसे पूरी तरह ठीक होने के लिए अपना पूरा समय लेना चाहिए। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और मैं उससे मिलूंगा भी। गांगुली आईपीएल 2023 चरण से पहले अरूण जेटली स्टेडियम में टीम के सत्र पूर्व शिविर के दौरान सभी खिलाड़ियों की फिटनेस पर नजर लगाए हैं। डेविड वॉर्नर (इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान) के बारे में पूछने पर गांगुली ने कहा, डेविड वॉर्नर टीम की अगुआई के लिए उत्सुक हैं, वह शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने काफी रन बनाए हैं और वह काफी अनुभवी भी हैं।



# भारतीय भारोत्तोलकों ने दो कांस्य पदक जीते

विश्व युवा चैम्पियनशिप

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** भारोत्तोलक धनुष लोगानाथन और ज्योश्ना साबर ने अल्बानिया के डुरेस में चल रही आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन अपने वजन वर्गों में कांस्य पदक जीते। महिलाओं के 40 किग्रा वजन वर्ग में हिस्सा ले रहीं 14 वर्षीय ज्योश्ना ने शनिवार की रात कुल 115 किग्रा (स्नैच में 53 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 62 किग्रा) का वजन उठाकर तीसरा स्थान हासिल किया।



ज्योश्ना ने स्नैच वर्ग में रजत पदक जीता लेकिन वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में सात भारोत्तोलकों में छठे स्थान पर थीं। वहीं धनुष ने पुरुषों की 49 किग्रा स्पर्धा में कुल 200 किग्रा (88 किग्रा और 112 किग्रा) का वजन उठाया जिससे वह फिलीपींस के प्रिंस के. डेलोस सांतोस और इरोन बोरेस से पीछे तीसरे स्थान पर रहे। इस 16 वर्षीय भारोत्तोलक ने स्नैच वर्ग में रजत पदक जीता। युवा चैम्पियनशिप में 13 से 17 वर्ष के भारोत्तोलक हिस्सा ले सकते हैं।

महाद्वीपीय और विश्व चैम्पियनशिप में स्नैच, क्लीन एवं जर्क तथा कुल वजन वर्ग में पदक अलग अलग दिए जाते हैं लेकिन ओलंपिक खेलों में कुल वजन वर्ग के लिए केवल एक पदक दिया जाता है।



# सामरा ने 50 मीटर 3पी स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया

### अंजुम नहीं कर सकीं प्रभावित

एजेंसी। भोपाल

**भारत** की उभरती हुई निशानेबाज सिफ्ट कौर सामरा ने रविवार को यहां आईएसएसएफ राइफलापिस्टल विश्व कप में प्रेरणादाई प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा का कांस्य पदक अपने नाम किया जो उनका सीनियर स्तर पर दूसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है।

चीन ने रविवार को भी अपना दबदबा बनाए रखा जिसमें झांग कियोंगयुवे ने इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन सामरा ने रैंकिंग में कुल 403.9 अंक से तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं





झांग 414.7 अंक से पहले और चेक गणराज्य की अनेता ब्राबकोवा ने 411.3 अंक से दूसरे स्थान से खिताबी दौर में पहुंची। इसमें झांग ने चेक गणराज्य की प्रतिद्वंद्वी को 16-8 से पराजित किया। सामरा ने पिछले साल चीन के चांगवान में विश्व कप में कांस्य पदक जीता था। सभी की निगाहें एयर राइफल में विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता अंजुम मौदगिल के 3पी स्पर्धा के शुरुआती दौर में प्रदर्शन पर लगी थीं। लेकिन सामरा ने बाजी मारी, उन्होंने सभी तीन पाजिशंस में शानदार सीरीज से क्वालीफिकेशन दौर में 588 अंक से दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। अंजुम 583 के स्कोर से 17वें स्थान पर रहीं।

## निकहत, लवलीना ने विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीते

एजेंसी। नई दिल्ली

**शीर्ष** भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने रविवार को यहां दूसरा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीता जबकि लवलीना बोरगोहेन ने कांस्य का सिलसिला तोड़ते हुए पहली बार पीला तमगा अपने नाम किया। निकहत ने 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में वियतनाम की एनगुएन थि ताम पर 5-0 से जीत दर्ज कर लाइट फ्लाईवेट खिताब अपने नाम किया। वहीं दो बार की कांस्य पदक विजेता लवलीना ने आस्ट्रेलिया की कैटलिन पारकर को 5 . 2 से मात दी।

इस जीत से निकहत महान मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम (छह बार की विश्व चैम्पियन) के बाद दो बार यह प्रतिष्ठित खिताब जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गईं। निकहत ने पिछले सा 52 किग्रा वजन वर्ग में खिताब जीता था। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैं दूसरी बार विश्व चैम्पियन बनी,विशेषकर ओलंपिक वजन वर्ग में। दोनों एशियाई मुक्केबाजों के बीच दिन का शुरूआती मुकाबला रोमांचक रहा। निकहत ने कहा, आज का मुकाबला मेरे लिए कठिन था, वह एशियाई चैम्पियन है और मेरा अगला लक्ष्य एशियाई खेल हैं और मैं उससे भिड़ सकती हूं इसलिए मैं कड़ी मेहनत करूंगी। उन्होंने कहा, मुकाबले में उसे और मुझे चेतावनी और काउंट मिली। लेकिन मैं विजेता बनी। निकहत अपने 52 किग्रा वजन वर्ग से कम वजन वर्ग में खेलीं, वह पहले थोड़ी सुस्त दिखी क्योंकि ताम ने पहले आक्रमण किया। लेकिन कुछ सेंकेंड बाद घरेलू प्रबल दावेदार ने हमले तेज कर दिए जिसके बाद उन्होंने दाईं ओर दो हुक और फिर सीधे मुक्का जड़ा।

# विराट का जुनून पसंद है, उनके साथ बल्लेबाजी करना शानदार था: गेल

एजेंसी। नई दिल्ली

**वेस्टइंडीज** के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल ने भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के जुनून और उनके काम करने के तरीके की प्रशंसा करने साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) में खेलने के दौरान दोनों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा को याद किया।

गेल और कोहली ने आईपीएल में कई सत्र एक साथ बिताए जिसमें वे प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों पर हावी रहते और चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का मनोरंजन करते जिसमें वे कम से कम 10 शतकीय भागीदारियां निभा चुके हैं। गेल ने कहा, विराट के साथ बल्लेबाजी करना शानदार था। मुझे उनका खेल के प्रति जुनून बहुत पसंद है। मुझे उनका जुनून, उनका काम करने का तरीका पसंद है, यह शानदार है।



आपको इसके लिए उन्हें श्रेय देना होगा और वह अपने प्रदर्शन से इसे दर्शाना चाहता है। जियो सिनेमा पर उपलब्ध माई टाइम विद विराट एपिसोड में गेल ने कोहली के साथ ड्रेंसिंग रूम साझा करने के अनुभवों के बारे में बात की। गेल ने कहा, विराट और अन्य खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना हमेशा ही खुशनुमा रहा है।

मैंने हमेशा आनंद उठाया है, डांस किया है और इसी तरह की चीजें हुई हैं। आरसीबी अपने पूर्व खिलाड़ियों गेल और एबी डिविलियर्स को फ्रेंचाइजी में उनके योगदान के लिए सम्मानित कर रही है।

# जिस तरह से शुभमन गिल खेल रहा है, उसे खुद पर तरजीह दूंगा : धवन



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेटर शिखर धवन ने कहा कि पिछले कुछ समय में शुभमन गिल की बल्ले से फॉर्म को देखते हुए वह राष्ट्रीय टीम में शामिल करने के लिए इस युवा क्रिकेटर को खुद पर तरजीह देंगे। गिल इस सत्र में तीनों प्रारूपों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपना स्थान लगभग पक्का कर लिया है जबकि धवन फॉर्म में गिरावट के कारण इस दौड़ में पिछड़ गए हैं।

गिल ने इस साल सभी तीनों प्रारूपों में शतक जड़ चुके हैं जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में एक दोहरा शतक और अहमदाबाद में ड्रॉ रहे चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ एक शतक शामिल है। वहीं 167 वनडे के अनुभवी धवन घरेलू सरजमीं पर होने वाले वनडे विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो वह मौजूदा फॉर्म को देखते हुए 23 साल के खिलाड़ी गिल को ही चुनेंगे।

### गिल इस सत्र में तीनों प्रारूपों में शानदार फॉर्म में चल रहे हैं

धवन ने आज तक से कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से शुभमन खेल रहा है। वह दो प्रारूपों में खेल रहा था और टेस्ट और टी-20 में अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। वह अंतरराष्ट्रीय सर्किट में ज्यादा मैच खेल रहा था जबकि मैं नहीं। अगर मैं चयनकर्ता होता तो मैं निश्चित रूप से शुभमन को मौका देता। शिखर के बजाय शुभमन को चुनता। धवन ने साथ ही कहा कि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने पहले उनका समर्थन किया था और उन्हें वनडे विश्व कप पर ध्यान लगाने के लिए कहा था लेकिन उनकी फॉर्म में गिरावट के साथ गिल के शानदार प्रदर्शन करने से उन्होंने टीम में अपना स्थान गंवा दिया।

धवन ने कहा, जब रोहित ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी, उन्होंने और राहुल ने मुझे कहा कि मैं अपना ध्यान सिर्फ क्रिकेट पर लगाए रखूं और अगले विश्व कप तक मेरा लक्ष्य यही होना चाहिए। उन्होंने कहा, 2022 मेरे लिए बहुत अच्छा रहा, मैं वनडे में निरंतर था। लेकिन यह युवा खिलाड़ी (गिल) दो प्रारूपों में अच्छा कर रहा था और जब एक या दो श्रृंखलाओं में मेरी फॉर्म में गिरावट आई तो उन्होंने शुभमन को मौका दिया और वह उम्मीदों पर खरा उतरा। धवन ने कहा, हम इस तरह के हालात के आदी हैं। जब ईशान किशन ने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा तो एक पल के लिए मुझे लगा कि मैं टीम से बाहर हो सकता हूं। यह क्रिकेट में नया नहीं है। या यह सिर्फ मेरे साथ हुआ हो, कई और भी इस तरह की स्थिति का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा, जब एक कप्तान, कोच और चयनकर्ता फैसला करते हैं तो वे इस पर काफी सोच विचार करते हैं।

## कोको गॉफ मियामी ओपन के तीसरे दौर में हारीं

**मियामी गार्डन्स** (फ्लोरिडा)। छठी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया पोटापोवा से हार का सामना करना पड़ा। उन्नीस साल की गॉफ ने एक गेम की बढ़त गंवा दी और कई गलतियां की जिससे पोटोपावा 6-7, 7-5, 6-2 से जीत दर्ज करने में सफल रही। गॉफ ने ढाई घंटे से ज्यादा समय तक चले मुकाबले के दौरान 34 सहज गलतियां की। पोटापोवा अब चौथे दौर में झेंग किनवेन के सामने होंगी जिन्होंने लियूडमिला सैमसोनोवा को 5-7, 7-6, 6-3 से पराजित किया।

